
हिन्दी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
www.ksnewsupdates.com धनबाद, मंगलवार, 24 सितम्बर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 173, मूल्य : 2 रूपए धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news



## संक्षिप्त ख़बरें

### महिला ने पौधा तोड़ने के आरोपी बच्चे को जंजीर से बांधकर पीटा

बेगूसराय (ईएमएस)। बिहार के बेगूसराय में छोटा सा पौधा तोड़ने पर एक नाबालिग की खंभे से बांधकर बेरहमी से पिटाई की गई। आरोपी महिला और उसके परिजन फरार हैं। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें बच्चा अपने परिजनों के पास बेहोशी की हालत में घटनास्थल पर दिखाई दे रहा है। उसके पैर में जंजीर बंधी है।यह मामला बखरी थाना क्षेत्र के सोनमा पंचायत का है। इस वीडियो के सामने आते ही एसपी ने मामले का संज्ञान लिया। फिर थाने में पिटाई करने वाली दबंग महिला और उसके बच्चों के खिलाफ केस दर्ज किया और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।बताया जाता है कि सोनमा गांव में महोगनी का एक पौधा तोड़ने के आरोप में 14 वर्षीय एक बच्चे को पत्नी ने पकड़ लिया और अपने बेटे और बेटियों के साथ मिलकर लड़के के पैर में जंजीर बांधकर ताला लगा दिया। यही नहीं हाथ पीछे कर खंभे में बांधकर पिटाई कर दी। बच्चे की पिटाई की सूचना मिलते ही बच्चे के परिजन पहुंचे और किसी तरह महिला के चंगुल से बच्चे को छुड़ाया। गंभीर घायल बच्चे का पीएचसी में इलाज कराया। पिटाई के कारण बच्चा बार-बार बेहोश हो रहा था।बताया जाता है कि आरोपी दबंग महिला है और आसपास के लोगों को हमेशा डरा धमका कर रखती है। इस संबंध में एसपी ने कहा कि महोगनी का पौधा तोड़ने के आरोप में 14 साल के बच्चे को जंजीर से बांध कर पिटाई की गई है। इस मामले में थाने में केस दर्ज कर लिया है। आरोपी महिला और उसके दो बच्चों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। हालांकि आरोपी का परिवार फरार है।

### प्रॉपर्टी डीलर की हत्या में मुख्य लाइनर गिरफ्तार

पटना (ईएमएस)। पटना के फुलवारी शरीफ एम्स के नजदीक प्रॉपर्टी डीलर सुर्दशन हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य लाइनर को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या से पहले उसने शूटरों को कारोबरी की पहचान कराई थी। तभी मोटरसाइकिल से आए अपराधियों ने गोलियों से भून डाला था। अब पुलिस मुख्य शूटर की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि मास्टरमाइंड के गिरफ्तार होने के बाद मुख्य शूटर की गिरफ्तारी होगी। गिरफ्तार मुख्य लाइनर का नाम मुकेश बताया जा रहा है। जो दानापुर के मानपुर का रहने वाला है।दरअसल विक्रम के दतियाना निवासी प्रॉपर्टी डीलर की अपराधियों ने 13 सितंबर को एम्स के पास गोली मारकर हत्या कर दी थी। फिर उसकी पत्नी ने फुलवारी शरीफ थाने में 3 अज्ञात अपराधियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। परिजनों का कहना है कि हत्या भूमि विवाद के कारण सुपारी देकर कराई गई थी। इसके लिए मास्टर माइंड मुकेश ने हत्यारों को बुला कर अपने घर में कई दिनों तक रखा था। जब मुकेश के मां-पिता ने जब इसका विरोध किया तो हत्यारों को कुछ दूरी पर अपने एक दोस्त के यहां ठहरा दिया। हत्या के पीछे जमीन का विवाद बताया जाता है। घटना के बाद पुलिस को पता चला कि हत्या की सुपारी सगुना निवासी मुकेश ने दी थी। मुकेश ने हत्या के लिए अपराधियों को बुला कर अपने घर में भी रखा था।

### मछली पकड़ने गए युवक की हत्या

पटना (ईएमएस)। बिहार की राजधानी पटना से सटे बिहटा थाना क्षेत्र के अमनाबाद सोन नदी घाट के पास मछली पकड़ने गए युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान एक गांव निवासी अमरजीत के रूप में हुई है।इस घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद बिहटा की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। इस घटना की जानकारी पटना एफएसएल टीम को भी दी है।मिली जानकारी के अनुसार मृतक अमरजीत अपने गांव के साथियों के साथ बीती रात अमनाबाद सोन घाट पर मछली पकड़ने गया था। इसी दौरान सोन नदी घाट पर गोली चली जिससे एक गोली अमरजीत के शरीर में लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अमरजीत की शादी इसी साल अप्रैल माह में हाजीपुर में हुई थी। मौत के बाद पत्नी का भी रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल गांव में मातम पसरा है। इस मामले पर बिहटा थानाध्यक्ष ने कहा कि अमनाबाद गांव निवासी अमरजीत सोन घाट पर मछली पकड़ने गया था। अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है।

### निर्माणाधीन पुल का हिस्सा गिरने पर राजद ने उठाए सवाल

पटना (ईएमएस)। यहां बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु पर निर्माणाधीन पुल के संपर्क पथ का स्पैन गिर गया। राजद ने इस पर सवाल उठाया है। राजद के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता ने कहा है कि करोड़ों रुपए की लागत से यह पुल बन रहा है। सीएम व भाजपा मंत्री और अधिकारियों के साथ न जाने कितनी बार इसका निरीक्षण किया होगा। फिर भी भ्रष्टाचार के सबूत यहां छोड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में पुलों पर चलना खतरे से खाली नहीं है। वहीं राजद के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा ने तेजस्वी पर निशाना साधा है।सुल्तानगंज का पुल कई बार गिरा जो ड्रीम प्रोजेक्ट है। भ्रष्टाचार प्रशासन के रग-रग में है। यह विभाग भाजपा के पास भी रहा है। सीएम नीतीश कुमार बेमेल गठबंधन में रहकर भाजपा को बचा रहे हैं। यह भ्रष्टाचार का संस्थागत प्रमाण है। कोई ऐसा डिपार्टमेंट नहीं है। जहां भ्रष्टाचार न हो रहा हो। सीएम नीतीश कुमार मुंह में दही जमाए बैठे हैं। कुछ बोल नहीं रहे हैं। बिहार में सब कुछ अटपटा है। अब विश्वास ही नहीं है कि कोई पुल इनके कार्यकाल में सुरक्षित है। पुलों पर चलना खतरे से खाली नहीं है। वहीं भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के युवराज भी इस विभाग के मंत्री रहे हैं। यह हमें नहीं भूलना चाहिए। भ्रष्टाचार हुआ है तो इस पर निगरानी है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। इन भ्रष्टाचारियों को किनका संरक्षण मिलता रहा है। यह देखा जा रहा है।

### छात्राओं के आरोपों पर हुई जांच

सीवान (ईएमएस)। यहां महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय स्थित पैरामेडिकल कॉलेज सह जीएनएम कॉलेज में छात्राओं के कई आरोपों पर जिला अधिकारी के निर्देश पर बीडीओ, सीओ, और एसडीपीओ की टीम ने जांच की। कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन के दौरान छात्राएं बेहोश हो गईं थीं। अब तीनों की स्थिति सामान्य है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।छात्राओं ने कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं की कमी और प्रिंसिपल पर अवैध उगाही के आरोप लगाये हैं। उनका कहना है कि कभी प्रैक्टिकल तो कभी ड्रेस के नाम पर हमसे पैसे लिए जाते हैं। जो 10 हजार रुपये तक पहुंच जाते हैं। छात्राओं ने प्रिंसिपल पर एक भी कक्षा न लेने का आरोप लगाया और कहा कि हॉस्टल में पानी, वाई-फाई और सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। यहां पढ़ाई की गुणवत्ता भी बेहद खराब है। प्रिंसिपल इस मामले में मीडिया के सामने कुछ नहीं बोल पाईं।

### युवा महोत्सव के इच्छुक युवाओं से आवेदन आमंत्रित

आरा (ईएमएस)। यहां राष्ट्रीय युवा महोत्सव में बिहार की सहभागिता के लिए कलाकारों के चयन के लिए जिला स्तरीय युवा उत्सव की तैयारियां चल रही हैं। यह आयोजन 28 सितम्बर व 29 सितम्बर को होगा।कला, संस्कृति व युवा विभाग, पटना ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय युवा महोत्सव के आयोजन में भाग लेने के लिए इच्छुक युवाओं से आवेदन मांगे हैं। युवा उत्सव से चयनित प्रथम स्थान प्राप्त कलाकार व दल की सहभागिता, राज्य स्तर के युवा उत्सव में होगी। जिला उत्सव (जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर) के लिए प्रतियोगिता वर्ग का मापदंड तय है। 15-29 आयु वर्ग तक के प्रतिभागियों को आयु प्रमाण पत्र के आधार पर ही प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में शामिल करेंगे।

### शराब तस्कर गिरफ्तार

भागलपुर (ईएमएस)। यहां पुलिस ने बांका की तरफ से आ रहे बाइक सवार को रोका। युवक देसी शराब लेकर भागलपुर मुख्यालय की तरफ जा रहा था। शराब की खेप तस्कर को जीरो माइल पहुंचाना था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बाइक सवार युवक प्लास्टिक के बोरे में शराब लेकर आ रहा है। फिर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए वाहन चेकिंग अभियान चलाना शुरू किया। वाहन जांच के लिए जब युवक को रोका और तलाशी ली तो शराब मिली। पुलिस ने उनके पास 190 पाउच देसी शराब बरामद की है। मौके से पुलिस ने एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार युवक की पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर निवासी ठाकुर के पुत्र प्रेम के रूप में हुई है। इसबीच पुलिस ने एक महिला प्रमिला को भी दो बोतल महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और दोषियों को गिरफ्तार करेंगे।

# भागलपुर से आने-जाने वाले यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं, बंद है कई ट्रेनों का परिचालन, मार्ग भी बदले



21 सितंबर को देर रात लगभग 23:45 बजे रतनपुर और बरियारपुर रेलवे स्टेशन के बीच पुल संख्या 195 के गार्डर की निचली सतह से 60 मिमी ऊपर जलस्तर बढ़ गया था, जिसके बाद रेलवे प्रशासन ने रेलखंड पर ट्रेनों के परिचालन पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी, जो अब तक जारी है। स्थिति यह है कि जमालपुर - भागलपुर रेलखंड पर आज सोमवार को भी कई ट्रेनों का परिचालन बंद रहा। रेलवे जानकारी के मुताबिक 20 ट्रेनें रद्द रही। हालांकि नजदीकी स्टेशनों से 11 ट्रेनें खुलीं, जबकि 24 ट्रेनों के परिचालन के लिए मार्ग बदल दिए गये। लगातार दूसरे दिन रेलखंड पर ट्रेनों के परिचालन बाधित होने से रेलयात्रियों को रेलवे स्टेशन पर अनेकों प्रकार की परेशानियों का सामना पड़ा रहा है।

#### सोमवार को यह ट्रेनें रही रद

भागलपुर दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस (13401), दानापुर भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस (13402), हावड़ा जमालपुर कविगुरु एक्सप्रेस (13015), जमालपुर हावड़ा कविगुरु एक्सप्रेस (13016), 13333 दुमका पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस, 13334 पटना दुमका इंटरसिटी एक्सप्रेस, 13235 साहेबगंज दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस, 13236 दानापुर साहेबगंज इंटरसिटी एक्सप्रेस, 05573 सरायगढ़ देवघर स्पेशल, 05574 देवघर सरायगढ़, 03633 देवघर जमालपुर पैसेंजर, 03634 जमालपुर देवघर पैसेंजर, 05415 साहेबगंज जमालपुर पैसेंजर, 05416 जमालपुर साहेबगंज, 03406 जमालपुर भागलपुर पैसेंजर, 05408 जमालपुर रामपुरहाट पैसेंजर, 03459 भागलपुर जमालपुर पैसेंजर, 03460 जमालपुर भागलपुर पैसेंजर, 05405 रामपुरहाट साहेबगंज पैसेंजर, 13419 भागलपुर मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, 03433/03434 जमालपुर किऊल जमालपुर पैसेंजर।

#### ये ट्रेनें हुई शार्ट टर्मिनेटेडे

13071 हावड़ा जमालपुर, 13072 जमालपुर हावड़ा,13409 मालदा टाउन किऊल इंटरसिटी एक्सप्रेस, 13410 किऊल मालदा टाउन इंटरसिटी, 15553 भागलपुर जयनगर, 15554 जयनगर भागलपुर, 03431 साहेबगंज जमालपुर मेमू पैसेंजर, 03432 जमालपुर साहेबगंज मेमू, 05407 रामपुरहाट गया पैसेंजर।

#### इन ट्रेनों के बदले गये मार्ग

13415 मालदा टाउन पटना एक्सप्रेस, 13483 बालूरघाट भटिंडा फरक्का एक्सप्रेस, 15626 अगरतला देवघर, 15625 देवघर अगरतला, 13031 हावड़ा जयनगर एक्सप्रेस, 13032 जयनगर हावड़ा, 13414 भटिंडा बालूरघाट फरक्का एक्सप्रेस,13023 हावड़ा गया एक्सप्रेस, 13024 गया हावड़ा, 03484 न्यू दिल्ली भागलपुर स्पेशल, 13242 राजेन्द्र नगर बांका एक्सप्रेस, 13241 बांका राजेन्द्र नगर, 12368 आनंदविहार भागलपुर विक्रमशिला एक्सप्रेस, 12367 भागलपुर आनंदविहार विक्रमशिला एक्सप्रेस, 12253 यशवंत पुर भागलपुर, 12349 गोड्डा नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस, 12336 लोकमान्य तिलक भागलपुर एक्सप्रेस, 14004 नई दिल्ली मालदा टाउन एक्सप्रेस, 15620 कामाख्या गया, 15657 दिल्ली कामाख्या, 15658 कामाख्या दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल, 08601 रांची भागलपुर परीक्षा स्पेशल, 08602 भागलपुर रांची परीक्षा स्पेशल, 09452 भागलपुर गांधीधाम, 22948 भागलपुर सुरत एक्सप्रेस, 13420 मुजफ्फरपुर भागलपुर एक्सप्रेस शामिल है।

#### पानी घटने के बाद ही परिचालन संभव

रेल अधिकारियों का कहना है कि जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर पानी घटने के बाद ही परिचालन शुरू किया जा सकेगा।

अभी जहां तक संभव है मार्ग बदलकर व नजदीकी स्टेशन से गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है।

## माता योगेश्वरी मंदिर में भव्य पंडाल बना होगी पूजा



पीरो (ईएमएस)। यहां के महावीर चौक पर विद्यार्थी क्लब द्वारा दुर्गा पूजा की जाती है। यहां माता योगेश्वरी का छोटा मंदिर है। जिसके बाहर भव्य पंडाल बनाया जाता है। यहां समिति के लोग चंदे पर जोर नहीं देते हैं। बल्कि जेब खर्च बचा प्रतिमा स्थापित करते हैं। पूजा- पाठ होती है।दशहरे में जेब खर्च के बचाये गये रुपयों को इकट्ठा किया जाता है। उसी से पूजा करते हैं। यह उनकी आस्था है कि जो यहां क्लब से जुड़ता है। पूजा में शामिल होता है। उसको नौकरी मिल जाती है। इसे संयोग कहें या आस्था अब तक इस कमेटी के दर्जनों स्थानों पर सरकारी नौकरी कर रहे हैं। मां की श्रद्धा में वे हर नवरात्र में छुट्टी लेकर पूजा के लिए घर जरूर आते हैं।दुर्गा पूजा के बचे रुपयों से माता योगेश्वरी का मंदिर बना दिया है। जहां अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा प्रतिष्ठापित कर पूजा होगी। इसकी तैयारियां चल रही हैं। अध्यक्ष ने कहा कि माता का मंदिर तो सज गया है। इस बार का यहां का पंडाल भी दंखने लायक होगा। कार्तिकेय की संगमरमर की प्रतिमा होगी स्थापित मंदिर में माता योगेश्वरी के साथ गणेश, लक्ष्मी, सरस्वती की प्रतिमा पहले से यहां स्थापित हैं। इस वर्ष नवरात्र में कार्तिकेय की प्रतिमा भी स्थापित हो जाएगी। जिससे माता का दरबार पूर्ण रूप से सज जाएगा। कई कलाकार बना रहे पंडाल। मंदिर परिसर को भव्यता प्रदान करने के लिए पंडाल निर्माता को पंडाल बनाने की जिम्मेवारी दी है। लाइट और साउंड का कार्य एक डीजे छोटी जगदीशपुर संभालेगा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ही विद्यार्थी क्लब के अध्यक्ष हैं। वे मां योगेश्वरी मंदिर की 24 घंटे देखरेख करते हैं। जिससे विद्यार्थियों ने उन्हे इस क्लब का अध्यक्ष बनाया है। उनका अधिकांश समय मंदिर में ही बीतता है। 100 से अधिक लोग इस क्लब से जुडे हैं।

## कानून- व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

पटना (ईएमएस)। बिहार सरकार पुलिसकर्मियों के खाली पड़े एक एक लाख 6 हजार 436 पुलिसकर्मी काम कर रहे हैं। शेष पदों पर जल्द बहाली होगी।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक के दौरान ये बातें कहीं। सीएम नीतीश ने कहा कि इससे अपराध को रोकने में मदद मिलेगी। सीएम ने कहा कि बिहार कानून- व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।दरअसल नवादा की घटना के बाद नीतीश ने कानून-व्यवस्था को लेकर अधिकारियों की बैठक बुलाई थी। बैठक के दौरान अधिकारियों से नवादा की घटना पर रिपोर्ट मांगी। सीएम नीतीश ने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि बिहार अपराध को रोकने में कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। पेट्रोलिंग भी सख्ती से करें। बैठक के दौरान सीएम नीतीश काफी सख्त दिखे। उन्होंने कहा कि काम में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की पहली जिम्मेदारी है। इसके साथ ही उन्होंने मां सीता और श्रीराम की जन्मस्थली की सीधी कनेक्टिविटी का काम जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए।

## दिन दहाड़े बीच बाजार में बदमाशों ने युवक को मारी गोली

#### सुरक्षा व्यवस्था पर लग रहा सवालिया निशान



मधुबनी, (ईएमएस)। एक बार फिर बिहार में कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। लगातार हो रहे आपराधिक घटनाओं से भय का माहौल बनता जा रहा है। इस बीच मधुबनी जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र के सिसवार बाजार में बाइक सवार बदमाशों द्वारा बीच बाजार में मसाला व्यवसायी के पुत्र को गोली मारने की घटना से हड़कंप मच गया है। दिनदहाड़े और बीच बाजार में हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है। यह घटना रविवार 22 सितंबर की दोपहर करीब एक बजे की है। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि घायल युवक नरहिया से खुटौना जा रहा था। घायल युवक का नाम शिवम कुमार (21) है और वह मसाला व्यवसायी प्रमोद साह का बेटा है। जानकारी के मुताबिक सिसवार बाजार में मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाश दिनदहाड़े खुलेआम हथियार लेकर आए और शिवम कुमार पर फायरिंग कर उससे पैसे लूटने का प्रयास करने लगे। यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि कैसे बाइक सवार तीन बदमाश बीच बाजार में गोली चला रहे हैं। मानो उन्हें कानून व्यवस्था का कोई खौफ ही नहीं है। उधर गोली मारने के बाद तीनों बदमाश फरार हो गए। घटना के बाद युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए दरभंगा के मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) रेफर कर दिया गया। बहरहाल पुलिस सीसीटीवी से अज्ञात बदमाशों की पहचान में जुटी है। गोलीबारी लूटपाट के इरादे से हुई या फिर पहले से कोई रंजिश थी, यह पुलिस जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

## बीपीएससी ने 70वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा का नोटिफिकेशन किया जारी




पटना : बिहार लोक सेवा आयोग ने 70वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। आयोग ने 70वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा में रिकॉर्ड 1957 पदों पर बहाली निकाली है। इसमें सबसे अधिक ग्रामीण विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के 393 पदों और राजस्व पदाधिकारी 287 पदों पर वैकेंसी निकली है। आयोग के अनुसार, अभ्यर्थी के 28 सितंबर से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो जाएंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर को है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बिहार के इतिहास में बीपीएससी ने सिविल सेवा के लिए इतनी बड़ी वैकेंसी नहीं निकाली थी। पिछले साल यानी 69वीं केवल 475 पदों पर वैकेंसी निकाली गई थी।

#### अध्यक्ष बोले- अभ्यर्थियों के लिए बेहतरीन अवसर

बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष परमान रवि मनु भाई ने कहा कि बीपीएससी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए बेहतरीन अवसर है। आयोग पूरी तरह से कदाचारमुक्त परीक्षा कराने के लिए प्रतिबद्ध है। अध्यक्ष ने छात्रों को आश्वस्त किया कि परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं होगी। इसकी लिए वैज्ञानिक तरीके से निगरानी रखी जाएगी। दिसंबर माह में पीटी की परीक्षा होगी। वहीं फरवरी के अंतिम सप्ताह से लेकर मार्च के पहले सप्ताह के बीच मेंस की परीक्षा ली जाएगी। अंतिम चयन की प्रक्रिया अगस्त तक पूरी होगी।

#### इस पर यूपीएससी की शैली अपनाई गई

अध्यक्ष परमार रवि मनु भाई अध्यक्ष ने कहा कि बीपीएससी इस परीक्षा में संघ लोक सेवा आयोग की शैली को अपनाया है। अब तक चार गलती पर एक अंक काटे जाते थे। लेकिन, इस परीक्षा में तीन गलती पर एक अंक काटे जाएंगे। पीटी में एक-एक नंबर के कुल 150 प्रश्न होंगे। यह परीक्षा दो दिन चलेगी। इसका पैटर्न पिछली यानी 69वीं की तरह ही होगा।

### मुजफ्फरपुर में सियार का आतंक जारी

मुजफ्फरपुर : मुजफ्फरपुर जिले में सियार का आतंक एक बार फिर से बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला जिले के मनियारी थानाक्षेत्र का है, जहां तीन-चार सियारों के झुंड ने एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। घटना मेथरापुर मोहम्मदपुर पंचायत की है, जहां पंचम सिंह (48) नामक व्यक्ति पर सियारों ने हमला बोल दिया और उनकी उंगली चबा डाली। इस हमले के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, घटना के समय पंचम सिंह अपने खेत में पटवन का काम कर रहे थे। अचानक सियारों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वह घबरा गए और भागने का प्रयास करने लगे। हालांकि, सियारों ने उन्हें घेर लिया और हमला कर दिया। पंचम सिंह ने अपनी जान बचाने के लिए लाठी-डंडे से सियारों को खदेड़ने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी उंगली चबाई जा चुकी थी। घटना के बाद घायल पंचम सिंह को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है और लोग सियारों के आतंक से चिंतित हैं।

## सीएम के शिलान्यास कार्यक्रम में भड़के माले विधायक कहा, नीतीश कुमार दलितों-पिछड़ों से करते हैं भेदभाव



जहानाबाद : जहानाबाद जिले के कल्पा पंचायत में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम पर माले विधायक रामबली सिंह यादव ने गंभीर आरोप लगाए हैं। घोसी विधानसभा के माले विधायक रामबली सिंह यादव ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को जनता के पैसों का दुरुपयोग बताया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान दलित, महादलित और अति पिछड़ा समुदाय के लोगों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया गया। विधायक यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम में दलित और महादलित परिवारों के लोग चिलचिलाती धूप में अपनी समस्याएं सुनाने के लिए पहुंचे थे। लेकिन उन्हें नजरअंदाज किया गया और यहां तक कि उन्हें उनके घरों में बंद कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने उनकी ओर देखना भी मुनासिब नहीं समझा।

#### मांग पत्र सौंपने पर किया दुर्व्यवहार

विधायक रामबली सिंह यादव ने आरोप लगाया कि जब वह पीने के पानी की समस्या के लिए मुख्यमंत्री को दस सूत्री मांग पत्र सौंपने पहुंचे, तो उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। मुख्यमंत्री के अंगरक्षकों द्वारा उन्हें धक्का देकर बाहर कर दिया गया। विधायक ने कहा कि घोसी के कई गांवों में पीने के पानी की किल्लत है और वह इस समस्या को मुख्यमंत्री के सामने रखना चाहते थे, लेकिन उनकी आवाज दबा दी गई।

#### दलितों और पिछड़ों के साथ भेदभाव का आरोप

विधायक ने मुख्यमंत्री पर दलित, महादलित और अति पिछड़ा समुदाय के प्रति भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार केवल दिखावे के लिए इन वर्गों की बात करते हैं, जबकि हकीकत में उनके साथ छुआछूत का व्यवहार किया जाता है। विधायक ने कहा कि इस तरह का व्यवहार निंदनीय है और जनता इसका बदला आने वाले दिनों में लेगी।विधायक रामबली सिंह यादव ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का दलितों और महादलितों के प्रति व्यवहार बेहद निराशाजनक है।

## सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर

पूर्णिया : पूर्णिया में बढ़ते डायरिया और लू को देखते हुए भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों स्कूली बच्चे और ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराई और मुफ्त में दवाइयां हासिल कीं। निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर पूर्णिया पूर्व प्रखंड के गौरा पंचायत के मझुआ गांव स्थित प्लस टू हाई स्कूल में भाजपा नेत्री नूतन गुप्ता द्वारा किया गया। भाजपा नेत्री नूतन गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को लेकर देश भर में सेवा पखवाड़ा के तहत कई तरह के सामाजिक जनकल्याण से जुड़े आयोजन किए जा रहे हैं। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। शिविर की विशेषताओं में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, मुफ्त दवाइयां, चिकित्सकों का परामर्श, संक्रमण रोकथाम के उपाय, शहर के छह प्रसिद्ध चिकित्सकों की सेवाएं और दर्जनों मेडिकल और नर्सिंग स्टाफ शामिल रहा। वहीं, ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने इस शिविर की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें शहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। उन्होंने कहा कि गर्मी के कारण बढ़ते संक्रमण को देखते हुए यह शिविर अत्यंत आवश्यक था। इस शिविर के आयोजन से ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला।

## अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले आमस थाना प्रभारी निलंबित

गया : गया जिले में वीआईपी पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार को गाली-गलौज और धमकी देने के आरोप में आमस थाना प्रभारी इंद्रजीत कुमार को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई सीनियर एसपी आशीष भारती द्वारा की गई है। दरअसल, थाना प्रभारी का वीआईपी नेता से अभद्र भाषा में बात करने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। जानकारी के मुताबिक, घटना 14 सितंबर की है, जब शेरघाटी कोर्ट परिसर से विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार की बाइक चोरी हो गई थी। अनिल कुमार बाइक की शिकायत दर्ज कराने आमस थाना पहुंचे और जब उन्होंने थाना प्रभारी को गुड मॉर्निंग कहा, तो थाना प्रभारी इंद्रजीत कुमार भड़क उठे। उन्होंने न सिर्फ अनिल कुमार को गाली दी, बल्कि वीआईपी के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के लिए भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित नेता अनिल कुमार बाइक की जानकारी लेने आमस थाना पहुंचे थे।

हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, मंगलवार, 24 सितम्बर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 173, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार के 12 जिलों में बाढ़ जैसे हालात 13 लाख लोग प्रभावित

पटना, (ईएमएस)। बिहार में गंगा के किनारे करीब 12 जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है और निचले इलाकों में रहने वाले तकरीबन 12 लाख 67 हजार लोग एवं कुल 361 ग्राम पंचायतें इससे प्रभावित हुई हैं। हालांकि कुछ नदियों का जलस्तर घट रहा है इसके बावजूद कई जिलों में अभी भी बाढ़ जैसे हालात हैं। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग (डीएमडी) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत और बचाव कार्यों में करीब 1400 नावों का उपयोग किया जा रहा है. इन 12 जिलों में सरकार के जरिए कुल आठ राहत शिविर संचालित किए जा रहे हैं तथा निचले इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित निकालकर उन सरकारी शिविरों में लाया गया है. बिहार के इन 12 बाढ प्रभावित जिलों में पटना, बक्सर, भोजपुर, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, भागलपुर, लखीसराय, मुंगेर एवं कटिहार शामिल हैं. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को सहायता और राहत प्रदान करने हेतु हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए हैं.

### 25 के बाद दिल्ली में फिर शुरु होगा बारिश का दौर

नई दिल्ली (ईएमएस)। सितंबर के महीने में दिल्ली में जमकर बादल बरसे और बारिश ने अपना तय आंकड़ा पार कर लिया है। लेकिन वीकेंड से फिर धूप, गर्मी और उमस का मौसम दिखाई दिया। दरअसल, मौसम विभाग ने दो दिन बाद 25 सितंबर से एक बार फिर बारिश का अनुमान जताया हैं। हालांकि, ये बारिश हल्की होगी लेकिन तेज हवाओं के साथ फिर मौसम बदल सकता है। बता दें कि बारिश की रफ्तार थमने के बाद से दिल्ली का तापमान एक बार फिर बढ़ रहा है। मौसम का पूर्वानुमान लगाने वाली एजेंसी के मुताबिक, दिल्ली में सितंबर के महीने में पहले ही सामान्य से अधिक बारिश हो चुकी है। सफदरजंग बेस स्टेशन पर 183 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि सामान्य 123.4 मिमी होती है। अब 2 दिनों में दिल्ली-एनसीआर में बारिश होने की संभावना नहीं है। हालांकि, जल्दी ही बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक और मॉनसून प्रणाली बनने की संभावना है। इस मौसम प्रणाली के देश के मध्य भागों से गुजरने के बाद दिल्ली और आस-पास के इलाकों में 25 सितंबर के बाद किसी भी समय मॉनसून गतिविधि फिर से शुरू हो सकती है।

### चक्रवाती तूफान से पलटा ट्रॉलर 8 मछुआरों की मौत

कोलकाता (ईएमएस)। बंगाल की खाड़ी में आए चक्रवाती तूफान के दौरान एक ट्रॉलर पलटने से उसमें सवार 9 मछुआरे फंस गए थे। इसमें से 8 मछुआरों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि एक मछुआरा अभी भी लापता है। यह दुर्घटना एफबी गोविंदो नामक ट्रॉलर की है, इसमें 17 मछुआरे सवार थे। ये सभी हिल्सा मछली पकड़ने के लिए निकले थे, लेकिन सुंदरबन के बाघेर चार के पास ट्रॉलर अचानक डूब गया। एक विशाल लहर ने ट्रॉलर के डेक पर मौजूद 8 मछुआरों को समुद्र में बहा दिया। तीन घंटे बाद, एक अन्य ट्रॉलर के मछुआरों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी जान जा चुकी थी। बचाए गए मछुआरों ने घटना की जानकारी दी। तटरक्षक बल और स्थानीय मछुआरा संगठन की मदद से रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे ट्रॉलर को किनारे लाया गया। मृतकों की उम्र 27 से 55 वर्ष के बीच थी, जिनमें से अधिकांश काकद्वीप के निवासी थे।

### झारखंड सरकार और मोबाइल कंपनियों को हाईकोर्ट का अवमानना नोटिस

रांची (ईएमएस)। झारखंड हाईकोर्ट ने सीजीएल परीक्षा के समय मोबाइल पर इंटरनेट सेवा बंद करने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के विपरीत झारखंड सरकार और मोबाइल कंपनियों ने मोबाइल के साथ-साथ अन्य माध्यम की भी इंटरनेट सेवा बंद कर दी थी। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना मानते हुए अवमानना याचिका दायर की है।

झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और मोबाइल कंपनियों को तलब कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने कहा कि आदेश में बदलाव करना, एक तरह से धोखाधड़ी है। यह क्रिमिनल अपराध का मामला बनता है।

### 25 सितंबर को शपथ लेंगे झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस एम एस रामचन्द्र राव

रांची : झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस एम एस राम चन्द्र राव 25 सितंबर को शपथ लेंगे. राजभवन में राज्यपाल उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाएंगे. शनिवार को राष्ट्रपति ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में लिए गए निर्णय पर मुहर लगाते हुए जस्टिस एम एस राम चन्द्र राव को झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किए जाने की अधिसूचना जारी कर दी है.जिसके बाद अब उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी गई है.

### झारखंड विधानसभा नियुक्ति घोटाला की जांच करेगी सीबीआई हाईकोर्ट ने दिया आदेश

रांची(ईएमएस)।झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए दाखिल जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है।सोमवार को अदालत ने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई कराने का आदेश पारित किया है।इस केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने 20 जून को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने अपनी बहस पूरी की। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने बहस की। इस संबंध में शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच में विधानसभा में हुई नियुक्ति में गड़बड़ी हुई है। मामले की जांच के लिए पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग का गठन किया गया।आयोग ने जांच कर वर्ष 2018 में राज्यपाल को रिपोर्ट भी सौंपी थी। जिसके बाद राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### झारखंड होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे दो और जवान पकड़े गए

रांची : झारखंड होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे दो और होमगार्ड का जवानों पकड़ा गया है. जिनमें अशोक टोप्पो और नौशाद कादरी शामिल है. इससे पहले झारखंड होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी करने के मामले में कंपनी कमांडर समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था. यह मामला गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन विभाग के डीजी अनिल पालटा के निर्देश पर धुर्वा थाना में 20 सितंबर को दर्ज हुआ था. जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है, उसमें कंपनी कमांडर कैलाश यादव के अलावा फर्जी तरीके से होमगार्ड की नौकरी कर रहे आरिफ अंसारी, आसिफ अंसारी, जगदीश टोप्पो और निसाद अहमद का नाम शामिल है. फर्जी तरीके के नौकरी करने वाले सभी रांची के कांके, रातू और नामकुम के रहने वाले हैं.

इस खुलासे के बाद से कंपनी कमांडर कैलाश यादव समेत अन्य आरोपियों की तलाश जारी है.

झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की टीम सोमवार को पहुंची रांची

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, प्रवर्तन एजेंसियों, डीजीपी, सीएस के साथ की बैठक

रांची : झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की टीम सोमवार को रांची पहुंची. दो दिवसीय दौरे पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में पहुंची आयोग की इस टीम में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा सुखबीर सिंह संधू समेत 12 सदस्यीय टीम शामिल हैं. एयरपोर्ट पहुंचे आयोग के सदस्यों का झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की अगुवाई में राज्य के वरीय पदाधिकारियों ने स्वागत किया.




#### राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील

आयोग ने सर्वप्रथम झारखंड अंतर्गत राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में बैठक की. इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने तथा बेहतर मतदान प्रतिशत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की.

#### विभिन्न एजेंसियों ने आयोग के समक्ष कार्ययोजना प्रस्तुत की

आयोग ने चुनाव कार्य से जुड़ी प्रवर्तन एजेंसियों जैसे आयकर विभाग, उत्पाद विभाग,जीएसटी, रिजर्व बैंक, वन, परिवहन, नागरिक उड्डयन, नारकोटिक्स आदि के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनकी कार्य योजनाओं की समीक्षा की. अपील की गयी कि सभी एजेंसियां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए कमर कस लें.

आयोग की समीक्षा के क्रम में उपरोक्त दो समीक्षा बैठकों के बाद राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी. होमकर तथा सीएपीएफ के नोडल पदाधिकारी के साथ आयोग ने संबंधित निर्वाचन विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की. तीनों पदाधिकारियों की ओर से अपनी-अपनी कार्य योजना को प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखा गया. समीक्षा के बाद आयोग द्वारा सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये.

#### मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ बैठक

अंतिम समीक्षा बैठक झारखंड के मुख्य सचिव एल खियांग्ते तथा पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता के साथ हुई. राजनीतिक दलों, प्रवर्तन एजेंसियों तथा राज्य के पदाधिकारियों से मिले इनपुट, सुझावों, प्रतिवेदनों आदि से अवगत कराते हुए आयोग ने संबंधित विषयों पर ससमय पहल करते हुए आवश्यक समन्वयात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया. इस दौरान आयोग के वरीय उप निर्वाचन आयुक्त, उप निर्वाचन आयुक्त एवं अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे.

मंगलवार को सभी प्रमंडलों के आयुक्त, जोनल आईजी, सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, सभी डीआईजी, सभी पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा की जायेगी.

## भरत ने खड़ाऊं रख सिंहासन संभाला मैं दिल्ली संभालूंगी : मुख्यमंत्री आतिशी

#### आतिशी ने सीएम का पद संभाल भरत की व्यथा बयान की

#### भाजपा ने बताया जनता का अपमान

नई दिल्ली, (ईएमएस)। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को पदभार संभाल लिया है। आतिशी ने करीब 12 बजे मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंच कर तमाम औपचारिकताएं पूरी कीं। इस दौरान आतिशी ने सीएम ऑफिस में एक खाली कुर्सी रख छोड़ी और खुद दूसरी कुर्सी में बैठीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज मेरे मन में भरत की व्यथा है, जिस प्रकार भरत जी ने भगवान श्री राम की खड़ाऊं रखकर अयोध्या का शासन संभाला था, उसी तरह मैं दिल्ली की




सरकार चलाऊंगी। भाजपा ने इसे जनता का अपमान बताया है।

सीएम का पदभार संभालने के साथ ही दिल्ली की नई सीएम आतिशी ने कहा, कि यह खाली कुर्सी उन्होंने अरविंद केजरीवाल के लिए छोड़ रखी है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि फरवरी में विधानसभा चुनाव के बाद दिल्ली के लोग केजरीवाल को एक बार फिर से इसी कुर्सी पर बिठाएंगे। तब तक यह खाली कुर्सी इसी कमरे में रखी रहेगी और केजरीवाल जी का इंतजार करेगी। आतिशी ने आगे कहा, कि मेरे मन में आज वही व्यथा है जो भगवान श्री राम के 14 साल के लिए वनवास जाते समय भरत जी के मन थी। जिस प्रकार भरत जी ने 14 साल तक भगवान श्री राम की खड़ाऊं रखकर अयोध्या का शासन संभाला। उसी तरह से मैं भी आने वाले 4 महीने दिल्ली की सरकार चलाऊंगी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जी पर कीचड़ उछालने में भाजपा ने कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी है। ऐसे में अरविंद केजरीवाल का कहना है कि जब तक दिल्ली वाले उनकी ईमानदारी साबित नहीं कर देते, तब तक वो सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे और इसी के साथ उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली के लोग ही दोबारा अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिराजमान करेंगे।

## भाजपा और संघ सिर्फ नफरत फैलाते हैं : राहुल

#### पुंछ में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

पुंछ (ईएमएस)। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जम्मू-कश्मीर के पुंछ में जनसभा को संबोधित कर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, भाजपा-संघ जम्मू-कश्मीर और अन्य राज्यों में केवल नफरत और हिंसा को फैलाते हैं... वे केवल नफरत फैलाना जानते हैं, इतना ही नहीं भाजपा और संघ की राजनीति भी नफरत पर चलाती है। आप सभी जानते हैं कि नफरत को नफरत से नहीं, बल्कि मोहब्बत से काटा जा सकता है। राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर हमला कर कहा आज विपक्ष जो भी करना चाहता है, वहीं होता है। मोदी सरकार कानून लाती है, हम उनके



सामने खड़े होते हैं, फिर वे यू-टर्न ले लेते हैं। नरेंद्र मोदी का आत्मविश्वास खत्म हो चुका है। उनकी दिमागी सोच को तोड़ दिया है। नरेंद्र मोदी पहले जैसे थे, वे अब वैसे नहीं रहे। राहुल गांधी ने कहा, भारत में एक केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) को राज्य में बदला गया है। एक राज्य के दो हिस्से किए गए हैं... लेकिन भारत के इतिहास में पहली बार यहां एक राज्य को यूटी में बदल दिया गया है। आपसे आपका लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिया गया है।

## झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए के घटक दलों के बीच सीटों की साझेदारी लगभग तय

धनबाद : झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए के घटक दलों के बीच सीटों की साझेदारी लगभग तय हो गई है। एक दो दिनों में घटक दलों के हाई कमानों की मौजूदगी में दिल्ली से इसकी घोषणा संभव है। जानकर सूत्र के अनुसार आजसू के खाते में सिल्ली, रामगढ़, गोमिया, डुमरी, बड़कागांव, मांडू, लोहरदगा, पांकी, पाकुड़, चंदनकियारी, ईचागढ़ और जुगसलाई की सीट जायेगी। अंतिम दौर की बैठक में मांडू सीट को लेकर पेंच साफ नहीं हो सका है। मांडू सीट पर जदयू का जबरदस्त दावा है। मांडू के बदले जामताड़ा या सिंदरी की सीट आजसू के कोटे में जा सकती है। आजसू के जिलाध्यक्ष मंटू महतो के समायोजन के लिए आजसू ने सिंदरी सीट पर पुनर्विचार का प्रस्ताव भाजपा के समक्ष रखा है। इधर टुंडी को लेकर भी भाजपा




और आजसू के बीच रस्साकशी चल रही है। ब्राह्मणों की आबादी के मद्देनजर भाजपा राजीव ओझा के लिए वकालत कर रही है। पिछले बार भाजपा के विक्रम पांडेय ने 48 हजार वोट लाया था। लेकिन इसी सीट से राजकिशोर महतो ने आजसू का परचम लहराया था। आजसू के हलधर महतो इस सीट को लेकर एड़ी चोटी एक किए हुए हैं। जदयू के खाते में जानेवाली सीटों में बाघमारा, मांडू, पांकी, छतरपुर, और देवघर की सीटें हैं। लोजपा के कोटे में सिकारीपाड़ा,हम के हवाले चतरा और एनसीपी के खाते में हुसैनाबाद की सीट जायेगी।सबसे मजेदार मसला बाघमारा को लेकर है। कहते हैं कि एक समय बदले की भावना से ग्रस्त रघुवर दास के चेले के इशारे पर रविंद्र पांडेय और रविंद्र राय का पत्ता साफ कर उन्हें गहरा जख्म दिया गया था। आज भी दोनों के घाव भरे नहीं हैं। समय पलटा खाया है। रघुवर दास से ज्यादा ताकतवर हैं नीतीश कुमार। अभी अभी उनके दल में पार्टी का विलय कर सरयू राय शिल्पकार बने हैं। धनबाद के सांसद और सरयू राय में छत्तीस का आंकड़ा है। लिहाजा इस सीट से बेदखली का दिलचस्प खाका तैयार किया गया है। दीपनारायण सिंह के लिए जदयू ने पाशा फेंक दिया है।नीतीश के सामने भाजपा ने हथियार डाल दिया है। देखिए आगे किया होता है।

## हर हाल में 30 सितंबर तक पूरा करें कांटाटोली फ्लाईओवर का काम : सचिव

रांची : नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने सोमवार को कांटाटोली फ्लाईओवर के कार्य का निरीक्षण किया. इस दौरान जुडको और कांटाटोली फ्लाईओवर का काम कर रही एजेंसी को हरहाल मे 30 सितंबर तक काम पूरा कर गतिमान बनाने का निर्देश दिया है. उन्होंने कार्यरत एजेंसी डीआरए के प्रतिनिधि को स्पष्ट रूप से कहा कि हरहाल में 30 सितंबर तक योगदा मठ बहु बाजार से शांतिनगर कोकर तक कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाए. फ्लाईओवर पर यातायात शुरू करने के लिए सभी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाए. फ्लाईओवर पर सभी 486 प्रीकास्ट सेगमेंटल बाक्स चढ़ चुके हैं. सभी बाक्सों को केबल से बांधते हुये विशेष ग्लू ( गोंद ) से जोड़ा जा चुका है. सेगमेंटल बाक्स को



सड़क का रूप देने के लिए 50 एमएम का बिटुमिन का स्तर पर लगाया जा चुका है. बिटुमिन के उपर 25 एमएम मास्टिक अस्फाल्ट का लेयर चढाने का काम अंतिम चरण में है. फ्लाईओवर पर लाइट के लिए लगभग 125 बिजली के खंभे लगाने का काम भी चल रहा है. शांतिनगर कोकर के पास माइनर ब्रिज को चैड़ा करने का काम तेजी से चल रहा है. सचिव को जुडको द्वारा आश्वस्त किया गया है कि 30 सितंबर तक माइनर ब्रिज का भी काम पूरा हो जायेगा. फ्लाईओवर के नीचे भी एलइडी बल्ब लगाये जा रहे है. मुख्य फ्लाईओवर पर यातायात शुरू कराने के बाद खादगढ़ा बस स्टैड के प्रवेश द्वार के पास नामकुम एवं बस स्टैंड की ओर जाने के लिए रैंप बनेगा.

## 21 राज्यों के किसानों की आवाज से गूंजा तालकटोरा स्टेडियम

#### 17 नवंबर को घेराव, 26 को मनेगा विरोध दिवस

नई दिल्ली : ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआईकेकेएमएस) के आह्वान पर सोमवार को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में हजारों किसानों की आवाज गूंजी। इस दौरान किसानों की मांगों के प्रति केंद्र सरकार के ढुलमुल रवैये से नाराज अखिल भारतीय किसान महापंचायत ने पूरे देश में आंदोलन करने का एलान किया।

इस कड़ी में आगामी 17 नवंबर को लाला लाजपत राय की बरसी पर किसान पूरे देश में जिला मुख्यालयों का घेराव करेंगे। इसके बाद 26 नवंबर को संयुक्त किसान मोर्चा के साथ मिलकर विरोध दिवस आयोजित किया जाएगा। फरवरी 2025 में किसान सभी प्रदेशों की राजधानियों में राजभवनों के सामने विरोध प्रदर्शन करेंगे।



एआईकेकेएमएस द्वारा बुलाई गई महापंचायत में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, ओडिशा, कर्नाटक, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे 21 राज्यों के हजारों किसानों और खेत मजदूरों ने शिरकत की। महापंचायत में किसान संगठन के नेता जयकरण माण्डौठी द्वारा पेश मुख्य प्रस्ताव में एमएसपी का कानून बनाने और कृषि उपज की सरकारी खरीद सी2+50 प्रतिशत एमएसपी पर करने, बिजली बिल 2023 को निरस्त करने और स्मार्ट मीटर योजना को वापस लेने, कृषि उपयोगी चीजों को सस्ता करने, जीएम बीजों पर रोक लगाने, ग्रामीण गरीबों को पूरे साल रोजगार और पर्याप्त मजदूरी देने, किसानों को ऋण मुक्त करने, पेंशन देने और सिंघु व टिकरी बॉर्डरों पर किसान शहीद स्मारक बनाने आदि मांगों पर सशक्त आंदोलन तेज करने का संकल्प सर्वसम्मति से पारित किया गया। एक अन्य प्रस्ताव पारित कर असम की ब्रह्मपुत्र नदी घाटी में हर साल बाढ़ से होने वाली भीषण तबाही को रोकने की मांग की गई। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा देश में चार लेबर कोड पर रोक लगाने की मांग का समर्थन किया गया। एआईकेकेएमएस के महासचिव शंकर घोष ने अपने उद्घाटन भाषण में केंद्र की फासीवादी भाजपा सरकार की एकाधिकार पूंजीपति परस्त व किसान -विरोधी नीतियों को किसानों की पीड़ा और कष्टों के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने इनके खिलाफ तत्काल एक शक्तिशाली किसान आंदोलन खड़ा करने पर जोर दिया।

मुख्य वक्ता के रूप में किसान नेता एवं एआईकेकेएमएस के अध्यक्ष सत्यवान ने भाजपा सरकार की कृषि नीतियों का पर्दाफाश किया। सत्यवान ने कहा कि आज के दौर में किसानों का जीवन बद से बदतर हुआ है। उन्होंने संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले साझे किसान आंदोलनों की आवश्यकता पर जोर दिया। किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के भूमिहीन गरीबों को कर्ज से मुक्ति प्रदान की जाए। साठ वर्ष की आयु होने पर इन वर्गों को 10 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाए। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के अन्य प्रमुख नेता बलबीर सिंह राजेवाल, जोगिंदर सिंह उग्राहां और प्रेम सिंह गहलावत ने भी किसान महापंचायत को संबोधित किया। किसान नेता अशोक ढवले का लिखित संदेश पढ़कर सुनाया गया। किसान महापंचायत के अध्यक्ष रघुनाथ दास ने किसान आंदोलन के शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए किसानों से आगे आने की अपील की।

# संक्षिप्त खबरें

## झारखंड सरकार और मोबाइल कंपनियों को हाईकोर्ट का अवमानना नोटिस

रांची (ईएमएस)। झारखंड हाईकोर्ट ने सीजीएल परीक्षा के समय मोबाइल पर इंटरनेट सेवा बंद करने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के विपरीत झारखंड सरकार और मोबाइल कंपनियों ने मोबाइल के साथ-साथ अन्य माध्यम की भी इंटरनेट सेवा बंद कर दी थी। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना मानते हुए अवमानना याचिका दायर की है। झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और मोबाइल कंपनियों को तलब कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने कहा कि आदेश में बदलाव करना, एक तरह से धोखाधड़ी है। यह क्रिमिनल अपराध का मामला बनता है।

## बीजेपी परिवर्तन यात्रा में शामिल होंगे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

रांची(ईएमएस)।मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सोमवार को झारखंड के प्रवास पर रहेंगे। वे यहां झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा द्वारा निकाली जा रही परिवर्तन यात्रा में शामिल होंगे और गाण्डेय और बरकट्टा विधानसभा में परिवर्तन सभा को सम्बोधित करेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री डॉ. यादव पूर्वान्ह 11.20 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से हेलीकाप्टर द्वारा गिरीडीह जिले के गाण्डेय पहुंचकर दोपहर 12 बजे गाण्डेय में नवोदय विद्यालय के सामने मैदान में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव हजारीबाग जिले में बरकट्टा विधानसभा क्षेत्र के कपका मैदान में दोपहर 2.30 बजे परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। डॉ यादव का शाम 7.10 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग की टीम राँची पहुँची

रांची(ईएमएस)।भारत निर्वाचन आयोग की टीम दो दिवसीय झारखण्ड दौरे पर सोमवार की सुबह नौ बजे रांची पहुंच गई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में दो निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार व डॉ सुखबीर सिंह संधु, तीन सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमीश्नर धर्मेंद्र शर्मा, डिप्टी इलेक्शन कमीश्नर संजय कुमार और उनके सपोर्ट के लिए पांच पदाधिकारी अशोक कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अनुज चांडक समेत कुल 12 सदस्यीय टीम रांची पहुंची है। झारखण्ड विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विभिन्न पहलुओं पर मंथन करेगी।मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में सोमवार को होटल रेडिशन ब्लू में राजनीतिक दलों के साथ बैठक होगी। इस बैठक में छह राष्ट्रीय पार्टियां और तीन क्षेत्रीय पार्टियों आजसू पार्टी, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय जनता दल के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग बैठक होगी। इसके बाद सीईओ कैंप नोडल ऑफिसर की बैठक होगी। शाम में राज्य के मुख्य सचिव एल ख्यांगते और डीजीपी अनुराग गुप्ता के साथ बैठक होगी।

## कई मांगों को लेकर मोरहाबादी में आंगनबाड़ी सेविका व सहियाओं का हुआ जुटान

रांची(ईएमएस)।मोरहाबादी मैदान में राज्य की लगभग 10 हजार आंगनबाड़ी सेविका और सहिया एकजुट हुई।यह रैली राजभवन के समक्ष होना था।आवश्यकता से ज्यादा भीड़ होने की वजह से रैली मोरहाबादी मैदान में ही किया गया। रैली में शामिल महिलाओं ने कहा कि केंद्र सरकार आंगनबाड़ी सहिया को 4500 देती है।जबकि राज्य सरकार 5 हजार रुपए भुगतान करती है।इसके लिए राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविकाएं छोटे बच्चों को एक साल से लेकर 6 साल तक के बच्चों को पढ़ाने और समय-समय पर पोषाहार देने का काम करती हैं।रैली में शामिल कांके प्रखंड के खटंगा पंचायत के आंगन बाड़ी सहिया ने कहा कि राज्य में लगभग 50 हजार से अधिक सहिया और सहायिकाएं लगभग 60 हजार से अधिक हैं। गिरीडीह विधायक सुदीप कुमार के आश्वासन के बाद रैली को खत्म किया गया।विधायक ने 27 सितंबर को होने वाली कैबिनेट में लाने का आश्वासन दिया।इनकी प्रमुख मांगे इस प्रकार है आंगन बाड़ी सहिया का काम के दौरान मौत होती हैं तो इसके स्थान पर परिवार वालों को अनुकंपा में रखा जाए।रिटायरमेंट के पेंशन भत्ता दिया जाए।सभी आंगनबाड़ी सहिया को सरकारी मान्यता दिया जाए।सेविका सहायिकाओं को एक मुश्त रिटायरमेंट और पेंशन की व्यवस्था की जाए।वेतनमान और ग्रेड पे की घोषणा किया जाए।सहायक अध्यापक के समान आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को मानदेय/वेतनमान के साथ सभी सुविधाओं को स्वीकृति दी जाए।

## मधुमक्खियों के डंक से चार लोगों की मौत

रांची (ईएमएस)। झारखंड की राजधानी रांची के तुपुदाना में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां मधुमक्खियों के डंक से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हुई है। मृतकों में एक महिला, उसकी दो बेटियां और परिवार का एक और बच्चा शामिल है। महिला खूंटी जिले के कर्रा ब्लॉक के कोसंबी गांव की रहने वाली थी। पीड़िता के पति सुनील बारला ने बताया कि उसकी पत्नी ज्योति अपनी दो बेटियों के साथ अपने मायके गई थी। वहां पर अपने सभी बच्चों और गांव के कुछ लोगों के साथ नहाने के लिए कुएं पर गई थी और मधुमक्खियों के झुंड में फंस गई। जानकारी के मुताबिक, अचानक मधुमक्खियों का झुंड कुएं के पास पहुंचा और बच्चों को काटने लगा। मधुमक्खियों के झुंड को देखकर सभी भागने लगे लेकिन गांव कुएं से काफी ऊंचाई पर था। देखते ही देखते मधुमक्खियों ने 4 लोगों अपना शिकार बना लिया।

## गृहमंत्री अमित शाह से आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने मुलाकात की विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

रांची(ईएमएस)।नई दिल्ली में आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात और आगामी विधानसभा चुनाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। मौके पर असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विश्व सरमा भी उपस्थित रहें।

## जमशेदपुर में रेलवे स्टेशन के समीप स्थित मोहित होटल को किया गया जमींदोज

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)। टाटानगर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित मोहित होटल को सोमवार को जमींदोज कर दिया गया।रेलवे प्रशासन ने उक्त होटल को पोकलेन लगाकर तोड़ दिया।इससे पहले शुक्रवार को होटल मालिक करन सिंह को होटल खाली करने का आदेश दिया गया था।होटल तोड़े जाने के दौरान काफी संख्या में आरपीएफ के जवान मौजूद रहे। इससे पहले सुबह दंडाधिकारी की मौजूदगी में आरपीएफ ने अनाउंस करके जगह खाली करने के लिए कहा।मौके पर दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त शैला मिंज ने बताया कि मोहित होटल मामले में दो वर्ष पहले रेलवे के पक्ष में फैसला आया।उसके बाद होटल खाली करने का आदेश दिया गया, लेकिन होटल खाली नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि मोहित होटल की ओर से कोर्ट में केस दायर किया गया। जिसे बाद में उन लोगों ने वापस ले लिया। किसी तरह का स्टे ऑर्डर नहीं होने के कारण इसे तोड़ना पड़ा। दंडाधिकारी ने बताया कि इस खाली जगह का उपयोग पब्लिक यूटिलिटी के रूप में होगा।मोहित होटल के मालिक करन सिंह ने बताया कि चार दशक पहले से उनका होटल यहां चल रहा है। 40 वर्ष पहले उनके पिता ने यहां होटल चलाना शुरू किया।स्टेशन के समीप यात्रियों के खाने-पीने का कोई होटल नहीं होने के कारण यात्री यहां आकर खाना खाते थे।करन सिंह ने बताया कि रेलवे से उनका हाई कोर्ट में केस चल रहा था। 2017 में उनके पिता केस हार गए।उसके बाद वे लोग अपील में गए। लेकिन वहां कोई सुनवाई नहीं हुई। इस बीच होटल तोड़े जाने की सुगबुगाहट होने के बाद सांसद के माध्यम से रेलवे के अधिकारियों से वार्ता की गई।जिसमें रेलवे के अधिकारियों ने दुर्गा पूजा बाद कार्रवाई करने की बात कही।

## पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यालय का हुआ उद्घाटन

# समाज के हर तबके के लोगों को जागरूक बनाने के लिए डालसा पहुंचेगी घर-घर तक : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश



धनबाद : झालसा के नेतृत्व में 131 पारा लीगल वॉलिंटियर्स की नियुक्ति के बाद सोमवार से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह, अवर न्यायाधीश राकेश रोशन,बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय महासचिव जीतेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मौजूद पैरा लीगल वालंटियर को उनकी जिम्मेवारियों से अवगत कराया गया और किस प्रकार से कार्य करने हैं उनकी जानकारियां दी गई। उक्त मामले पर जानकारी देते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम कुमार शर्मा ने बताया कि सभी नवनियुक्त 131 पारा लीगल वॉलिंटियर्स घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं, विभिन्न कानूनो को लोगों को बाता कर उनके अधिकार के प्रति उन्हें जागरूक करेंगे ताकि कोई भी व्यक्ति अपने अधिकार से वंचित न रह सके। चलंत लोक अदालत के द्वारा भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है और मामलों का निपटारा भी किया जा रहा है । जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा की पारा लीगल वालंटियर हमारे फ्रंटलाइन वॉरियर होते हैं जिनके द्वारा डालसा सभी सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाती है।अवर न्यायाधीश सह सचिव राकेश रोशन ने बताया कि झालसा के निर्देश पर 131 पारा लीगल वालंटियर की जॉइनिंग हुई है। समाज के वैसे लोग जिन्हें कानून की जानकारी नहीं है एवं अपने अधिकारों से वह वंचित है उन्हें जागरूक करने का काम इनके द्वारा किया जाएगा धनबाद में प्रत्येक पुलिस स्टेशन में इन सबों की नियुक्ति की जाएगी, ताकि किसी भी व्यक्ति को कानून से संबंधित जानकारी में भटकना न पड़े। सभी नवनियुक्त पैरा लीगल वालंटियर को आज से पांच दिनों तक प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि कानून से संबंधित सभी जानकारी उन्हें हो और वह घर-घर जाकर लोगों को जागरुक कर सकें।

## राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार पहुंचे दुमका मंगलवार को दीक्षांत समारोह में लेंगे हिस्सा



दुमका(ईएमएस)।राज्यपाल संतोष गंगवार सोमवार की शाम दुमका पहुंचे। उन्होंने बासुकीनाथ में पूजा अर्चना की। बासुकीनाथ धाम पहुंचने पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। उसके बाद राज्यपाल ने बाबा मंदिर में बाबा फौजदारीनाथ की षोडश उपचार विधि से पूजा की।राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मंगलवार को दुमका कन्वेंशन सेंटर में आयोजित सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के आठवीं दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। दीक्षांत समारोह की विशिष्ट अतिथि झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति क्षीति भूषण दास होंगे। विश्वविद्यालय के इस दीक्षांत समारोह में 76 पीएचडी स्कॉलर को डिग्री प्रदान की जाएगी। इनमें मानविकी संकाय के 32, सामाजिक विज्ञान संकाय के 26, विज्ञान संकाय के 15 और वाणिज्य सरकार के तीन स्कॉलर शामिल हैं। राज्यपाल 63 स्वर्ण पदक विजेता मेधावी छात्र छात्रों को भी मेडल और डिग्री प्रदान करेंगे। इस बार हिंदी में सबसे अधिक 11 पीएचडी स्कॉलर दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे।इधर दुमका के कन्वेशन सेंटर में सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के द्वारा 8 वे दीक्षांत समारोह को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजन स्थल दुमका कन्वेंशन सेंटर में कुलपति डॉ विमल प्रसाद सिंह की उपस्थिति में मॉक ड्रिल किया गया।

## स्व0 बिनोद बिहारी महतो को दी गई श्रद्धांजलि

कतरास । अंगार पथरा कल्याणी युवा समाजसेवी दल कतरास सोमवार क्रो झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद महानगर युवा कमेटी और बाघमारा युवा समिति एवं युवा साथी एक जुट होकर स्व० बिनोद बाबू के तस्वीर पर फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया और साथ ही सर्व सम्मती से युवा बेरोजगारी और बढ़ते अपराध को रोकने के लिए जितना हो सके अपना अपना योगदान करेंगे और बहुत जल्दी बाघमारा में युवाओ का शक्ति प्रदर्शन करेंगे रहे मौके पर धनबाद महानगर युवा अध्यक्ष सूरज चौहान,महानगर युवा पर्वक्ता कृष्णा लाला, बाघमारा प्रखंड युवा अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा, प्रखंड युवा सचिव मुकेश गुप्ता, समाजसेवी अमर पासवान, रंजीत रवानी पूर्व परखंड उपाध्याय, घंटु तिर्गुणायत संगठन सचिव, संभु महतो, मोती रवानी, समीम अंसारी, सोनू खान, दानिश अंसारी, भोलू अंसारी,टीपू सुल्तान,आदि गंयमान लोग मौजुद थे।

## बीजेपी की परिवर्तन यात्रा में एमपी के मुख्यमंत्री ने हजारीबाग में भरी हुंकार

हजारीबाग (ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा परिवर्तन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। हजारीबाग के बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत कपका मैदान में परिवर्तन यात्रा में एमपी के सीएम मोहन यादव ने सभा को सम्बोधित किया। सीएम ने सूबे के मुखिया हेमंत सोरेन और कांग्रेस पर सीधा हमला बोला।उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी वाले धर्म की बात करते हैं तो भाई धर्म पर चलेंगे तो धर्म की बात करेंगे।उन्होंने कहा कि अयोध्या से भगवान श्रीराम मुस्कुराते हुए सभी को आशीर्वाद दे रहे हैं। अभी तो कृष्ण कन्हैया बाकी है। हमने हर काल हर युग में देखा कि भगवान ने कितने कष्ट उठाए।लेकिन हमने देखा कि अहंकारी कंस का कैसे अंत हुआ।झारखंड की हेमंत सरकार लोगों को भ्रमित कर रही है। मइया सम्मान योजना के नाम पर हजार रुपए का लालच दिखाकर फिर से सत्ता में वापसी चाहती है।


**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

**67वीं औपबंधिक सूची**
**जिला–जामताड़ा (पार्ट–2)**

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
स्वामी दयानंद जी ने कहा था, एक पुरुष के शिक्षित और सुसंस्कृत होने का अर्थ है अकेले उसी का उपयोगी बनना किंतु एक स्त्री यदि शिक्षित,समझदार, सुयोग्य है तो समझना चाहिए कि पूरे परिवार के सुसंस्कृत बनने का सुदृढ़ आधार बन गया है। महिलाओं को घर की चार दीवारी के भीतर रहने की दलीलें भले हर युग में दी जाती रही है किंतु हमें यह स्वीकार करना पड़ेगा की महिलाओं ने सदैव अपनी योग्यता और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन बढ़-चढ़कर किया है।आज किसी भी स्थिति में महिलाएं पुरुषों से कमतर नहीं है.. !नारी,नारायणी है.... ! यदि वैदिक काल को उठाकर देखें हम तो समस्त देवियों को पूजा जाना ही महिला सशक्तिकरण की एक बहुत बड़ी दलील है इसके बाद मध्यकालीन युग हो तो रानी पद्मावती और महारानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं ने अदम्य साहस का परिचय देकर नारी का मान बढ़ाया ।वर्तमान में देखें तो आज भी राजनीति से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं अग्रणी है। देश की सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के पद तक महिलाओं का होना इस देश को गौरवान्वित करता है । भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रविंद्र नाथ टैगोर जी ने कहा था कि हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी है बल्कि इस रोशनी की लौ भी है। अनादि काल से ही महिलाएं मानवता की प्रेरणा स्रोत रही है। वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में भी महिलाएं आगे आई जहां से उनके सर्वांगीण विकास की कल्पना शुरू हुई ।देश व प्रदेश की सरकारें आज महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संकल्प वान है । रीति रिवाज और मान्यताओं में आकर भले ही कई मर्तबा महिलाओं को पीछे धकेला गया लेकिन जब जब किसी कुरीति में जन्म लिया तो उसे दूर करने के प्रयासों में भी कमी नहीं आई ।राष्ट्र के विकास में महिलाओं का महत्व बताने हेतु समाज में जागरूकता लाने हेतु मातृ दिवस ,अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, बेटी दिवस जैसे तमाम कार्यक्रम वर्तमान में सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं। आंशिक ही सही किंतु समाज में व्याप्त कुरीतियों को हटाकर महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु एक बार उस राक्षसी सोच को त्यागना भी आवश्यक है कि महिलाएं किसी भी स्थिति में पुरुषों से कमतर है। दहेज प्रथा, अशिक्षा,यौन हिंसा,लैंगिग असमानता,भ्रूण हत्या,महिलाओं की प्रति घरेलू हिंसा ,वेश्यावृत्ति, मानव तस्करी और दूसरे ऐसे तमाम विषयों पर भी जागरूकता निरंतर आती जा रही है और अब महिला घर की चार दिवारी के भीतर से पर्दे को त्याग कर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हुई है। वर्तमान सरकार ने पहली बार महिला आरक्षण बिल को लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित कराया ।बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ,प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जनधन योजना के तहत खाता खुलवाने, मुस्लिम समाज में व्याप्त कुरीति तीन तलाक को कहानी रूप से खत्म करना वह महत्वपूर्ण कार्य रहे जिन्होंने न केवल महिलाओं के स्तर को बढ़ाया बल्कि किए जा रहे सरकारी प्रयासों के प्रति भी आस्थाएं बढ़ी।वर्तमान की मोदी सरकार की यह वह योजनाएं रही जिइसे तकरीबन 20 करोड़ से ज्यादा महिलाएं ,5 करोड़ से ज्यादा स्कूली छात्राओं और लगभग 11 करोड़ से अधिक कामकाजी महिलाओं को सीधा-सीधा लाभ मिला। आज महिला अशिक्षित और अबला नहीं बल्कि शिक्षित और सबला की ओर अग्रसर हो गई है। महिलाओं के विषय पर जब बात चल रही है तो महिलाओं के लिए आवश्यक उन तमाम योजनाओं की चर्चा भी आवश्यक हो जाती है जिनका जानकारी के अभाव में लाभ मात्र शक्तियों को नहीं मिल पाता। महिला एवं बाल विकास मध्यप्रदेश शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के उन्मुखी करण हेतु विभिन्न् योजनाओं का क्रियांनवयन किया जाता है। मध्यप्रदेश शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के उन्मुखी करण हेतु विभिन्न् योजनाओं का क्रियांनवयन किया जाता है।

# पितृसत्ता पर सीधा प्रहार करती फिल्म स्त्री-2

**डॉ. पूजा दिक्षित**

शैतान ने जो सबसे बड़ी चाल चली, वह दुनिया को यह विश्वास दिलाना था कि उसका कोई अस्तित्व नहीं है। द यूजुअल सस्पेक्ट्स। यह उद्धरण स्त्री- 2 के लिए एक उपयुक्त प्रस्तावना के रूप में कार्य करता है। एक हॉरर कॉमेडी जिसने न केवल बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाया बल्कि दर्शकों को सोचने के लिए बहुत कुछ दिया है। अपनी रोमांचक सतह के नीचे, स्त्री-2 फिल्म पितृसत्तात्मक उत्पीडन्न पर एक गहन टिप्पणी प्रस्तुत करते हुए महिलाओं की स्वायत्तता को कमजोर करने वाली गहरी सामाजिक संरचनाओं को चजागर करती है। फिल्म शहर के एक शांतिपूर्ण इलाके में पुरुष होती है, लेकिन जैसे ही आगे बढ़ती है जल्द ही एक डरावनी वास्तविकता को उजागर करती हुई आगे बढ़ती है। एक रहस्यमय राक्षस पूरे शहर को परेशान करता दिखता है। जो खुली सोच वाली तरक्की पसंद तन युवा महिलाओं को अपना शिकार बनाता है जो पारंपरिक लैंगिक भूमिकाओं को चुनौती देने की हिम्मत करती हैं। रक्रस दमनकारी सामाजिक ताकतों का एक प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व करता दिखता है। जो उन महिलाओं को निशाना बनाते है जो सपने देखने, स्वतंत्र रूप से सोचने और परंपरा के दायरे से बाहर कदम रखने की हिन्नत विखाती है। यह विचलित करने वाला रूपक तन तमाग विमाओं को विकसित करता चलता है कि कैरो पितृसत्तात्मक समाज महिलाओं के व्यक्तित्व और उनकी इच्छाओं की निगल जाता है। समाज उनके अस्तित्व को नियंत्रित करने के लिए किस तरह भय का वातावरण तैयार करता है। फिल्म महत्वपूर्ण किरदार राजकुमार राव को इर्द-गिर्द घुमती हैं। जो फिल्म में एक महिला दर्जी की भूमिका में है। पारंपरिक सोच वाले पितृसत्तात्मक समाज में यह पुरुशों के लिए एक अपरंपरागत पेशा है। फिल्म की भूमिकाएं परम्परागत लैंगिक भूमिकाओं को मरोड़ती दिखती है। सामाजिक रूढय़िों को चुनौती देती है और संबंधों के आधुनिक कैनवास पर नयी गतिशीलता दर्ज करती दिखाती है। श्रद्धा कपूर का किरदार एक भूत से प्यार अलग ही तरह की डायनेनिक्स है। एक ऐसी दुनियां जहां प्यार समानता और हिस्सेदापी जैसे मुददों पर खुलकर बात होती है। जहाँ पुरुष-महिला के सह-अस्लिल्या, सहयोग और समानता के नए शैतिजों का विस्तार करती हुई फिल्म आगे बढ़ती है। बश्रद्धा कपूर का किरदार परम्पराओं के पहाड़ पर प्रहार तो प्रभावी ढंग से करता है पर फिर भी महिलाओं के इंद्र में चंसी स्त्री-2 की कहानी महिला पीला को बार-बार याद दिलाती है। फिल्म कैसे पितृसत्तात्मक रौटिंग में नेविगेट करते हुए यह अनुग्रह और शक्ति को संतुलन के साथ आगे बढ़ती है। यह दर्शकों को राजग, राजीव और सचेत बनाए सबता है। जैसे-जैसे फिल्म आगे बढ़ती है कहानी गायब होने की एक श्रृंखला के साथ घनी होती जाती है। गैर-अनुरूपता को हिंसक परिणामों पर यह टिप्पणी इस बात की कड़ी पाद दिलाती है कि पितृसतात्मक व्यवस्था नियंत्रण बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। फिल्म के पुरुष पात्री का चित्रण जो दिखने में साधारण पुरुष से लेकर क्रूर हमलावर तक है, दर्शाता है कि पितृरसता कैसे भ्रष्ट और विचलित व्यवहार को सामान्य मानती है। समाजशास्त्रीय लेस में स्वी-2 समाज के भयावह पक्षों को परत-दर-परत उड़ती हुई आगे बढ़ती है। पुरुष पात्र पशुवत और विश्वलित व्यवहार के वाहक हैं। जो पग-पग पर वास्तविक दुनिया के हमलों, हिंसा, छेडछाड और कुरताओं में प्रकट होती है। फिल्म स्मार्टली सम्झाती है कि कैसे पितृसत्तात्मक समाज व्यवस्था इन कूर भयावहताओं को महिलाओं को नियंवित करने के तरीकों के रूप में संचित लहराती है जो स्थापित रुढय़िों को मानने से इनकार करती है। यह विलित व्यवहार महिला स्वतंत्रता पर प्रहार है उनके आमाजिक दमन का हथियार है। खासकर उन लोगों के लिए जो प्रतिबंधात्मक जैनिक भूमिकाओं से मुक्त हो जाते हैं। फिल्म को अतिरिक्त सम्मान इस बात के लिए भी मिलना चाहिए कि केवल समस्या को उठाने तक सीमित नहीं दिखती है। जैसे-जैसे कथानक आगे बढ़ता है. फिल्म की रील उस रियल सामाजिक व्यवस्था का चित्रण पेश करती है जिसमें महिलाएं रिस-रिस कर रिक्त होने को अभिशप्त है। फिल्म का चरमोत्कर्ष अर्धनारीश्वर की अवधारणा को आयाजित करता है। जो स्त्री-पुरुष ऊर्जा के अजय स्रोत का एक मूल केन्द्रीय आख्यान है। जो इस सामाजिक वैचारिकी में रूपक के रूप में प्रयुक्त होता है कि सच्चा सामंजस्य और समानता पुरुषों महिलाओं के बीच परस्पर सम्मान और रागानता में निहित है। लैंगिक भूमिकाए कठोर होने के बजाय गतिशील होनी साहिए। प्रत्येक व्यक्ति के भीतर पुरुषत्व और स्त्रीला दोनों के अक्यव है। सम्यक सामाजिक दृष्टि पितृसतात्मक परंपराओं को चुनौती देते हुए एक ऐसे समाज की आकांक्षा करती है जहां लैंगिक समानताएं सम्मानपुर्वक प्रश्रय पाती हो।

स्त्री-2 न सिर्फ पितृसत्तात्मक हिंसा की आलोचना करती है बल्कि सामाजिक पाखंडों पर प्रहार करती है। शहर जो बाहरी रूप से एक शांतिपूर्ण और स्वागत करने वाला समुदाय विखता है। मूलत वहां पूर्वाग्रहों और कतरनाक रुढय़िों का केरा है। पूरी फिल्म में छिडक़ा हुआ हास्य और व्यंग्य इन पाखंडी समाज व्यवस्था का पोस्टमार्टम करता है। कई किरदार हमें याद दिलाते चलते है, आगे बढ़ते है कि पितृसता का जहरीला अभियान कितना भी प्राचीन क्यों न हो. फिर भी उसे चुनौती दी जा सकती है। हास्य, हॉरर और सामाजिक आहवाहन को अंतर्गुम्फित कर फिल्म सत्कृष्ट मानकों के साथ नए सामाजिक मूल्यों को मान्याता की पैरवी की प्रस्तुती है। अमर कौशिक का निर्देशन, नीरेन नह की पटकथा एक नयी स्त्री के अवतार को स्त्री-2 की कहानी में प्रस्तुत करते है, जहां न केवल मनोरंजन है बल्कि बौद्धिक बहसों की बेहद प्रेरणाएं प्रस्तुत है। फिल्म का हर दृश्य दर्शकों को दिखाता है कि कैसे समाज में छिपे रहास अदृश्य अभियानों की अगुवाई कर रहे है। लैंगिक वर्जनाओं के कठोर मानदंड कैसे पितृसत्तात्मक उत्पीडन्न करने वाले राक्षस के लिए राह बनाते है। साथ ही स्त्री-2 पूरे आम्वासन के साथ एक अहिंसक समाज व्यवस्था की वकालत करती है कि इन राक्षसों को सहानुभूति, समानता और आपसी सम्मान के माध्यम से हराया जा सकता है। अंत में फिल्म एक हॉरर-कॉमेडी से आगे बढक़र पितृसत्ता की बेडय़िों से मुक्ति का आहवाहन कर महिलाओं की वास्तविक दुनिया के संघर्षों का एक मार्गिक प्रतिबिंब पेश करती है। उल्लेखनीय यह है कि फिल्ग बराबर बदलावों की मांग करती है। पुरुषों और महिलाओं दोनों को एक ऐसे भविष्य को अपनाने का आग्रह करती है जहीं लैंगिक समानता कोई लक्ष्य मात्र नहीं है बल्कि एक आवश्यक सामाजिक वास्तविकता है। जब तक हम दमनकारी सामाजिक व्यवस्था के वंश को सहते रहेंगे यानि इसमें अकेत भागीदार बने रहेंगे, तब तक समाज में राक्षस राज करते रहेंगे। फिल्म सामाजिक बदलावों की पगबंत्रियों की पहचान कराते हुए पूरी होती है।

# एक नेशन-एक इलेक्शन, राजनेताओं का टेशन

**विनोद कुमार सिंह**

- जनता जर्नादन के कई सबाल एक नेशन एक इलेक्शन के कितने लाभ और कितने नुकसान विश्व के विशालत्तम लोकतंत्र भारत के चहूँ दिशाओं में एक ही गरमा गर्म चर्चा व चिन्तन हो रही है। अब यह मुद्दा लोकतंत्र का महापर्व चुनाव तक सीमित ना रह कर राजनीतिक दलों में बहस का मुद्दा बन गया है। विगत दिनों मोदी कैबिनेट ने वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद वन नेशन-वन इलेक्शन के लाभ और नुकसान पर गर्मा गर्म बहस छिड़ सी गई है। ऐसे में जनता जर्नादन के कई सबाल एक नेशन एक इलेक्शन के कितने लाभ और कितने नुकसान,मोदी सरकार व सतारूढ़ सहयोगी राजनीतिक दलो के लिए यह मोदी मिशन है,वही काँग्रेस समेत 15विपक्षी राजनीतिक दलों व क्षेत्रीय दलों के लिए टेशन है। आप को बता दे कि एक राष्ट्र-एक चुनाव की नीति के तहत लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। इस संदर्भ में मोदी सरकार संसद के आगामी शीतकालीन सत्र यानी नवंबर -दिसंबर में इस बारे में बिल पेश करेगी। सर्व विदित रहे कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व वाली कमेटी ने इस पर मार्च में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। कमेटी ने सिफारिश की थी कि लोकसभा और राज्यों के विधान सभा चुनाव एक साथ संपन्न होने के100 दिन के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव हो जाने चाहिए। वन नेशन-वन इलेक्शन का मतलब है कि भारत में लोक सभा और सभी राज्यों के विधान सभा चुनाव एक साथ कराए जाएं। साथ ही स्थानीय निकायों के चुनाव भी एक ही दिन या एक तय समय सीमा में कराए जाएं। पी एम मोदी लंबे समय से वन नेशन वन इलेक्शन की वकालत करते आए हैं। उन्होंने कहा था कि चुनाव सिर्फ तीन या चार महीने के लिए होने चाहिए,पूरे 5 साल राजनीति नहीं होनी चाहिए। साथ ही चुनावों में खर्च कम हो और प्रशासनिक मशीनरी पर बोझ न बढ़े। इसके पीछे मोदी सरकार का तर्क है कि इससे जनता को बार-बार के चुनाव से मुक्ति व चुनावी खर्च बचेगा और वोटिंग परसेंट में इजाफा होगा। सरकारें बार-बार चुनावी मोड में जाने की बजाय विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। प्रशासन को भी इसका फायदा मिलेगा,अधिकारियों का समय और एनर्जी बचेगी। इसका बड़ा आर्थिक फायदा भी है। सरकारी खजाने पर बोझ कम होगा और आर्थिक विकास में तेजी आएगी। आप के सबाल होगे कि वन नेशन-वन इलेक्शन का सुझाव किसने व कब दिया। आपको बता दे कि केन्द्र सरकार नें विगत दिनों पूर्व वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को कमेटी बनाई गई थी। कोविंद की कमेटी में गृह मंत्री अमित शाह,पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद,जाने माने वकील हरीश साल्वे,कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी,15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, पॉलिटिकल साइंटिस्ट सुभाष कश्यप,पूर्व केंद्रीय सतर्कता आयुक्त(CVC) संजय कोठारी समेत 8 मेंबर हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के विशेष सदस्य बनाए गए हैं। कमेटी ने इसके लिए 62 राजनीतिक पार्टियों से संपर्क किया। इनमें से 32 पार्टियों ने वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन किया। वहीं,15 दलों ने इसका विरोध किया था। जबकि 15 ऐसी पार्टियां भी थीं,जिन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। 191दिन की रिसर्च के बाद कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी. कमेटी की रिपोर्ट 18 हजार 626 पेज की है। कोविंद समिति के सिफारिशें पर नजर डाल लेते है।

*वन नेशन -वन इलेक्शन की ओर बढ़ने के लिए सरकार को एक बार ही एक बड़ा कदम उठाना होगा।

*इसके तहत केंद्र सरकार लोकसभा चुनाव 2029 के बाद एक तारीख तय करेगी।

*इस तारीख पर ही सभी राज्यों की विधानसभाएं भंग हो जाएंगी।

-इसके बाद पहले फेज में लोकसभा के टर्म के हिसाब से सभी विधानसभाओं के चुनाव कराए जाएंगे।

*इसके 100 दिन के अंदर दूसरे फेज में नगर निकाय और पंचायत चुनाव कराए जाएंगे।

*इन सभी चुनावों के लिए एक ही वोटर लिस्ट होगी।

*लोकतंत्र में कोई सरकार गिर भी सकती है. ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव के कारण लोकसभा या किसी विधानसभा के भंग होने पर ये सुझाव दिया गया है कि नए चुनाव उतने ही समय के लिए कराए जाएं, जितना समय सदन का बचा हुआ है।

*इसके बाद लोकसभा के साथ फिर नए सिरे से चुनाव कराए जाएं।

*इस कानून को पास कराने के लिए 18 संवैधानिक संशोधन ज़रूरी होंगे ज़्यादातर संशोधनों में राज्यों की मंजूरी जरूरी नहीं है।

*इस प्रस्ताव पर आगे बढ़ने से पहले देश भर में जनता और अलग-अलग नागरिक संगठनों की राय ली जाएगी । वन नेशन वन इलेक्शन के रास्ते में सबसे पहले तो संसद में ही चुनौती आएगी। एक देश एक चुनाव के लिए कई संवैधानिक संशोधनों की ज़रूरत होगी। इसके लिए संसद के दोनों ही सदनों में सरकार के सामने दो-तिहाई बहुमत जुटाने की चुनौती है।

*राज्यसभा में सरकार के पास पूर्ण बहुमत नहीं है। 245 सीटों में से एन डी ए (NDA)को 112 सीटें ही हासिल हैं,जबकि दो-तिहाई बहुमत का आंकड़ा 164 पर होगा।

*लोकसभा में भी 543 सीटों में से दो-तिहाई बहुमत का आंकड़ा 362 है,जबकि एनडीए (NDA)के पास 292 सीटें ही हैं। हालांकि,दो-तिहाई बहुमत का फैसला वोटिंग में हिस्सा लेने वाले सदस्यों की संख्या के आधार पर तय होता है।

*वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर संघवाद की चिंता भी है। कुछ जानकारों का कहना है कि इससे भारत की राजनीतिक व्यवस्था के संघीय ढांचे पर असर पड़ेगा। राज्य सरकारों की स्वायत्तता कम होगी। विधि आयोग भी मौजूदा संवैधानिक व्यवस्था में एक साथ चुनाव की व्यावहारिकता पर सवाल उठा चुका है।

*व्यावहारिक तौर पर देखा जाए तो एक साथ चुनाव कराने में भारी मात्रा में संसाधनों की ज़रूरत पड़ेगी, जिसका इंतजाम करना चुनाव आयोग के लिए एक बड़ी चुनौती है।

एक साथ चुनाव कराने के लिए बड़ी मात्रा में ई बी एम(EVM)और ट्रेंड लोगों की ज़रूरत पड़ेगी.ताकि पूरी चुनावी प्रक्रिया ठीक से पूरी की जा सके।

*वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व का भी सवाल है। अक्सर होने वाले चुनावों के ज़रिए जनता समय-समय पर अपनी पसंद तय कर सकती है, लेकिन अगर सिर्फ 5 साल बाद ऐसा होगा,तो जनता की इस पसंद को ज़ाहिर करने में दिक्कत आएगी।

*इससे एक पार्टी के प्रभुत्व का ख़तरा बढ़ जाएगा। कई अध्ययन बताते हैं कि जब भी एक साथ चुनाव होते हैं,तो एक ही पार्टी के राष्ट्रीय और राज्य चुनावों के जीतने की संभावना बढ़ जाती है। जिससे स्थानीय और राष्ट्रीय मुद्दों में घालमेल हो जाता है।

*वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर कई कानूनी पेचीदगियां हैं। कई जानकारों का कहना है कि एक देश एक चुनाव के कानून को कई संवैधानिक सिद्धांतों पर भी खरा उतरना पड़ेगा। अगर एक देश,एक चुनाव होता है तो ये चुनाव प्रक्रिया पांच साल में एक ही बार होगी या फिर बीच में कुछ विधानसभाएं भंग हुईं,तो उतनी बार चुनाव होंगे। समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा कि त्रिशंकु स्थिति या अविश्वास प्रस्ताव या ऐसी किसी स्थिति में नयी लोकसभा के गठन के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। समिति ने कहा कि लोकसभा के लिए जब नये चुनाव होते हैं,तो उस सदन का कार्यकाल ठीक पहले की लोकसभा के कार्यकाल के शेष समय के लिए ही होगा। जब राज्य विधानसभाओं के लिए नए चुनाव होते हैं,तो ऐसी नयी विधानसभाओं का कार्यकाल(अगर जल्दी भंग नहीं हो जाएं)लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल तक रहेगा। समिति ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था लागू करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 83(संसद के सदनों की अवधि) और अनुच्छेद172(राज्य विधानमंडलों की अवधि)में संशोधन की आवश्यकता होगी।

# पत्रकारिता एवं राष्ट्रवादी सोच के जुझारू-व्यक्तित्व

**प्रो. महेश चौधरी**

**ललित गर्ग षष्ठीपूर्ति - 24 सितम्बर**

पत्रकारिता एवं समाजसेवा के एक जुझारू व्यक्तित्व, मजबूत कलम एवं निर्भीक वैचारिक क्रांति के सूत्रधार, उत्कृष्ट राष्ट्रवादी एवं अनेक पत्रिकाओं के सम्पादक ललित गर्ग का जीवन एक संभावनाओं भरी प्रेरक जीवन की दास्तान है। उनका जीवन सफर आदर्शों एवं मूल्यों की पत्रकारिता की ऊंची मीनार हैं। वे पत्रकार, लेखक, स्तंभकार हैं, वही उनका सामाजिक जीवन भी प्रेरक हैं। उन्हें निर्भीक विचारों, स्वतंत्र लेखनी और बेबाक राजनैतिक टिप्पणियों के लिये जाना जाता रहा है। उनको पढ़ने वाले लोगों की संख्या लाखों में है और अपने निर्भीक लेखन से वे काफी लोगों के चहेते हैं। वे न केवल अपने वैचारिक आलेखों के जरिये राष्ट्र की ज्वलंत समस्याओं को सशक्त तरीके से प्रस्तुति देते रहे बल्कि गरीबों, अभावग्रस्तों, पीड़ितों और मजलूमों की आवाज बनते रहे। अपनी कलम के जरिये उन्होंने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी कलम जब भी चली उन्होंने लाखों लोगों की समस्याओं को सरकारों और प्रशासन के सामने रखा और भारतीय लोकतंत्र में लोगों की आस्था को और मजबूत बनाने में योगदान दिया।

ललित गर्ग को हम भारतीयता, पत्रकारिता एवं सामाजिकता का अक्षयकोष कह सकते हैं, वे चित्रता में मित्रता के प्रतीक हैं तो गहन मानवीय चेतना के चितेरे जुझारु, निडर, साहसिक एवं प्रखर व्यक्तित्व हैं। लाखों-लाखों की भीड़ में कोई-कोई ललितजी जैसा विलक्षण एवं प्रतिभाशाली व्यक्ति जीवन-विकास की प्रयोगशाला में विभिन्न प्रशिक्षणों-परीक्षणों से गुजर कर अपनी मौलिक सोच, कर्मठता, कलम, जिजीविषा, पुरुषार्थ एवं राष्ट्र-भावना से समाज एवं राष्ट्र को अभिप्रेरित करता है। उन्होंने आदर्श एवं संतुलित समाज निर्माण के लिये कई नए अभिनव दृष्टिकोण, सामाजिक सोच और कई योजनाओं की शुरुआत की। ललितजी एक ऐसे जीवन की दास्तान है जिन्होंने अपने जीवन को बिन्दु से सिन्धु बनाया है। उनके जीवन की दास्तान को पढ़ते हुए जीवन के बारे में एक नई सोच पैदा होती है। उनके जीवन से कुछ नया करने, कुछ मौलिक सोचने, पत्रकारिता एवं सामाजिक जीवन को मूल्य प्रेरित बनाने, सेवा का संसार रचने, सद्प्रवृत्तियों को जागृत करने की प्रेरणा मिलती रहेगी।

ललित गर्ग एक सरल सा व्यक्तित्व। हर किसी के सुख दुख में साथ खड़े रहने वाले समाजसेवी ललित गर्ग का जन्म 24 सितंबर 1964 को राजस्थान में अजमेर जिले के किशनगढ़ में हुआ। आपको साहित्य और पत्रकारिता के संस्कार अपने पिता श्री रामस्वरूप गर्ग से मिले और समाजसेवा का हुनर अपनी दोनों माताओं स्वर्गीय श्रीमती सत्यभामा गर्ग और श्रीमती चंद्रप्रभा देवी गर्ग से विरासत में पाया। गांधी, विनोबा और जयप्रकाश नारायण के अनन्य सहयोगी आपके पिताश्री स्व. रामस्वरूपजी गर्ग राजस्थान के यशस्वी पत्रकार, समाजसेवी एवं विचारक रहे हैं, उन्होंने करीब तीस वर्षों तक जैन विश्वभारती के प्रारंभ से अपने जीवन के अंतिम समय तक प्रथम कार्यकर्ता के रूप में उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान की। यही वजह है कि श्री ललित गर्ग का झुकाव तेरापंथ धर्मसंघ एवं अणुव्रत की प्रवृत्तियों में बचपन से ही शुरू हो गया था।

बचपन से कलम और स्याही के प्रति आकर्षण के चलते आपने छोटी-सी अवस्था में ही लेखन प्रारंभ कर दिया। आपकी प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान के लाडनूं से और हायर एजूकेशन चूरू जिले के सुजानगढ़ के सुजला कॉलेज से हुई, जहां से आपने बीकॉम की डिग्री प्राप्त की । इसके बाद आप सीकर में लक्ष्मणगढ़ के प्रतिष्ठित बादूसरिया परिवार के श्री घनश्यामजी बादुसरिया एवं श्रीमती ग्यारसीदेवी बादुसरिया की सुपुत्री बेला के साथ परिणय सूत्र में बंध गए। आज आप तीन बच्चों के आदर्शवादी पिता हैं। पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदियों में संतुलन बनाकर चलने वाले ललित गर्ग पर मां सरस्वती की अद्भुत कृपा है। यही वजह है कि उन्होंने लेखन को ही अपने जीवन का आधार बनाया। नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति आस्था रखने वाले ललित गर्ग का लेखन हजारों लोगों को प्रेरणा प्रदान कर रहा है। आपके अणुव्रत पाक्षिक के परिक्रमा कॉलम में लिखे लेख एवं समृद्ध सुखी परिवार पत्रिका के संपादकीय सशक्त लेखनी के परिणाम हैं। आपका लेखन लगातार जारी है जैसे ही सुबह होती है देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में आपके कॉलम और लेख पढ़े जा सकते हैं।

लेखन के साथ-साथ संपादन कला में सूक्ष्म दृष्टि रखने वाले ललित गर्ग ने अणुव्रत पाक्षिक पत्रिका का लगभग दो दशक तक संपादन करने के साथ तेरापंथ टाइम्स एवं युवादृष्टि का संपादकीय कार्य भी लंबे समय तक निभाया है। केवल इतना ही नहीं आपका सपना है कि हर परिवार सुखी और समृद्ध बने इसी परिकल्पना को लेकर आध्यात्मिक विचारों से ओतप्रोत समृद्ध सुखी परिवार पत्रिका का आपने लंबे वक्त तक संपादन किया। आपके संपादन में देशभर से निकलने वाली पत्र पत्रिकाओँ की सूची बहुत लंबी है इनमें श्री विजय इन्द्र टाइम्स मासिक, समाज दर्पण, अनुभूति, दृष्टि, निर्गुण चदरिया, आचार्य महाप्रज्ञ प्रवास समिति पत्रिका, स्वर्णिम आभा सूरज की और गाथा पुरुषार्थ की प्रमुख हैं। आप दिल्ली से हिन्दी और अंग्रेजी में निकलने वाली साप्ताहिक मैगजीन उदय इंडिया के आध्यात्मिक संपादक रहने के साथ कई वर्षों से 'लोकतंत्र की बुनियाद' एवं 'सफर आपके साथ' मासिक पत्रिका के संपादकीय सलाहकार भी हैं। आप देशभर की अनेक संस्थाओं से जुड़कर अपने सामाजिक दायित्व को बखूबी निभा रहे हैं। इनमें लायंस क्लब से लेकर मारवाडी सम्मेलन, अणुव्रत समिति और महासमिति से लेकर जैन विश्व भारती में आपका सक्रिय योगदान संस्थाओं को नई दिशा प्रदान कर रहा है। आपका अणुव्रत आंदोलन के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आचार्य तुलसी, आचार्य महाप्रज्ञ एवं वर्तमान में आचार्य महाश्रमण के मिशन और कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान है। पत्रकारिता और लेखन के आपको कई पुरस्कारों से नवाजा गया है। इनमें 1 लाख रूपये का आचार्य महाप्रज्ञ प्रतिभा पुरस्कार राष्ट्रीय चेतना पुरस्कार सहित इक्यावन हजार रूपये का अणुव्रत लेखक सम्मान सहित दर्जनों पुरस्कार शामिल हैं ।

आप हंसमुख और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं यही वजह है कि देशभर में आपका राजनेताओं, साहित्यकारों, पत्रकारों, समाजसेवियों से व्यापक जनसंपर्क है। नैतिक एवं स्वस्थ लेखन आपकी प्राथमिकता है और इसको शक्तिशाली बनाने के लिए अणुव्रत लेखक मंच के संयोजक के रूप में आपने अनेक राष्ट्रीय संगोष्ठियों एवं सम्मेलनों का आयोजन किया। ये आपकी दूरदर्शिता का ही परिणाम रहा कि संत हरचंद सिंह लोंगोवाल एवं आचार्य श्री तुलसी-आचार्य श्री महाप्रज्ञ के बीच पंजाब समस्या को लेकर हुई महत्वपूर्ण वार्ता के आप साक्षी बने एवं इस वार्ता का आपने देशव्यापी प्रचार-प्रसार किया। यही वार्ता पंजाब समस्या के समाधान का माध्यम बनी थी। साल 2006 में आपने आदिवासी जनजीवन के प्रेरक जैन संत गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में आदिवासी उत्थान एवं उन्नयन के साथ-साथ परिवार संस्था को मजबूती देने के लिए सुखी परिवार अभियान का सूत्रपात किया। इसी के लिए सुखी परिवार फाउंडेशन को संगठित किया एवं गुजरात के आदिवासी अंचल कवांट, बलद गांव एवं बोडेली में शिक्षा, सेवा और जनकल्याण की वृहद् योजनाओं को आकार दिया गया। आपके महामंत्री रहते हुए कवांट में एक विशाल आदिवासी समागम हुआ जिसमें डेढ़ लाख से ज्यादा आदिवासी उपस्थित रहे। इस आयोजन में तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सुखी परिवार एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की आधारशिला रखी।

राष्ट्र प्रथम का भाव आपके हृदय में निवास करता है। आप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं उससे जुड़े विद्या भारती उपक्रम के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं और दिल्ली से अखिल भारतीय स्तर पर विद्या भारती के विद्वत परिषद के सदस्य होने के साथ दिल्ली के संवाददाता प्रमुख भी हैं। आप वर्तमान में गाजियाबाद के सूर्यनगर एज्यूकेशनल सोसायटी एवं उसके द्वारा संचालित प्लेटिनम वैली इन्टरनेशनल स्कूल के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। ललितजी आपका दृष्टिकोंण मानवीय है, नैतिकता और आदर्श आपके व्यक्तित्व के सूचक हैं। आप दूसरों के दर्द को अपना समझते हैं। आपका ज्ञान मां गंगा की तरह आपका धैर्य धरती जैसा है आपका व्यक्तित्व हिमालय जैसा विराट है। आप जैसा निश्चल व्यक्तित्व सदियों में जन्म लेता है। आपके हृदय में राष्ट्र और राष्ट्रीयता का भाव कूट-कूट कर भरा है। कहते हैं कि प्रत्येक पर्वत पर मणि नहीं होती प्रत्येक वन में चन्दन नहीं होता। ऐसे ही हर किसी को आप जैसा पिता, भाई, पति, और मित्र नहीं मिलता। आपको ईश्वर चिर-आयु के आशीर्वाद से सदैव परिपूर्ण रखे। आपका ओजस्वी तेजस्वी और यशस्वी व्यक्तित्व समाज एवं राष्ट्र का मार्गदर्शन करता रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### राज्यपाल संतोष गंगवार ने की बाबा बासुकीनाथ के फौजदारी दरबार में पूजा-अर्चना

दुमकाःझारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने सोमवार को बाबा बासुकीनाथ के फौजदारी दरबार में विधि विधान से पूजा अर्चना की। पंडित सारंग बाबा और कुंदन झा ने अपने सहयोगियों के साथ महामहिम को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच विधि विधान से पूजा अर्चना एवम आरती करायी। मौके पर जिला के कई वरीय पदाधिकारी सहित मंदिर कर्मी, अन्य पंडा पुरोहित तथा पूर्व राज्यसभा सांसद अभयकांत प्रसाद, स्थानीय पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर के इग्नू अध्यन केन्द्र में नामांकन तिथि बढ़ा

दुमकाःइंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय देवघर से प्राप्त सूचना के आधार पर मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर के इग्नू अध्यन केन्द्र 87019 के समन्वयक डॉ गजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि जुलाई सत्र 2024 में छात्र -छात्राओं के हित में नामांकन दाखिला हेतु अंतिम तिथि 30 सितंबर 2024 तक बढ़ा दी गई है।स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स में नामांकन के लिए इग्नू की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन किया जा सकता है।एसी,एसटी छात्र -छात्राओं के लिए बीए,बी कॉम, बीएससी के पास कोर्स में निःशुल्क नामांकन की सुविधा दी गई है। नामांकन में परेशानी होने पर ignou.ac.in पर ईमेल से सम्पर्क किया जा सकता है।विशेष जानकारी हेतु मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर के इग्नू अध्यन केन्द्र 87019के समन्वयक डॉ गजेन्द्र कुमार सिंह से निम्न पर 7764090206 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### आगामी दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक आयोजित

दुमकाःआगामी दुर्गा पूजा को लेकर सोमवार को जामा थाना परिसर में अंचलाधिकारी अशोक बड़ाइक की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर अंचलाधिकारी ने शांति समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के गाइड लाइन के अनुसार सभी पूजा पंडालों में व्यवस्था बनाए और शांति पुर्वक आपसी प्रेम और सद्भाव से त्योहार मनाएं। कहा कि सभी पूजा पंडालों में प्रशासन द्वारा पुलिस और दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जायेंगी। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा में शांति समिति और पूजा पांडाल के सदस्यों को सक्रियता दिखाते हुए पूजा संपन्न करानी है। गाइड लाइन का पालन करते हुए सभी पूजा पंडालों में संभवत सीसीटीवी कैमरे लगाए। वोलंटियर्स की निगरानी में पूजा पांडाल में व्यवस्था बनाएं| सभी पंडालों में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग गेट बनाएं। विसर्जन पुराने रूट में करें और पहले प्रशासन को पूरा रूट चार्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि विसर्जन में डीजे पूर्ण रुप से प्रतिबंधित रहेगा। पूजा में सोशल मीडिया पर प्रशासन की पूर्ण निगरानी रहेगी । कहा कि इस दौरान किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी तरह की सूचना मिलते ही तुरंत थाना को सूचित करे। बैठक में मुख्य रूप से एसआई राजेन्द्र कुमार, चिकित्सक डा आलोक कुमार सिंह, बीपीएम अनूप गुप्ता,मुखिया संतोष पुजहर, गोखुल सोरेन,प्रेम साह, सत्तार खान, गोतम दर्वे, निरंजन दत्ता, उमा यादव, शिवेंद्र जायसवाल ,फिरोज भाट आदी अनेकों सदस्य मौजूद थे।

### परिवर्तन यात्रा के तहत आयोजित जनसभा की सफलता को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित

दुमकाःआगामी 25 सितंबर को रामगढ़ प्रखंड के इटबंधा स्टोन क्रशर मैदान में भाजपा की ओर से आयोजित जामा विधानसभा स्तरीय परिवर्तन यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा नौखेता पंचायत इकाई की बैठक महामंत्री केदारनाथ राय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। परिवर्तन यात्रा में नौखेता पंचायत के सभी गांव एवं बूथों से बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने नौखेता पंचायत के विभिन्न गांवों से बाइक रैली लेकर कार्यक्रम स्थल तक जाने का निर्णय लिया। महिलाओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न गांवों में सवारी की व्यवस्था करने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर भाजयुमो के प्रखंड अध्यक्ष ओम कुमार साह ने कहा कि परिवर्तन यात्रा के तहत आयोजित जनसभा को भाजपा के राज्य अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य रूप से संबोधित करेंगे। परिवर्तन यात्रा के माध्यम से भाजपा राज्य में सत्ता परिवर्तन के अभियान का श्री गणेश कर रही है। बाबूलाल मरांडी के संबोधन को देखते हुए जनसभा को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी चल रही है। रामगढ़ प्रखंड में सभा के आयोजन को देखते हुए सभा में अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति का सुनिश्चित करना भाजपा की रामगढ़ इकाई का दायित्व है। इसके लिए सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रयास करना पड़ेगा। बैठक में मुख्य रूप से मानदेव पोचर, कंचन राय, परमेश्वर राय, सत्यनारायण राय,प्रमोद राय, मिथिलेश राय, जिया राय, विदेशी राय, सुखी राय, दिनेश राय, विनोद राय, रामफल राय, प्यारी राय आदि उपस्थित थे।

### चर्बी की दुर्गंध की शिकायत पहुंची सीएम के द्वार

अलीगढ़ (ईएमएस)। शहर में फैल रही चर्बी की तीक्ष्ण बदबू की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की गई है। भाजपा के सह जिला कोषाध्यक्ष सुशील गुप्ता उर्फ हरवेंद्र गुप्ता ने इससे निजात दिलाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा है कि रात 10 बजे से अगले दिन सुबह सात बजे तक पूरे शहर में लोगों को भयंकर चर्बी की दुर्गंध झेलनी पड़ रही है। इससे शहर के बुजुर्गों व बच्चों को काफी समस्याएं हो रही हैं। लोगों को जी मिचलाना, उल्टी की समस्या हो रही है। सांस के रोगियों को विशेष समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा है कि दिवाली जैसा बड़ा त्योहार व अन्य त्योहार आने वाले हैं। उन्होंने आशंका जताई है कि इस चर्बी का उपयोग देसी घी बनाने में न किया जा रहा हो। इसकी भी जांच कराई जाए।

# सिदो कान्हू मुर्मू विवि का आठवां दीक्षांत समारोह आज

### दीक्षांत सामारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार होंगे शामिल-कुलपति




दुमकाःसिदो कान्हू मुर्मु विश्वविद्यालय का आठवां दीक्षांत समारोह आज मंगलवार को है। झारखंड राज्य के राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति शामिल होंगे। इस दीक्षांत समारोह में कुल 139 छात्र-छात्राओं को डिग्री व मेडल प्रदान किए जाएंगे। इस समारोह में विभिन्न परीक्षाओं के कुल 63 छात्र-छात्राओं को महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति द्वारा स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे तथा विशिष्ट अतिथि डॉ क्षिति भूषण दास द्वारा 76 पीएचडी शोधार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। कल सोमवार को कार्यक्रम स्थल पर स्वर्ण पदक व पीएचडी डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण किया गया जिसमें स्वर्ण पदक प्राप्त सूची के 52 छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया जबकि कुल 61 पीएचडी शोधार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। रजिस्ट्रेशन कराने वाले छात्र-छात्राओं को आज के दीक्षांत समारोह में डिग्री या मेडल प्रदान किए जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं व पीएचडी शोधार्थियों के लिए सीटें आवंटित कर दी हैं सोमवार को कार्यक्रम स्थल पर शैक्षणिक जुलूस का ड्रेस रिहर्सल किया गया तथा लोटा-पानी के पारंपरिक स्वागत का भी अभ्यास किया गया। मीडिया को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने पिछले एक वर्ष में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि मेरे कार्यकाल में पिछले जून माह से अब तक कुल 109 परीक्षाएं आयोजित की गई हैं, जिसमें 10 यूजी, 7 पीजी तथा 92 वोकेशनल कोर्स की परीक्षाएं शामिल हैं। उक्त परीक्षाओं में कुल 256717 छात्र-छात्राएं शामिल हुए हैं, जिसमें से 214510 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस दीक्षांत समारोह में 20 परीक्षाओं के कुल 20837 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं, जिसमें से विभिन्न विषयों के 63 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। प्रेस को संबोधित करते हुए कुलपति बिमल प्रसाद सिंह ने कहा कि कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरू होगा तथा 12 बजे तक चलेगा।

#### मैडल एवं उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं की संख्यां

पोस्ट ग्रेजुएट, सत्र-2021-23-2083,अंडर ग्रेजुएट, सत्र-2020-23-16280,कंप्यूटर एप्लीकेशन में मास्टर, सत्र-2021-23-19, कंप्यूटर एप्लीकेशन में मास्टर, सत्र-2018-21-02, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर, सत्र-2021-23-07, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर, सत्र-2020-22-12, लाइब्रेरी साइंस में मास्टर, सत्र-2022-23-10, लाइब्रेरी साइंस में मास्टर, सत्र-2021-22-07, लाइब्रेरी साइंस में बैचलर, सत्र-2022-23-81, लाइब्रेरी साइंस में बैचलर, सत्र-2021-22-104, शिक्षा में बैचलर, सत्र-2021-23-1605, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में बैचलर, सत्र-2020-23-35, कंप्यूटर एप्लीकेशन में बैचलर, सत्र-2020-23-97, एलएलबी, सत्र-2018-21 -65, बैचलर इन वोकेशनल (आईटी), सत्र-2018-21-10, बैचलर इन साइंस नर्सिंग, सत्र-2019-23-13, बीएससी एमएलटी, सत्र-2020-23-14, बैचलर इन साइंस ऑप्थेल्मिक, सत्र-2020-23- 01, बैचलर इन साइंस ऑप्थेल्मिक, सत्र-2019-22- 02, मास्टर इन एजुकेशन, सत्र-2021-23 – 14, विभिन्न संकायों से पीएचडी डिग्री प्राप्त करने वाले शोधार्थी – 76

## स्थानीय मछुआरों ने निकाला चेक डैम में डूबे युवक का शव

### बीते रविवार को दोस्तों संग नहाने के क्रम में डूबने से हो गयी थी युवक की मौत,परिजनों ने दोस्तों पर लगाया हत्या का आरोप



दुमकाःजामा थाना क्षेत्र के महारो के समीप स्थित चेक डैम में डूबे युवक के शव को सोमवार को जामा थाना पुलिस की निगरानी में स्थानीय मछुआरों ने डैम से बाहर निकाल लिया।ज्ञात हो कि रविवार को बासुकीनाथ के पांच युवक महारो के पास स्थित चेक डैम में स्नान करने गए थे। नहाने के लिए सभी पांच युवक डैम में उतरे, लेकिन उनमें से चार युवक बाहर निकले, एक युवक पानी के अन्दर रह गया।जिसकी डैम में डूबने से मौत हो गई । युवक को खोजने में परिजन, स्थानीय नागरिक और जामा थाना पुलिस विफल रहे। तत्पश्चात पुलिस को मछुआरे या गौतखोर की मदद लेने की आवश्यता पड़ गई। सोमवार के सुबह मछूआरो और ग्रामीणों के सहयोग से युवक का शव बरामद कर लिया गया।मिली जानकारी के अनुसार मृत युवक बासुकीनाथ बस स्टैंड के पास स्थित मकान में रहता था। युवक जरमुंडी प्रखंड के दौलत पुर गांव का निवासी बताया गया है। जिसकी पहचान सुमन कुमार यादव 22वर्ष पिता सुरेश मांझी उर्फ ढीबू मांझी के रूप मे हुई है। सुबह जैसे ही स्थानीय मछुआरों और ग्रामीणो के मदद से शव बरामद किया गया, घरवालों और परिजन ने दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाना शुरू कर दिया। इधर जामा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। वहीं घर वालों ने साथ नहाने आए दोस्तों पर ही हत्या का आरोप लगाया है। इस मामले में थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि अभी पूछताछ की जा रही है।पूरी जांच पड़ताल के बाद ही घटना का पता चलेगा। परिजनों के द्वारा अभी तक लिखित आवेदन नहीं दिया गया है।

## गोपीकांदर पहुंची भाजपा की परिवर्तन रैली का भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत

दुमकाःभारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित परिवर्तन रैली सोमवार को गोपीकांदर प्रखंड पहुंची. गोपीकांदर प्रखंड के कल्याणपुर, खरौनी बाजार, दलदली एवं गोपीकांदर सहित सातों शक्ति केंद्रों में परिवर्तन रैली रथ का जोरदार स्वागत किया गया। परिवर्तन रैली रथ में सवार गोड्डा विधायक अमित मंडल, भाजपा नेता दुर्गा मरांडी सुफल मरांडी, दानिएल किस्कू, बाबूधन मुर्मू, साहेब हांसदा एवं माईनो मुर्मू का भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। गोड्डा विधायक अमित मंडल ने उपस्थित भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान झामुमो एवं कांग्रेस की भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा की ओर से परिवर्तन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. इसके माध्यम से भाजपा द्वारा राज्य सरकार की नाकामियों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है. झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने जनता को पूरे पांच वर्षों के कार्यकाल में सिर्फ ठगने का काम किया है. आज जब सरकार अपने कार्यकाल के अंतिम समय में है तो यह लोक लुभावने घोषणा कर रही है, जिसे जनता पूरी तरह से समझ चुकी है. इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूरे सूबे में परिवर्तन यात्रा के तहत जनसभा व रोड शो का आयोजन किया जा रहा है। इस परिवर्तन यात्रा के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. विधायक ने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा साहेबगंज से शुरू हुई जो पूरे राज्य में चलाई जायेगी। हेमंत सोरेन ने 2019 के चुनाव के घोषणा पत्र में पांच लाख सरकारी नौकरी देने, नौकरी नहीं देने पर बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी।

## तरंग का नृत्य, गायन व चित्रकला का वार्षिक प्रतियोगिता का सफल समापन



धनबाद, (बोकारो), बुध विहार IV के सभागार में धनबाद के द क्लब इंडिया के तत्वाधान में तरंग का सांस्कृतिक नृत्य गीत संगीत का वार्षिक प्रतियोगिता का संपन्न हुआ। कार्यक्रम के निदेशक संतोष रजक ने बताया कि कार्यक्रम का रविवार को शानदार प्रस्तुति की गई।साथ ही प्रतिभागियों भागियो ने प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक नृत्य, संगीत एवं गायन की शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों को सोलो डुएट,ग्रुप ट्रायो नृत्य एवं गायन में अतिथियों द्वारा मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोकल बच्चों को हौसला अफजाई कर, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंचकर उनके अंदर छिपी प्रतिभा को निखारना है।इस कार्यक्रम में झारखंड के कलाकारों ने हिस्सा लिया।इस कार्यक्रम में लोक नृत्य,शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति बहुत यादगार एवं प्रशंसनीय था। इस कार्यक्रम में राजेश सिंह,अनूप गुप्ता, सुलतान अहमद ,रोहित रियांश,राजकुमार सुमन, उषा कुमारी,शिप्रा ने अपना योगदान दिया। जज की भूमिका असम की अभिनेत्री पुष्पा दास एवं सुमित सवारियां द्वारा किया गया।

## रेड क्रॉस सोसाइटी धनबाद में पूर्व एसडीएम, उदय रजक का विदाई समारोह का हुआ आयोजन



धनबाद। सोमवार को धनबाद के पूर्व एस डी एम सह उपाध्यक्ष, भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद उदय रजक का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व एसडीएम उदय रजक को समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शॉल ओढ़ाकर व माला पहना कर सम्मानित किया।भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद कार्यालय में रेडक्रास समिति धनबाद के कार्यकारिणी अध्यक्ष, कौशलेंद्र कुमार सिंह, भारतीय रेडक्रास समिति एवं उपाध्यक्ष, एडवोकेट धनेश्वर महतो, कुमार मधुरेन्द्र सिंह कार्यकारिणी सदस्य सह सलाहकार कार्यकारिणी अध्यक्ष, नोडल पदाधिकारी स्वास्थ्य डाक्टर जिम्मी अभिषेक, कोषाध्यक्ष श्वेताम्बरा पाठक,वाहन नोडल पदाधिकारी देवेन्द्र कुमार,अनिल कुमार भगत एवं वाईस पैट्रन एडवोकेट विजेन्द्र कुमार, लीला मांजी आजीवन सदस्य, विधोतमा बंसल, रोहित कुमार भारती लक्ष्मी नारायण एवं अन्य विदाई समारोह में शामिल हुए।

## जेएसएलपीएस की ओर से गठित संकुल संगठन की वार्षिक आमसभा आयोजित

दुमका : नया जीवन आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की ओर से वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। संकुल संगठन कार्यालय काठीकुंड में आयोजित वार्षिक आमसभा के मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि तेलीयाचक बाजार पंचायत की मुखिया शांति लता मुर्मू, मुखिया प्रतिनिधि विमल सोरेन तथा जेएसएलपीएस काठीकुण्ड बी पी एम इंचार्ज रामशंकर भगत का संकुल संगठन प्रतिनिधि द्वारा माल्यापर्ण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंच संचालन कर रहे नया जीवन आजीविका महिला संकुल संघ के पूर्व अध्यक्ष कल्पना महारानी एवं पीआरपी प्रमिला टुडू ने कहा कि नया जीवन आजीविका संकुल अंतगर्त 228 आजीविका सखी मंडल में कुल 2943 दीदियां जुडी हुई है। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक पदभार राम शंकर भगत के द्वारा बताया गया कि जेएस एल पी एस सरकार द्वारा दिये जा रहे सभी दिशा निर्देश के अनुसार योजनाओ को जन जन तक पहुंचाते हुए लोंगो को लाभान्वित करने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में संकुल संगठन के लेखापाल मिक्की संगीता सोरेन तथा संकुल के कोषाध्यक्ष करमेला मरांडी द्वारा पूरे वर्ष का संकुल का विवरण, लेखा जोखा, आय व्यय, दायित्व सम्पति की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तेलियाचक बाजार मुखिया शांतिलता मुर्मू द्वारा महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए जानकारी दी गई क्रि महिलाओ को सशक्त तथा स्वावलंबी बनाने की दिशा में सरकार अथक प्रयास कर रही है। कार्यक्रम मे केडर एवं चार समूह तथा चार ग्राम संगठन को प्रशस्ति पत्र देकर समानित किया गया। कार्यक्रम में महिला हिंसा,बाल विवाह, इत्यादि पर नाटक, भाषण दिया गया।कार्यक्रम के अंत में सभी बीडीओ मेंबर को सम्मानित करते हुए अध्यक्ष, मीरू मरांडी, सचिव कलावती देवी, कोषाध्यक्ष करमेला मरांडी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम को समाप्त किया। इस अवसर पर क्लस्टर के सभी केडर तथा हजारों की संख्या में दीदी की उपस्थित थे ।

**उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी का कार्यालय, बोकारो**
**(जिला सामान्य शाखा)**

**सूचना**

जिला अन्तर्गत चौकीदार की सीधी नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन–01/2024 सा0शा0 के आलोक में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा दिनांक–08.09.2024 को विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। लिखित परीक्षा उपरांत कोटिवार शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु सफल अभ्यर्थियों की सूची जिला के वेबसाईट www.bokaro.nic.in पर प्रकाशित किया जा रहा है।

शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थियों को दिनांक–28.09.2024 को पूर्वा0 05:00 बजे से जैप–4, सेक्टर–12 के मैदान में ससमय उपस्थित होकर शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेने हेतु यह सूचना निर्गत किया जाता है।

उपायुक्त,
बोकारो

PR 336668 District (24-25)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, जामताड़ा**
**Email Id:rdsdjmt@gmail.com**

अति–अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण संख्या–**RDD/SD/JAMTARA/RE/10/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप नं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जामताड़ा जिला अन्तर्गत नारायणपुर के तिलाबनी और बोरेटॉड़ के बीच जोरिया में पुल निर्माण। | 21417500.00 | 429000.00 | 10000.00 | 15 माह |
| 2 | जामताड़ा जिला अन्तर्गत प्रखण्ड नारायणपुर के पंचायत रूपडीह के ग्राम डोमरडीहा और आदिवासी टोला (बड़बाद) के बीच पुलिया निर्माण। | 26519900.00 | 531000.00 | 10000.00 | 18 माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक–25.09.2024 |
| 3. | ई0–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– | दिनांक–25.09.2024 से दिनांक–02.10.2024 (अपराह्न 5:00 बजे) |
| 4. | निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा की स्वीकार्य होगी। | | |
| 5. | निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदादाता की होगी। | | |
| 6. | निविदा खोलने का स्थान | :– | e-Procurement Cell, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, जामताड़ा। |
| 7. | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक–04.10.2024 (अपराह्न 2:00 बजे) |
| 8. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, जामताड़ा। |
| 9. | ई0–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या | :– | 9973957543 |
| 10. | अधोहस्ताक्षरी/सक्षम पदाधिकारी को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेंगा तथा निविदादाता को कारण पृच्छा का अधिकार मान्य नहीं होगा। | | |
| 11. | B.O.Q की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी। | | |

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, जामताड़ा।

PR.NO.336712 Rural Development(24-25):D

## स्व. बिनोद बिहारी महतो की 101वीं जयंती मनाई गई



धनबाद, प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी झारखंड के भीष्म पितामह, स्व० बिनोद बिहारी महतो की 101वीं जयंती कार्यक्रम धनबाद स्टेशन रोड में उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व मंत्री सह टुंडी विधायक, मथुरा प्रसाद महतो, उनके साथ जिलाध्यक्ष, लखि सोरेन , जिलासचिव ज़नाब मन्नू आलम , केंद्रीय सदस्य अमितेश सहाय , केंद्रीय सदस्य धरनीधर मंडल,जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष कालीचरण महतो,जिला संगठन सचिव मदन महतो, पूर्व केंद्रीय सदस्य जग्गू महतो, बसंत महतो,जिला परिषद सदस्य सह महिला नेत्री लक्ष्मी मुर्मू, झा०को०म०यु० अध्यक्ष हराधन रजवार, महानगर अध्यक्ष मन्टू कुमार चौहान,उपाध्यक्ष बंटी सिंह,संयुक्त सचिव राजेश तुरी,अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, कमाल खान, झरिया नगर अध्यक्ष फरीद मल्लिक, कुलदीप महतो, इजराफिल अंसारी, आशीष गोराई, कारू यादव संग अन्य उपस्थित थे I

**कार्यालय, धनबाद नगर निगम, धनबाद**

अतिअल्पकालीन आमंत्रण सूचना संख्या–**DMC/26/2024-25 Dated 23.09.2024**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :- | नगर आयुक्त, धनबाद नगर निगम, धनबाद। |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | :- | दिनांक 25.09.2024 से 04.10.2024 तक 03:00 बजे अपराहन् तक (कार्यदिवस में)। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :- | दिनांक 05.10.2024 को 03:00 बजे अपराहन् तक (कार्यदिवस में)। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :- | दिनांक 05.10.2024 को 03:30 बजे अपराहन् से (कार्यदिवस में)। |
| 5. | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | :- | कार्यालय धनबाद नगर निगम, लूबी सर्कुलर रोड, माडा परिसर, धनबाद नगर निगम, धनबाद। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | :- | कार्यालय धनबाद नगर निगम, लूबी सर्कुलर रोड, माडा परिसर, धनबाद नगर निगम, धनबाद। |

| क्रम सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति का अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Cabin Room for Staff and Officer in 1st Floor Left Side DMC Office Building at MADA Campus in ward no. 28 under DMC, Dhanbad | 2,34,253.00 | बी0ओ0क्यु का 2 % | 1000.00 | 15 दिन |
| 2. | Construction of Cabin Room for Junior Engineer in Ground Floor Hall DMC Office Building at MADA Campus in ward no. 28 under DMC, Dhanbad | 2,19,961.00 | बी0ओ0क्यु का 2 % | 1000.00 | 15 दिन |

निविदा की शर्तें एवं विस्तृत जानकारी हेतु अभियंत्रण शाखा, कार्यालय धनबाद नगर निगम, धनबाद, लुबी सर्कुलर रोड, माडा परिसर में सम्पर्क करें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
धनबाद नगर निगम, धनबाद

PR 336693 Urban Development and Housing(24-25)#D

# अब तक 28 से ज्यादा कंपनियों ने भारतीय शेयर बाजार में किया प्रवेश

### सितंबर माह पिछले 14 सालों में आईपीओ के लिहाज से काफी व्यस्त

नई दिल्ली (ईएमएस)। वैश्विक चुनौतियों के बीच भारतीय शेयर बाजार में मजबूती बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बताया है कि सितंबर का महीना पिछले 14 सालों में आईपीओ के लिहाज से काफी व्यस्त रहने वाला है। अब तक, 28 से ज्यादा कंपनियों ने भारतीय शेयर बाजार में प्रवेश किया है, जबकि वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव जारी है।आरबीआई की मासिक रिपोर्ट के मुताबिक प्राइमरी इक्विटी मार्केट में छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) की आईपीओ में बढ़ती रुचि देखी जा रही है, जिसमें घरेलू म्यूचुअल फंड्स भी शामिल हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि निवेशकों को आवंटित आईपीओ शेयरों में से करीब 54 फीसदी लिस्टिंग के एक सप्ताह के भीतर बिक गए हैं।
रिपोर्ट के मुताबिक 2024 के पहले आठ महीनों में 60 हजार करोड़ रुपए की अनुमानित धन जुटाने के लिए सूचीबद्ध कंपनियों की बढ़ती संख्या योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) की ओर बढ़ रही है। आरबीआई ने बताया कि वैश्विक संकेतों के बीच सेकेंड्री मार्केट में बेंचमार्क सूचकांक बढ़ा है और इसका दृष्टिकोण भी मजबूत बना हुआ है।
ग्लोबल फंड मई 2024 के बाद से लगातार पांचवें महीने में भारतीय लोन बाजार में भारी निवेश कर रहे हैं। हालांकि, चालू वित्त वर्ष के दौरान कॉरपोरेट कर्ज कम रहा है, क्योंकि जारीकर्ताओं ने अमेरिकी दरों में कटौती का इंतजार किया था। रिजर्व बैंक ने बताया कि बड़े जोखिम वाले पूंजी निवेशक बेहद सावधानी से कदम बढ़ा रहे हैं, और शुरुआती चरण के निवेश में सूक्ष्म उद्यम पूंजी कंपनियों और संस्थापक नेतृत्व वाले फंडों की संख्या बढ़ रही है। इस बीच आरबीआई ने एक बयान में कहा है कि फिनटेक ऋणदाताओं ने निजी लोन में 52 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी हासिल की है और वे धन जुटाने तथा लोन स्रोतों में विविधता लाने के लिए निजी ऋण की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं। इस प्रकार, भारतीय बाजार में निवेश के नए अवसरों के साथ-साथ चुनौतियों का सामना करते हुए बाजार में मजबूती का संकेत मिल रहा है।




## विमानन मनोविज्ञान के लिए औपचारिक कार्यक्रमों का अभाव हैः नायडू

नई दिल्ली (ईएमएस)। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने विमान परिचालन की सुरक्षा के लिए विमानन मनोविज्ञान क्षेत्र के साथ-साथ तनाव तथा थकान से निपटने के लिए मजबूत प्रणालियों की आवश्यकता पर सोमवार को जोर दिया। उन्होंने पायलट सहित अन्य के लिए तनाव तथा थकान से निपटने के लिए मजबूत कार्यक्रमों की भी वकालत की। नायडू ने कहा कि विमानन मनोविज्ञान के लिए औपचारिक कार्यक्रमों का अभाव है। उन्नत मनोवैज्ञानिक पहलुओं को प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि निरंतर सुरक्षा सुनिश्चित करना सामूहिक जिम्मेदारी है, क्योंकि मानवीय कारक भी विमान दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार होते हैं। मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा विमान दुर्घटनाओं में मानवीय कारक पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में यह टिप्पणी की। नायडू ने कहा कि सुरक्षा उपायों को भारतीय विमानन क्षेत्र की तीव्र वृद्धि के साथ तालमेल बनाए रखना होगा। उन्होंने लोगों को निरंतर कौशल प्रदान करने तथा उनका कौशल बढ़ाने का आह्वान किया।

## भारतीय रियल एस्टेट बाजार में आवास की मांग मजबूतः क्रेडाई

सिडनी (ईएमएस)। भारतीय रियल एस्टेट बाजार में आवास की मांग मजबूत बनी हुई है और इसमें मंदी की कोई संभावना दिखाई नहीं दे रही है। साथ ही मांग पूरा करने के लिए अधिक नई पेशकश की जरूरत है। रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष संगठन क्रेडाई के अनुसार किसी तिमाही में मकानों की बिक्री कम पेशकश की वजह से गिर सकती है, लेकिन कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद बढ़ी उपभोक्ता मांग बरकरार है। क्रेडाई 23-26 सितंबर को यहां अपना प्रमुख सम्मेलन क्रेडाई नैटकॉन आयोजित कर रहा है। इसमें 1,100 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। चालू तिमाही में बिक्री में अनुमानित गिरावट के बारे में पूछे जाने पर क्रेडाई के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सितंबर तिमाही में नई पेशकश कम रही हैं। अधिकारी ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि कोई इन्वेंट्री नहीं है। अच्छे डेवलपर की ओर से सही स्थानों तथा आकर्षक कीमतों पर आवासीय संपत्तियों की भारी मांग है।

## आलू और प्याज की कीमतें बढ़ने की संभावना



नई दिल्ली (ईएमएस)। आलू-प्याज के उत्पादन को लेकर एक ऐसी रिपोर्ट सामने आई है, जिससे फिर से रसोई का खर्च बढ़ने की संभावना है। 2023-24 में भारत का बागवानी उत्पादन मामूली 0.65 फीसदी घटकर 353.19 मिलियन टन होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। जून में जारी 2023-24 के दूसरे एडवांस अनुमान में बागवानी फसलों का कुल उत्पादन 352.23 मिलियन टन होने का अनुमान लगाया गया था। प्रमुख क्षेत्रों में कम पैदावार के कारण प्याज और आलू का उत्पादन 242.44 लाख टन और 570.49 लाख टन होने की उम्मीद है। अन्य सब्जियां जैसे बैंगन, रतालू और शिमला मिर्च का उत्पादन भी कम हो सकता है, जिससे इनकी कीमतों को नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यह खाद्य महंगाई को प्रभावित कर सकता है। भारत में अगस्त में खुदरा महंगाई 3.65 फीसदी पर पहुंच गई, जो जुलाई में 3.6 फीसदी थी। कुल सब्जियों का उत्पादन 205.80 लाख टन होने की उम्मीद है। अनुमानों से पता चला है कि टमाटर, पत्तागोभी, फूलगोभी, टैपिओका, लौकी, कद्दू, गाजर, खीरे, करेला, परवल और भिंडी के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष की कीमत वृद्धि के कारण टमाटर का उत्पादन 4.38 फीसदी बढ़कर 21.32 मिलियन टन हो गया है। रसोई में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थों की कीमतें पिछले साल आसमान छूकर 250 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई, जिससे किसानों को ऊंची बाजार कीमतों का फायदा उठाने की उम्मीद में खेती बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। टमाटर के उत्पादन में वृद्धि से भोजन की लागत कम करने में मदद मिली है, शाकाहारी थाली में साल-दर-साल 8 फीसदी और मांसाहारी भोजन में 12 फीसदी की कमी आई है। फलों का उत्पादनआम, केले और अन्य फलों के कारण फलों का उत्पादन 2.29 फीसदी बढ़कर 112.73 मिलियन टन तक पहुंचने की उम्मीद है।

## सोना हुआ महंगा, चांदी के लुढ़के भाव

नई दिल्ली (ईएमएस)। सप्ताह के पहले दिन सोमवार को सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई लेकिन बाद में चांदी के भाव में गिरावट देखी जाने लगी। सोमवार को सोने के वायदा भाव 74,300 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 90,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव में तेजी, चांदी के भाव में नरमी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रेक्ट 165 रुपये की तेजी के साथ 74,205 रुपये के भाव पर खुला।
इस समय यह 240 रुपये की तेजी के साथ 74,280 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 42 रुपये की तेजी के साथ 90,177 रुपये पर खुला। इस समय यह 61 रुपये की गिरावट के साथ 90,074 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में भाव गिर गए। सोना पिछले बंद भाव पर ही खुला। कॉमेक्स पर सोना 2,646.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,646.20 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 7.90 डॉलर की तेजी के साथ 2,654.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 31.53 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 31.50 डॉलर था। इस समय यह 0.08 डॉलर की गिरावट के साथ 31.42 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# एलआईसी की 100 रुपए की डेली एसआईपी शुरू करने की योजना

नई दिल्ली (ईएमएस)। एलआईसी म्युचुअल फंड की योजना छोटी रकम वाला सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) पेश करेगी। दरअसल कंपनी ने 100 रुपये की डेली एसआईपी शुरू करने की योजना बनाई है, जबकि फंड हाउस के लिए वर्तमान समय सीमा 300 रुपये है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह फैसला ऐसे समय आया है जब मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) छोटे एसआईपी की वकालत कर रहा है ताकि निवेशकों की भागीदारी ज्यादा हो। मुंबई में मैन्युफैक्चरिंग फंड पर एनएफओ लॉन्च करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में अधिकारी ने कहा कि एएमसी रजिस्ट्रार केफिनटेक सर्विस के साथ काम कर रही है। एलआईसी म्युचुअल फंड की योजना रोजाना न्यूनतम एसआईपी रकम की मौजूदा सीमा को घटाकर 100 रुपये और मासिक एसआईपी के लिए घटाकर 200 रुपये करने की है। उन्होंने कहा कि इससे फंड हाउस को समाज के उन वर्गों तक पहुंचने में मदद मिलेगी, जिन्हें शेयर बाजार में तेजी का फायदा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि फंड हाउस इस वित्त वर्ष के अंत तक अपने एसेट अंडर मैनेजमेंट को 35,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 65,000 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक 1 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

## अडाणी पावर भारत में बिजली बेचने बना रही बैकअप प्लान

नई दिल्ली (ईएमएस)। अडाणी पावर भारत में बिजली बेचने के लिए बैक-अप प्लान की तैयार कर रही है। इसी मकसद से कंपनी झारखंड के गोड्डा में अपने 1600 मेगावाट के थर्मल प्लांट, जो बांग्लादेश को अपनी पूरी उत्पादित बिजली की आपूर्ति करता है, को बिहार के लखीसराय में एक सबस्टेशन के माध्यम से भारतीय ग्रिड से जोड़ रहा है और इसके लिए कंपनी को मंजूरी मिल गई है। इस मामले में अडाणी पावर लिमिटेड ने कहा कि यह कनेक्शन तभी चालू होगा जब इसकी सहायक कंपनी, अदानी पावर झारखंड लिमिटेड 130 किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइन और सबस्टेशन पर अतिरिक्त बे का निर्माण करेगी। इस प्रक्रिया में काफी समय लग सकता है। गोड्डा प्लांट से 30 किलोमीटर दूर बांका में एक करीबी सबस्टेशन के अंतरिम लिंक के जरिए भारतीय ग्रिड से जल्द कनेक्शन के लिए एपीजेएल के अनुरोध को नेशनल ट्रांसमिशन प्लानिंग अथॉरिटी, सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 21 अगस्त को तकनीकी बाधाओं का हवाला देते हुए खारिज कर दिया था।

## कच्चा तेल फिर महंगा, कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ी

नई दिल्ली (ईएमएस)। कच्चे तेल की कीमतों में निचले स्तरों से फिर रिकवरी देखने को मिल रही है। क्रूड 71.48 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर कारोबार कर रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 74.98 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर है। क्रूड की कीमतों में उतार-चढ़ाव का पेट्रोल-डीजल के भावों पर असर देखने को मिलता है। हालांकि भारत में ईंधन के दाम जस के तस बने हुए हैं। तेल कंपनियों ने देश के चारों महानगरों में से सिर्फ चेन्नई में पेट्रोल की कीमतें बढाई हैं। वहीं देश के अन्य राज्यों में भी पेट्रोल-डीजल के दाम घटे-बढ़े हैं। बिहार, गोवा और गुजरात में ईंधन की कीमतें बढ़ी हैं। उधर, असम, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और मेघालय समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल सस्ता हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.85 रुपये और डीजल 92.39 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है।

## लीला पैलेस की मूल कंपनी ने सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज जमा किए

नई दिल्ली (ईएमएस)। लीला पैलेस होटल्स एंड रिसॉर्ट्स का परिचालन करने वाली कंपनी श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 5,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए। यह होटल क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा आईपीओ माना जा रहा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) में दाखिल आरंभिक दस्तावेजों के अनुसार कंपनी का प्रस्तावित आईपीओ 3,000 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी शेयरों के नए निर्गम और प्रवर्तक प्रोजेक्ट बैलेट बैंगलोर होल्डिंग्स (डीआईएफसी) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 2,000 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट द्वारा समर्थित श्लॉस बैंगलोर ने कहा कि नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग कंपनी और उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा लिए गए कर्ज को चुकाने तथा सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।दस्तावेजों से पता चलता है कि मार्च, 2024 तक कंपनी पर कुल 4,052.50 करोड़ रुपये का उधार था।कंपनी आईपीओ पूर्व नियोजन चरण में 600 करोड़ रुपये जुटाने पर विचार कर सकती है। अगर ऐसा होता है, तो नए निर्गम का आकार कम हो जाएगा।

## आईनॉक्स विंड ने आईसीआईसीआई बैंक नीत कंसोर्टियम से किया समझौता

नई दिल्ली (ईएमएस)। पवन ऊर्जा समाधान प्रदाता आइनॉक्स विंड ने आईसीआईसीआई बैंक की अगुवाई वाले एक कंसोर्टियम के साथ 2,200 करोड़ रुपये की वित्त सुविधा के लिए समझौता किया है। आईनॉक्स विंड लिमिटेड (आईडब्ल्यूएल) ने कहा कि अग्रणी बैंक (आईसीआईसीआई बैंक) द्वारा किए गए कार्यशील पूंजी मूल्यांकन के अनुसार इस सीमा बढ़ाकर 2,400 करोड़ रुपये किए जाने की संभावना है। बयान में कहा गया है कि आईसीआईसीआई बैंक नीत बैंकों के एक समूह के साथ 2,200 करोड़ रुपये की सीमा के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ये सीमाएं मुख्य रूप से गैर-निधि आधारित हैं। आईनॉक्स जीएफएल ग्रुप के एक मुख्य वित्त अधिकारी ने कहा कि कंसोर्टियम व्यवस्था आईडब्ल्यूएल की वित्तीय मजबूती में बैंकिंग समुदाय के विश्वास को दर्शाती है। यह पिछली कई तिमाहियों के प्रयासों का परिणाम है और कंपनी के मजबूत परिचालन प्रदर्शन तथा इसके मजबूत दृष्टिकोण से समर्थित है।

## अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने पार्टी में काटा केक, वीडियो वायरल

### स्त्री 2 की सक्सेस को दोस्तों के साथ सैलिब्रिट किया

मुंबई (ईएमएस)। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ शादी के बाद एयरपोर्ट पर नजर आए थे। दोनों का वीडियो खूब तेजी से वायरल हुआ। इसके बाद उनका एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्हें पार्टी में देखा जा सकता है। इसमें दोनों को केक काटते हुए देखा जा सकता है। खास बात है कि पार्टी फराह खान कुंदर ने होस्ट की और इसमें राजकुमार राव, जावेद अख्तर, साजिद खान, हुमा कुरैशी और साकिब सलीम समेत कई लोग शामिल थे। फराह ने अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ की शादी के अलावा राजकुमार की सबसे बड़ी हिट फिल्म 'स्त्री 2' की सक्सेस को दोस्तों के साथ सेलिब्रिट किया। फराह खान ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। प में अदिति और सिद्धार्थ केक काटते हैं और फिर सबसे पहले गीतकार जावेद अख्तर को खिलाते नजर आ रहे हैं। राजकुमार राव मिठाई काटते नजर आ रहे हैं, जबकि साकिब सलीम सीटी बजाते नजर आ रहे हैं। वहीं राजकुमार की पत्नी और एक्ट्रेस पत्रलेखा को भी वीडियो बनाते देखा जा सकता है। फराह खान ने अदिति राव हैदरी, राजकुमार राव और कई अन्य लोगों को टैग किया। उन्होंने लिखा कि बहुत सारी वजह हैं सेलिब्रेशन की। बहुत सारे दोस्त आए। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ की शादी, राजकुमार राव की बिगेस्ट हिट। आईसी 814ः द कंधार हाईजैक में पत्रलेखा, रचित सिंह का हैप्पी बर्थडे और मेरे पास दुनिया के बेस्ट फ्रेंड हैं, उनसे प्यार करती हूं। राजकुमार राव ने इसके कमेंट में दिल वाले इमोजी के साथ लिखा, थैंक्यू सो मच डियर फराह मैम। आप एक बेस्ट होस्ट हैं। राजकुमार और श्रद्धा कपूर स्टारर 'स्त्री 2' एक महीने बाद भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है और बाद में रिलीज हुई फिल्मों से भी अच्छी कमाई कर रही है।

# यूरोपीय संघ के देशों में ईवी कारों की बिक्री में गिरावट दर्ज



नई दिल्ली (ईएमएस)। बीते साल अगस्त 2023 में यूरोपीय संघ के देशों में कारों की बिक्री में बडी गिरावट दर्ज की गई। बिक्री में 18.3प्रतिशत की गिरावट आई है, जो पिछले तीन वर्षों में सबसे निचला स्तर है।
जानकारी के मुताबिक, इस गिरावट का मुख्य कारण इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री में कमी है, जबकि विश्वभर की सरकारें स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान कर रही हैं। जर्मनी, फ्रांस और इटली जैसे प्रमुख बाजारों में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री लगातार चौथे महीने घट रही है। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में इस गिरावट ने यूरोपीय ऑटोमोबाइल निर्माता संघ (एसीईए) को तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता महसूस करवाई है। रिपोर्ट के अनुसार, पूरी तरह से इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में अगस्त में 43.9प्रतिशतकी कमी आई, जिसमें जर्मनी में 68.8प्रतिशत और फ्रांस में 33.1प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। प्लग-इन इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री भी 22.3प्रतिशत कम हुई है। प्रमुख कार निर्माता कंपनियों जैसे फॉक्सवैगन, स्टेलेंटिस और रेनॉ की बिक्री में क्रमशः 14.8प्रतिशत, 29.5प्रतिशत और 13.9 प्रतिशत की कमी आई है। सोसायटी ऑफ मैन्युफैक्चरर्स ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में कुल 23,023 इलेक्ट्रिक कारें बिकीं, जबकि दूसरी तिमाही में यह आंकड़ा घटकर 10,939 यूनिट्स पर पहुंच गया। इस स्थिति ने स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को संदेह के घेरे में ला दिया है।


उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो
(समाज कल्याण शाखा, बोकारो)

अल्पकालीन निविदा

सम्प्रेक्षण गृह, चास, बोकारो के खाद्यान्न एवं विविध सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदा।
निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि–07.10.2024 के अपराहन 1:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि–07.10.2024 के अपराहन 3:00 बजे तक
निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का स्थान–जिला समाज कल्याण कार्यालय, बोकारो।
अग्रधन राशि–25000-00 (पचीस हजार रूपये) मात्र।

1. सम्प्रेक्षण गृह, चास बोकारो जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर चास पुरूलिया रोड राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–32 पर अवस्थित है। इस गृह की विधि विवादित बालकों की संसीमन धारिता 50 है।
आवेदन की अभिव्यक्तिः–विदित हो कि संम्प्रेक्षण गृह, चास बोकारो में रह रहे संसीमित बालकों का भोजन, दैनिक दिनचर्या एवं रहन–सहन में आवश्यक सामग्रियों की आवश्यकता निहित है। साथ ही संम्प्रेक्षण गृह के संचालन हेतु कार्यालय परिचालन, विद्युत आपूर्ति ,जल आपूर्ति, सुरक्षा से संबंधित एवंअन्य विभिन्न आवश्यकताएँ भी निहित है।
उक्त आवश्यकताओं का ससमय पूर्ति के लिए अहर्त्ताधारी संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की विस्तृत जानकारी NIC, Bokaro के वेबसाईट www.bokaro.nic.in पर एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त,
बोकारो

PR 336708 (Social Welfare,Women and Child Development)24-25*D


## रुपया छह पैसे मजबूत होकर 83.46 डॉलर पर

मुंबई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में छह पैसे मजबूत होकर 83.46 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और प्रमुख विदेशी प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से भारतीय मुद्रा की बढ़त सीमित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.44 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद 83.49 प्रति डॉलर पर लुढ़क गया। हालांकि फिर वापसी करता हुआ 84.46 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद स्तर से छह पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.52 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत बढ़त के साथ 100.49 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75.04 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर्स ने बैटरी एज ए सर्विस का नया कॉन्सेप्ट पेश किया




नई दिल्ली (ईएमएस)। इलेक्ट्रिक गाड़ियों (ईवी) की बढ़ती लोकप्रियता में उनकी कीमतें बड़ी बाधा बनी हुई है। अन्य गाडियों के मुकाबले इलेक्ट्रिक गाड़ियों की कीमत अक्सर अधिक होती है, जिससे लोग इन्हें खरीदने से हिचकते हैं।
इस समस्या का समाधान खोजते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर्स ने बैटरी एज ए सर्विस का नया कॉन्सेप्ट पेश किया है। इस स्कीम के तहत, ग्राहक केवल गाड़ी की कीमत चुकाते हैं, जबकि बैटरी के लिए उन्हें हर महीने एक निश्चित राशि का भुगतान करना होगा। इस तरह, गाड़ी की अपफ्रंट कीमत में लगभग 40 प्रतिशत की कमी आ सकती है। एमजी मोटर्स ने यह योजना अपनी नई ईवी एमजी विंडसर के साथ शुरू की, जिसे अब कार्नेट ईवी और झेडएस ईवी के लिए भी लागू किया गया है। एमजी विंडसर की कीमत 9.99 लाख रुपए, झेडएस ईवी की नई शुरुआती कीमत 13.99 लाख रुपए, और कार्नेट ईवी की कीमत 4.99 लाख रुपए एक्स शोरूम में निर्धारित की गई है। इस स्कीम में बैटरी के लिए प्रति किमी 2.5 रुपए का भुगतान करना होगा। कंपनी ने विभिन्न फाइनेंस कंपनियों के साथ मिलकर अलग-अलग प्लान भी पेश किए हैं, ताकि ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार विकल्प उपलब्ध हो सकें।
उदाहरण के लिए, यदि आप हर महीने 2000 किमी गाड़ी चलाते हैं, तो आपको बैटरी रेंटल के लिए हर महीने 5000 रुपए देने होंगे। इसके अतिरिक्त, चार्जिंग के खर्च को जोड़ने पर इसकी रनिंग कॉस्ट पेट्रोल कारों की तुलना में आधी से भी कम होगी। कंपनी ने एक बैंक स्कीम भी पेश की है, जिसके तहत यदि कोई ग्राहक 3 साल बाद अपनी गाड़ी बेचना चाहता है, तो बैंक उसे उसकी 60 प्रतिशत कीमत पर वापस खरीद लेगा। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर्स का यह नया कॉन्सेप्ट न केवल इलेक्ट्रिक गाड़ियों को खरीदना आसान बना रहा है, बल्कि उन्हें चलाना भी किफायती बनाने में मदद कर रहा है।

## टेक्नोलॉजी विकसित भारत का एक अहम स्तम्भ हैः पीएम मोदी

वाशिंगटन (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने टेक कंपनियों के सीईओ के साथ राउंड टेबल बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारत का मंत्र रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और परफॉर्म है। टेक्नोलॉजी–डेमोक्रेसी संकट पैदा कर देता है। भारत के पास युवा भी, टेक्नोलॉजी भी है, मार्किट भी है। पीएम मोदी ने इस दौरान यह भी बताया कि कैसे भारत चीन को पछाड़ने जा रहा है। हालांकि उन्होंने चीन का नाम नहीं लिया है। पीएम मोदी ने कहा कि टेक्नोलॉजी विकसित भारत का एक अहम स्तम्भ है। भारत की स्किल, भारत की कपाबिलिटी, भारत का परफॉर्मेंस में यूनिक तरीके देखते होंगे। विश्व का सबसे बड़ा युवा टैलेंट आज भारत के पास है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, बोकारो
ई–प्रोक्युरमेंट सूचना

(एफ 2 फॉर्म ऑफ कॉनट्रेक्ट आधारित अति अल्पकालीन ई–निविदा)
ई–निविदा प्रसंग संख्या–RCD/BOKARO/1181/F.Y. 2024-2025 दिनांक–21.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल , बोकारो के गैर–योजना मद अन्तर्गत तेलीडीह बिक्रमडीह पश्चिम बंगाल बोर्डर पथ(कुल लम्बाई 15 .82 कि0मी0) के 5वें कि0मी0 में 550 मी0 का RCC Drain with cover के निर्माण कार्य, वर्ष 2024–25. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | 55.00 (पच्चपन लाख) रूपये मात्र |
| 3. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | 02(दो) माह। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन होने की तिथि एवं समय | 30.09.2024, 12.00 बजे दोपहर। |
| 5. | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 07.10.2024, 12 .00 बजे दोपहर तक। |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, बोकारो |
| 7. | प्रोक्युरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06542–265569 |
| 8. | ई–प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

नोटः–प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत ब्यौरा के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, बोकारो।

PR 336660 Road(24-25)D

## संक्षिप्त ख़बरें

### न्यूयार्क पैलेस में पीएम मोदी से मिले नेपाल के पीएम

न्यूयार्क (ईएमएस)। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के इतर न्यूयॉर्क पैलेस होटल में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के साथ बैठक की। इस साल जुलाई में ओली के तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री बनने के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी। प्रधानमंत्री मोदी ने ओली के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए कहा कि भारत-नेपाल मित्रता बहुत मजबूत है और हम अपने संबंधों को और भी गति देने के लिए तत्पर हैं। हमारी बातचीत ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे मुद्दों पर केंद्रित रही।न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद ओली ने कहा कि बैठक बहुत अच्छी रही। गौरतलब है कि भारतीय प्रधानमंत्री मई 2014 से अब तक पांच बार नेपाल का दौरा कर चुके हैं। पड़ोसी देश की उनकी सबसे हालिया यात्रा 2022 में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर हुई थी। पीएम मोदी ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की, जिसका एक वीडियो सामने आया है जिसमें दोनों नेताओं को एक-दूसरे को गले लगाते हुए दिखाया गया है।विदेश मंत्रालय के आधिकारिक अकाउंट में साझा की गई पोस्ट में लिखा प्रधानमंत्री मोदी ने निकट मित्रता को और गहरा करते हुए यूएनजीए के इतर नेपाल के प्रधानमंत्री ओली से मुलाकात की। इसमें कहा गया, दोनों नेताओं ने सदियों पुरानी, बहुआयामी और विस्तारित साझेदारी के तहत सभी क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए आपसी हित के मामलों पर चर्चा की।

### चीन में शादी से ज्यादा हो रहे हैं, तलाक

**6 माह में हुए 13 लाख तलाक, बना विश्व रिकॉर्ड**

बीजिंग (ईएमएस)। चीन सरकार ने तलाक की दर कम करने के लिए 2021 में एक कानून बनाया है। इस कानून के तहत 30 दिनों का समय आपसी समझौते के लिए रखा गया है। इस साल के प्रथम 6 माह में 13 लाख विवाहित जोड़ों ने तलाक लिया है। जो अपने आप में वैश्विक स्तर का एक रिकॉर्ड है।चीन की जनसंख्यकीय का अध्ययन करने ऑस्ट्रेलिया की विक्टोरिया यूनिवर्सिटी ने एक अनुसंधान किया है। उसके अनुसार चीन में बढ़ती महंगाई, काम का अत्यधिक दबाव होने से तलाक की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। चीन के दंपति अपनी निजी स्वतंत्रता और करियर को ज्यादा महत्व दे रहे हैं। यह भी तलाक का सबसे बड़ा कारण है। चीन की जनसंख्या निरंतर कम होती जा रही है। इसको लेकर चीन की चिंता बढ़ी हुई है। चीन में अब जितनी शादियों हो रही हैं। उससे ज्यादा तलाक हो रहे हैं। तलाक के बाद दंपति अपनी युगल फोटो नष्ट करने के लिए पेशेवर लोगों की सहायता ले रहे हैं। चीन में यह नया कारोबार शुरू हो गया है। जिसमें युगल फोटो को नष्ट करने का ठेका पेशेवरों को दिया जा रहा है।

### भारत अब नई व्यवस्थाएं बनाता है और नेतृत्व करता हैः पीएम मोदी

न्यूयॉर्क(ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत में विकास अब एक जन आंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा, हर भारतीय को भारत और उसकी उपलब्धियों पर भरोसा है। भारत आज अवसरों की भूमि है। देश अब अवसरों का इंतजार नहीं कर रहा है। यह अब अवसरों का सृजन कर रहा है। भारत अब नई व्यवस्थाएं बनाता है और नेतृत्व करता है।प्रधानमंत्री ने कहा कि महज एक दशक में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। प्रधानमंत्री ने भारतीय अमेरिकियों से कहा, यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि हमने अपनी पुरानी सोच बदली। हमने अपना दृष्टिकोण बदला। हमने गरीबों को सशक्त बनाया। उन्होंने कहा कि यह नया मध्यम वर्ग ही है जो भारत के विकास को गति दे रहा है। मोदी ने कहा कि दुनिया के लिए एआई का मतलब 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है, लेकिन उनका मानना है कि एआई का मतलब 'अमेरिका-इंडिया भावना भी है।न्यूयॉर्क में हजारों भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करते हुए कहा, इस कठिन चुनाव प्रक्रिया, इस लंबी चुनाव व्यवस्था से गुजरने के बाद, भारत में (इस वर्ष) कुछ अभूतपूर्व हुआ। क्या हुआ...अबकी बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा, 60 साल में पहली बार भारत के लोगों ने ऐसा जनादेश दिया है जिसका बहुत महत्व है। अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान मुझे बहुत महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने हैं। हमें तीन गुना ताकत के साथ आगे बढ़ना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल में देश को विकसित राष्ट्र बनाने का बहुत महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आज अवसरों की भूमि है। मोदी ने देश और समुदाय को गौरवान्वित करने में भारतीय अमेरिकियों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा, "कल ही (अमेरिका के) राष्ट्रपति (जो) बाइडन मुझे डेलावेयर में अपने घर ले गए। उनका स्नेह, उनकी गर्मजोशी, यह एक ऐसा क्षण था जिसने मेरे दिल को छू लिया। यह 140 करोड़ भारतीयों के लिए सम्मान की बात है। यह सम्मान आपके लिए है, आपकी उपलब्धियों के लिए है, यहां रहने वाले सैकड़ों-हजारों भारतीयों के लिए है।

### वेटिकन की तर्ज पर बनेगा एक अलग मुस्लिम देश, महिलाओं को भी पूरी आजादी का प्लान

तिराना (ईएमएस)। वेटिकन सिटी में ही पोप बैठते हैं और धर्म से जुड़े मामलों पर यहीं से राय देते हैं। इसी तर्ज पर एक मुस्लिम मौलवी ने भी एक देश बनाने की कोशिश की है, जहां से मुस्लिमों के मामले डील किए जाएंगे। यह देश अलबानिया की राजधानी तिराना में होगा। यह दुनिया का सबसे छोटा मुल्क होगा। इसका एरिया न्यूयॉर्क सिटी के 5 ब्लॉक जितना होगा। यहां शराब की मंजूरी होगी और महिलाओं को भी जो चाहें पहनने की आजादी होगी। उन पर लाइफस्टाइल से जुड़ी पाबंदियां नहीं रहेंगी।मौलवी एडमंड ब्रहीमाज कहते हैं कि खुदा ने किसी भी चीज को लेकर रोक नहीं लगा रखी है। इसीलिए उसने हमें दिमाग दिया है कि हम तय करें कि क्या करना है। बाबा मोंडी के नाम से चर्चित एडमंड कहते हैं कि यह 27 एकड़ में बना देश होगा, जिसे अलबानिया एक अलग मुल्क के तौर पर विकसित करने को राजी है। इसका अपना प्रशासन होगा, सीमाएं तय होंगी और लोगों को पासपोर्ट भी जारी किए जाएंगे। अलबानिया के प्रधानमंत्री ईदी रामा ने भी कहा है कि वह ऐसे एक देश के बारे में ऐलान करेंगे। यह देश इस्लाम की सूफी परंपरा से जुड़े बेक्टाशी ऑर्डर के नियमों को मानेगा। रामा ने कहा कि हमें इस खजाने की रक्षा करनी चाहिए, जिसका अर्थ धार्मिक सहिष्णुता से है और इसे कभी हल्के में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम जो नया देश बनाने जा रहे हैं, वह पूर्वी तिराना में होगा। इसका साइज वेटिकन सिटी से भी एक चौथाई के बराबर होगा। इसमें लोगों पर पाबंदियां नहीं रहेंगी और उन्हें अपने तरीके से जीने का मौका मिलेगा। बाबा मोंडी का कहना है कि हम मानते हैं कि ईश्वर हम पर कोई बंदिश नहीं लगाता।

### पीएम मोदी के नाम ही भूल गए बाइडन,पर चीन को चौकन्ना कर दिया

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अपनी कुछ चूक के कारण आलोचना के घेरे में आ गए। बाइडन ने जब पीएम मोदी का परिचय दिया, तब उन्होंने उनका नाम ही भूल गए, जो उनकी भूलभुलैया में एक नया अध्याय जोड़ता है। इससे भी महत्वपूर्ण, बैठक के दौरान उनकी एक टिप्पणी ने चीन को चौकन्ना कर दिया। बाइडन ने कहा, चीन दुनिया के हर कोने में क्वाड देशों का इम्तहान ले रहा है, यह बात उन्होंने धीमी आवाज में फुसफुसाते हुए कही, लेकिन माइक ऑन रहने के कारण यह सभी ने सुन ली। बाइडन की टिप्पणियों ने चीन को भड़काने का काम किया। चीन की सरकारी मीडिया ने क्वाड पर फूट डालो और राज करो की रणनीति अपनाने का आरोप लगाया, जो कि बीजिंग और उसके पड़ोसियों के बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश बताई गई। कुल मिलाकर, यह क्वाड बैठक न केवल अमेरिकी-चीन संबंधों में तनाव बढ़ाने वाली रही, बल्कि इससे भारत की कूटनीतिक स्थिति भी मजबूत हुई है।बाइडन की यह टिप्पणी अमेरिका की चीन के प्रति गंभीरता को दर्शाती है। उन्होंने कहा, चीन लगातार आक्रामक व्यवहार कर रहा है और कई मोर्चों पर पूरे क्षेत्र में हमारा इम्तहान ले रहा है। उनका यह बयान चीन के उभरते खतरे के प्रति अमेरिकी प्रशासन की चिंता को स्पष्ट करता है।इस क्वाड समिट में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भी शामिल हुए। मोदी ने बैठक में स्पष्ट किया कि क्वाड किसी देश के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा, हम सभी नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता का सम्मान, क्षेत्रीय अखंडता और सभी मुद्दों का शांतिपूर्ण समाधान करने के सपोर्ट में हैं। हालांकि मोदी ने सीधे किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका इशारा स्पष्ट था।

# ईरान में कोयला खदान में विस्फोट, 34 मजदूरों की मौत



तेहरान (ईएमएस)। पूर्वी ईरान में एक कोयला खदान में मीथेन गैस लीक होने के कारण हुए विस्फोट में कम से कम 34 मजदूरों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने इसे ईरान के इतिहास की सबसे बड़ी खदान दुर्घटना करार देते हुए कहा कि विस्फोट के घंटों बाद भी कई मजदूर लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि राजधानी तेहरान से करीब 540 किलोमीटर दूर दक्षिण-पूर्व में स्थित तबास की कोयला खदान में शनिवार देर रात विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि विस्फोट के दौरान लगभग 70 लोग खदान में काम कर रहे थे। सरकारी टेलीविजन चैनल ने बताया कि 700 मीटर गहरी खदान में 17 मजदूरों के 200 मीटर की गहराई पर फंसे होने की आशंका है। हालांकि हादसे से प्रभावित मजदूरों की संख्या के बारे में दिन भर अलग-अलग आंकड़े सामने आते रहे। प्रांत के एक आपातकालीन अधिकारी ने सरकारी समाचार एजेंसी को रविवार दोपहर बताया कि बचाव अभियान जारी है और हादसे में जान गंवाने वाले मजदूरों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। खदान से निकाले गए मजदूरों ने सरकारी टेलीविजन चैनल से बातचीत में विस्फोट के बाद के भयानक मंजर को बयां किया। कोयले के काले चूरे में लिपटे एक मजदूर ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि  हम खदान में काम कर रहे थे। अचानक धुआं उठने लगा। इसके बाद मैंने महसूस किया कि मुझे सांस लेने में तकलीफ हो रही है। मैं फौरन अपनी जान बचाने के लिए भागा और तब तक लगातार दौड़ता रहा, जब तक एक सुरक्षित स्थान पर नहीं पहुंच गया। मेरे सहकर्मी वहीं फंसे रह गए। प्राधिकारियों के मुताबिक यह विस्फोट मीथेन गैस लीक होने के कारण हुआ। हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि हादसे के समय निजी खदान मंदानजू को में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम उपलब्ध थे या नहीं। हादसे पर प्रतिक्रिया के लिए खदान के मलिकाना हक वाली कंपनी से अभी संपर्क नहीं किया जा सका है। ईरान के नये सुधारवादी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा कि उन्होंने खदान में फंसे लोगों को बचाने और उनके परिजन की सहायता के लिए हरसंभव प्रयास करने का आदेश दिया है।

### राष्ट्रपति का अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे डोनाल्ड ट्रंप

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप 2028 में राष्ट्रपति चुनाव की रेस में भाग नहीं लेंगे। एक कार्यक्रम के दौरान उनसे पूछा गया कि अगर वे 2024 का चुनाव हार जाते हैं, तो क्या वे 2028 में फिर से चुनाव लड़ेंगे। इसके जवाब में ट्रंप ने कहा, नहीं, मुझे नहीं लगता। अब बस हो गया। आशा है कि इस बार सफल होंगे। यह बयान ट्रंप के राजनीतिक भविष्य को लेकर कई अटकलें पैदा कर रहा है, खासकर उनके समर्थकों के बीच, जो उनकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी को लेकर हमेशा उत्साहित रहते हैं। ट्रंप पहले भी अपने चुनावी अभियानों की जल्दी घोषणा के लिए जाने जाते हैं, जैसे उन्होंने 2017 में ही 2020 चुनाव के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी थी, और 2022 में 2024 के चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा कर दी थी।

# बांग्लादेश में सभी राजनीतिक बंदी रिहा होंगे, जारी किए आदेश



ढाका (ईएमएस)। बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस की लीडरशिप में बनी नई सरकार ने सत्ता संभालते ही हसीना सरकार के कई अहम फैसलों को पलटना शुरू कर दिया है। ताजा फैसलों में नई सरकार ने उन सभी राजनीतिक बंदियों की रिहाई का आदेश दिया है, जिन्हें पूर्ववर्ती शेख हसीना सरकार के कार्यकाल के दौरान राजनीतिक प्रतिशोध के तहत जेल में डाल दिया गया था। गृह मंत्रालय ने सभी जिलों में एक विशेष समिति बनाने का निर्देश जारी किया है, जो इन मामलों की समीक्षा करेगी। इन समितियों के अध्यक्ष जिले के कलेक्टर होंगे, जबकि मजिस्ट्रेट को सचिव बनाया गया है, और समिति में पुलिस अधीक्षक (एसपी) भी सदस्य होंगे। इन समितियों का प्रमुख कार्य राजनीतिक बंदियों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज मामलों की समीक्षा करना और मुकदमे वापस लेने का प्रस्ताव तैयार करना है, जिसे बाद में कोर्ट में पेश किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गृह मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि यह प्रक्रिया पहले राजनीतिक नेताओं के मामलों से शुरू की जाएगी। जिला स्तरीय समितियां 31 दिसंबर तक मामले की जांच कर अपनी सिफारिशें सरकार को भेजेंगी। इन सिफारिशों के आधार पर, 45 दिनों के भीतर सभी राजनीतिक बंदियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस ले लिए जाएंगे और उन्हें जेल से रिहा कर दिया जाएगा। इस फैसले से देश में अराजकता फैलने की आशंका जताई जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि इतने बड़े पैमाने पर राजनीतिक बंदियों की रिहाई से देश में कानून व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है। हालांकि, गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार के मामलों को छोड़कर बाकी सभी मामलों में मुकदमे वापस लिए जाएंगे।केंद्र स्तर पर भी एक समिति बनाई गई है, जिसमें कानून, संसदीय कार्य मंत्रालय के सलाहकार और विभिन्न विभागों के सचिव शामिल हैं। यह समिति जिलों से प्राप्त सिफारिशों की समीक्षा करेगी और मामलों को वापस लेने के योग्य घोषित करेगी। सरकार का यह कदम देश के राजनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल सकता है। बता दें कि पडोसी देश बांग्लादेश की राजनीति में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। शेख हसीना के देश छोड़कर भागने के बाद उनकी सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों को बदला जा रहा है।

# पाकिस्तान में रूस समेत 11 देशों के राजदूतों के काफिले पर बम धमाका



इस्लामाबाद (ईएमएस)। खैबर पख्तूनख्वा के स्वात जिले से मालम जब्बा जा रहे विदेशी दूतों के काफिले की सुरक्षा कर रही पुलिस वैन को आतंकियों ने निशाना बनाया। आतंकवादियों ने रिमोट कंट्रोल बम से वैन को उड़ा दिया। धमाके में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। चार अन्य घायल है। घायलों को सैदु शरीफ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सभी राजदूत सुरक्षित हैं और उन्हें इस्लामाबाद भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक सभी राजदूतों ने मिंगोरा में चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद वे मालम जब्बा जा रहे थे। तभी शेराबाद में यह धमाका हुआ। काफिले में ताजिकिस्तान, कजाकिस्तान, ईरान, इथियोपिया, पुर्तगाल, रूस समेत 11 देशों के राजदूत शामिल थे।स्थानीय मीडिया के मुताबिक जिला पुलिस अधिकारी जाहिदुल्ला खान के बताया कि यह हमला विदेशी राजनयिकों के एक समूह को निशाना बनाकर किया गया था। मृतक पुलिसकर्मी की पहचान बुरहान के रूप में हुई है। घायलों में एक सब-इंस्पेक्टर भी शामिल है। जिस वैन को निशाना बनाय गया है, वह काफिले में सबसे आगे थी।पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने इस घटना की कड़ी निंदा की। जरदारी ने हमले में मारे गए पुलिस अधिकारी को श्रद्धांजलि दी है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। बता दें कि हमले की अभी तक किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली। 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से पाकिस्तान में आतंकी घटनाओं में इजाफा हुआ है। खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकी संगठनों को और बल मिला है। पाक इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने दोनों प्रांतों में घातक हमलों में तेजी से वृद्धि देखी गई।आतंकी हमलों की संख्या जुलाई में 38 थी। मगर अगस्त में यह बढ़कर 59 हो गई। अगस्त में खैबर पख्तूनख्वा में 29 आतंकवादी हमलों में 25 लोगों की जान गई है।

# इजरायल को शकः हमास प्रमुख याह्या सिनवार की मौत को कंफर्म करने में जुटी मोसाद



तेलअवीव(ईएमएस)। इजरायली सेना ने गाजा में एक हवाई हमले के दौरान हमास के नए चीफ याह्या सिनवार को भी मौत के घाट उतार दिया है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। इजरायली मीडिया की रिपोर्ट है कि नेतन्याहू सरकार ने मोसाद समेत कई खुफिया एजेंसियों को इस काम पर लगा दिया है कि वे सिनवार की मौत कंफर्म करें। इजरायली मीडिया सिनवार के अचानक लापता होने की घटना को उसके मारे जाने से जोड़ रही है। हालांकि यह पहली बार नहीं है, पहले भी हवाई हमलों के काफी बाद तक सिनवार अंडरग्राउंड रहा और इजरायल को लगा कि सिनवार मारा गया। यही वजह है की दुनिया बेहतर खुफिया एजेंसियों में शुमार मोसाद अब हकीकत जानने के लिए काम कर रही है। बता दें कि हमास के पूर्ण खात्मे की कसम खाने के महज एक साल के भीतर ही इजरायली सेना ने दुश्मन की कमर तोड़ दी है। सैकड़ों हमास कमांडरों को मौत की नींद सुला दिया है। हमास चीफ इस्माइल हानियेह को भी ईरानी धरती में मार डाला।खबरों के मुताबिक जांच की जा रही खुफिया जानकारी के अनुसार सिनवार गाजा में आईडीएफ ऑपरेशन के दौरान मारा गया। सिनवार का इतिहास देखते हुए ऐसा लगता है कि वह मरा नहीं है, क्योंकि पिछले हमलों के बाद वह गायब हो गया था और उसकी मौत की अटकलें लगाई जाने लगी थीं। सिनवार की मौत के बारे में अटकलों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इजरायली पत्रकार बराक रविद ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने उन्हें बताया है कि यरूशलम के पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है जिससे यह पुष्टि हो सके कि हमास नेता की मौत हो चुकी है। रविवार की रिपोर्ट में कहा कि इजरायल इस संभावना की जांच कर रहा है कि हमास चीफ याह्या सिनवार की हाल ही में हुए हवाई हमले में मौत हो गई या नहीं? देश के अधिकारी इस संभावना की जांच कर रहे हैं कि हमास नेता याह्या सिनवार की मौत हो गई है, इसके लिए वे सैन्य खुफिया जानकारी का सहारा ले रहे हैं।शनिवार को फिलिस्तीनी अधिकारियों ने कहा था कि दक्षिणी गाजा शहर में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर इजरायली हमले में कम से कम 22 लोग मारे गए। उधर, इजरायली सेना ने दावा किया कि हमला आतंकवादी समूह हमास के कमांड सेंटर को निशाना बनाकर किया गया था। ऐसा दावा किया जा रहा है कि उस जगह पर सिनवार भी छिपा हुआ था। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इजरायली सेना द्वारा किए गए हवाई हमले में गाजा में विस्थापित परिवारों को आश्रय देने वाले एक स्कूल में सात लोगों की मौत हो गई।

### इब्राहिम रईसी की मौत को लेकर बड़ा दावा- हेलीकॉप्टर में फटा था पेजर

तेहरान(ईएमएस)। ईरान के एक सांसद अहमद बख्शीश अर्दस्तानी ने दावा किया है कि पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी भी पेजर का इस्तेमाल करते थे, जो हेलीकॉप्टर में फट गया था। खास बात है कि रईसी की चॉपर क्रैश में मौत हो गई थी। पेजर और वॉकी टॉकी हमले में 35 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी और इसके तार इजरायल से जोड़े जा रहे थे। हालांकि, इजरायल ने इसे लेकर साफतौर पर कुछ नहीं कहा है।ईरानी मीडिया से बातचीत में सांसद ने कहा कि रईसी पेजर का इस्तेमाल करते थे। हालांकि, वो पेजर उनसे अलग हो सकता है, जिसका उपयोग हिजबुल्ला करता हो। बहरहाल, चॉपर क्रैश की एक संभावित वजह उनके पेजर का फटना हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने संकेत दिए हैं कि ईरान ने इन पेजरों को खरीदने में भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, (ईरानी बलों ने) निश्चित रूप से हिजबुल्ला के पेजर खरीदने में बड़ी भूमिका निभाई थी। ऐसे में हमारी इंटेलीजेंस एजेंसियों को भी इस मामले की जांच करनी चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरानी सांसद अहमद बख्शीश अर्दस्तानी ने संकेत दिए हैं कि जिस पेजर का इस्तेमाल लेबनान में हिजबुल्ला को निशाना बनाने के लिए किया गया था, वही पूर्व ईरानी राष्ट्रपति रईसी के चॉपर में फटा था। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने कहा, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की जान लेने वाले घातक हेलीकॉप्टर क्रैश से जुड़ी एक संभावना यह भी है कि उनका पेजर में विस्फोट हो गया था। दरअसल, रईसी के पेजर इस्तेमाल करने की बात तब सामने आई जब कुछ दिन पहले जब उनकी एक तस्वीर वायरल हुई थी। फोटो में बैकग्राउंड में एक पेजर रखा नजर आ रहा है। हालांकि, अब तक यह साफ नहीं है कि वो वही पेजर था या नहीं, जिसका इस्तेमाल हिजबुल्ला कर रहा था। वहीं, मई में हुए हेलीकॉप्टर क्रैश की कई वजहें सामने आई थीं। इनमें मौसम, कोहरा जैसी बातें शामिल थीं।

### कर्ज में फंसा यूके, जीडीपी के मुकाबले 100 फीसदी से ज्यादा ले चुका है कर्ज

लंदन (ईएमएस)। ब्रिटेन अकेला विकसित देश नहीं है, जो भारी कर्ज के बोझ तले दबा है। जापान, जिसका कर्ज उसकी जीडीपी के 250 फीसदी के बराबर है, इस सूची में सबसे ऊपर है। इसके अलावा, अमेरिका पर उसकी जीडीपी के मुकाबले 122 फीसदी कर्ज है। ग्रीस, सिंगापुर और इटली भी ऐसे देशों में शामिल हैं जिन पर उनकी जीडीपी के मुकाबले 100 फीसदी से ज्यादा का कर्ज है। इस आर्थिक स्थिति ने विशेषज्ञों के बीच चिंता बढ़ा दी है, खासकर तब जब दुनिया भर में महंगाई और आर्थिक अनिश्चितता के चलते देश पहले से ही वित्तीय दबाव का सामना कर रहे हैं। ब्रिटेन के लिए अब यह आवश्यक हो गया है कि वह अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए प्रभावी कदम उठाए, अन्यथा देश की आर्थिक स्थिरता पर गंभीर खतरा मंडरा सकता है। यूके ने अगस्त में 13.7 बिलियन पाउंड का कर्ज लिया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.3 बिलियन पाउंड अधिक है। यह कर्ज 1961 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। ब्रिटेन के ऑफिस फॉर नेशनल स्टैटिस्टिक्स के अनुसार, कर्ज में यह वृद्धि इस बात का संकेत है।

# पीएम मोदी ने अमेरिका में एआई से लेकर 5जी तक कहीं कई महत्वपूर्ण बातें




न्यूयॉर्क(ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे पर हैं। यहां उन्होंने क्वाड सम्मेलन में आतंकवाद जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी और भारत को शांति का पक्षधर बताया। इसके अलावा पीएम मोदी ने अमेरिका में मौजूद भारत वंशियों को राष्ट्रदूत की संज्ञा दी और उनके लिए कुछ सहूलियतों की भी घोषणा की। उन्होंने न्यूयॉर्क में 'मोदी एंड यूएस' आयोजन को संबोधित किया। इस दौरान वहां मौजूद भारतीय समुदाय के लोगों ने जमकर मोदी-मोदी के नारे लगाए। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के भाषण से पहले हनुमैनकाइंड, आदित्य गढ़वी, देवी श्रीप्रसाद आदि ने परफॉर्मेंस भी की। कार्यक्रम में पीएम मोदी का जोरदार स्वागत हुआ। भारत माता की जय के नारों के साथ पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने अमेरिका में मौजूद भारतीय समुदाय की भी तारीफ की। इस दौरान जहां उन्होंने एआई का नया अर्थ बताया वहीं, 2036 में भारत में ओलंपिक कराए जाने के प्रयासों के बारे में भी जानकारी दी।पीएम मोदी ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब आप अमेरिका में मेड इन इंडिया चिप देखेंगे। यह छोटी सी चिप भारत के विकसित भारत के स्वप्न को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। यह मोदी की गारंटी है।आज जब भारत किसी ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर कुछ कहता है तो पूरी दुनिया सुनती है। जब कुछ वक्त मैंने कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है तो सभी लोगों ने इसके महत्व को समझा। पीएम मोदी ने कहा कि जब भी दुनिया में कोई संकट आया है, भारत मदद करने के लिए सबसे पहले पहुंचा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की प्राथमिकता दुनिया में तनाव नहीं, बल्कि अपना प्रभाव बढ़ाना है। हम आक की तरह जलने वाले नहीं, सूरज की तरह रोशनी देने वाले हैं। हमें दुनिया पर सत्ता नहीं कायम करनी है, बल्कि सहयोग और संपन्नता को बढ़ावा देना है। पीएम मोदी ने कहा कि बहुत जल्द आप भारत में ओलंपिक होता हुआ देखेंगे। उन्होंने कहा कि हम पूरा प्रयास कर रहे हैं कि साल 2036 का ओलंपिक भारत में आयोजित हो। आज भारत का 5जी मार्केट अमेरिका से भी काफी बड़ा है। यह पिछले दो साल के दौरान ही हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि अब भारत मेड इन इंडिया 6जी पर काम कर रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने वहां मौजूद प्रवासी भारतीयों को राष्ट्रदूत कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं आप लोगों की क्षमताओं से पूरी तरह से परिचित हूं। आप सभी मेरे लिए भारत के सबसे बड़े एंबेसडर हैं।इस दौरान पीएम मोदी ने एआई को भी नया अर्थ दिया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए एआई का मतलब 'अमेरिकन इंडियंस' है। यह भारत और अमेरिका के संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने की भावना है। आज भारत में ढेर सारे मौके हैं। अब यह मौकों का इंतजार नहीं करता है, बल्कि मौकों की तलाश करता है। पिछले 10 साल में भारत ने हर सेक्टर मौकों का लांचिंग पैड तैयार किया है।पीएम ने कहा कि हमने हरित क्षेत्र में बदलाव के लिये रास्ता चुना। यह प्रकृति के प्रति प्रेम की हमारी परंपरा है जिसने हमारा मार्गदर्शन किया है और हम सौर और पवन ऊर्जा क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत पेरिस जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने वाला पहला जी-20 देश है। हर आकांक्षा नई उपलब्धि को जन्म दे रही है, और हर उपलब्धि एक नई आकांक्षा के लिए एक सुविधा बन जाती है। पीएम ने कहा कि एक दशक में, भारत अर्थव्यवस्था के मामले में 10वें से 5वें स्थान पर पहुंच गया है।

## भारत-बांग्लादेश दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा

### पिच से स्पिनरों को सहायता मिलने की संभावना



मुम्बई (ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा क्रिकेट टेस्ट मैच इसी माह 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम पहले टेस्ट में जीत के साथ ही इस सीरीज में 1-0 से आगे है और उसका लक्ष्य इस मैच को भी जीतकर सीरीज 2-0 से अपने नाम करना रहेगा। कानपुर क्रिकेट स्टेडियम की पिच पहले दिन से ही स्पिनरों की सहायक मानी जाती है। यहां की विकेट सूखी और धूल भरी होती है, जिससे स्पिनरों को अधिक टर्न मिलती है। इस विकेट में उछाल बहुत कम है। ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना चाहेगी।
भारतीय क्रिकेट ने इस स्टेडियम में अब तक 38 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी है। इसमें टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 सभी शामिल हैं। सभी प्रारुपों को मिलाकर भारत ने यहां 17 मैच जीते हैं जबकि 18 में उसे हार मिली है। इसके अलावा 13 मैच बराबरी पर रहे हैं। इस स्टेडियम में सबसे ज्यादा स्कोर 676/7 रहा है। ये भारतीय टीम ने ने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में बनाए थे. भारत ने ग्रीन पार्क स्टेडियम में कुल 23 टेस्ट मैच खेले हैं। इसमें 7 टेस्ट में भारतीय टीम को जीत मिली है। वहीं 3 में उसे हार का सामना करना पड़ा है जबकि 13 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। वहीं बांग्लादेश की टीम अभी तक भारत से एक भी टेस्ट मैच नहीं जीती है। दोनों के बीच कुल 14 टेस्ट मैच खेले गए हैं। भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 12वीं बार टेस्ट में हराया है। वहीं एक ड्रॉ रहा जबकि एक अन्य का परिणाम नहीं निकला।



बीजिंग में टेकबाज विश्व सिरीज में जीत के बाद अवार्ड समारोह में उत्साहित खिलाड़ी अपनी ट्रॉफी दिखाते हुए।।

## प्रसिद्ध कृष्णा और तनुश कोटियन की शानदार गेंदबाजी से इंडिया ए ने दलीप ट्रॉफी जीती

अनंतपुर (ईएमएस)। प्रसिद्ध कृष्णा और तनुश कोटियन की शानदार गेंदबाजी से इंडिया ए ने दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट जीत लिया है। इस मैच में कृष्णा और तनुश ने तीन-तीन विकेट लिए जिससे उनकी टीम इंडिया ए ने इंडिया सी को 132 रनों से हरा दिया। इस प्रकार इंडिया ए ने दलीप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। अंतिम दिन तक तीन टीमें खिताबी दौड़ में थीं पर सबसे अधिक 12 अंक होने के कारण इंडिया एक को जीत मिली। वीं इंडिया बी इंडिया डी से हार गई, जिससे इंडिया ए और सी के लिए मुकाबला हुआ। कप्तान मयंक अग्रवाल ने सुबह के सत्र में जल्दी पारी घोषित कर दी, जिससे उनके गेंदबाजों को विकेट लेने का पूरा समय मिल सके और उनकी ये रणनीति सफल रही। वहीं इंडिया सी की टीम जीत के लिए मिले 350 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गयी। उसकी शुरुआती बल्लेबाज पेवेलियन लौट गये। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और साई सुदर्शन ने दूसरे विकेट के लिए अच्छी साझेदारी की पर इनके आउट होने के बाद पारी बिखर गयी। इंडिया सी की ओर से सुदर्शन ने नाबाद 111 रन बनाये पर उन्य खिलाड़ियों का साथ उनको नहीं मिला। छह बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। कोटियन और कृष्णा की गेंदों का जबाव विरोधी टीम के बल्लेबाजों के पास नहीं था। इंडिया सी ने खेल को ड्रॉ पर समाप्त करने का भी प्रयास किया पर सफल नहीं हुई जिससे ट्रॉफी उसके हाथों से निकल गयी।

## अश्विन ने वार्न के रिकार्ड की बराबरी की दिग्गज खिलाड़ी के क्लब में जगह बनायी

चेन्नई (ईएमएस)। भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ हुए पहले टेस्ट मैच में शानदार गेंदबाजी के साथ ही दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर शेन वार्न के एक रिकार्ड की भी बराबरी कर ली है। अश्विन ने इस मैच में शतक लगाने के साथ ही दूसरी पारी में छह विकेट लिए थे। इसी के साथ ही उन्होंने 37वीं बार पांच से अधिक विकेट लेने के वार्न के रिकार्ड की भी बराबरी कर ली है। अश्विन अब सबसे अधिक उम्र में पांच विकेट लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी गए हैं। इससे पहले पारी में शतक के साथ ही पांच विकेट लेने वाले खिलाड़ियों में पूर्व दिग्गज इयान बॉथम, गैरी सोबर्स, मुश्ताक मोहम्मद, जैक्स कैलिस के अलावा वर्तमान में खेल रहे शाकिब अल हसन, रवींद्र जाडेजा हैं।

# भारतीय पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने विश्व शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीते





बुडापेस्ट (ईएमएस)। भारतीय पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने यहां हुए 45वीं फीडे विश्व शतरंज ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते हैं। ये पहली बार है जबकि महिला और पुरुष दोनों ही वर्गों में भारतीय खिलाड़ियों को खिताबी जीत मिली है। पुरुष वर्ग में अर्जुन एरिगासी और गुकेश डी ने भारतीय टीम को जीत दिलायी जबकि महिला वर्ग में ये कमाल दिव्या देशमुख और वन्तिका अग्रवाल ने किया।
भारत पुरुष वर्ग में अंतिम राउंड शुरू होने के पहले ही 19 अंक बनाकर चीन से 2 अंक आगे था ऐसे में अंतिम
पहले बोर्ड पर गुकेश नें 10 राउंड में 9 अंक बनाकर तो अर्जुन नें तीसरे बोर्ड पर 11 में से 10 अंक बनाकर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि भारत के ही विदित गुजराती नें चौंथे बोर्ड पर कांस्य पदक अपने नाम किया है। अंतिम दौर में चीन की अमेरिका के हाथ पराजय के कारण भारतीय टीम ने रिकॉर्ड 4 मैच अंक के अंतर से खिताब पर कब्जा कर लिया।
वहीं महिला वर्ग में दिव्या देशमुख और वन्तिका अग्रवाल ने अपने शानदार प्रदर्शन से महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जिताया। दिव्या ने 11 राउंड में 9.5 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। फाइनल दौर में, उन्होंने अजरबैजान की गोवहार बी को हराकर भारत को निर्णायक बढ़त दिलाई।
वहीं वन्तिका अग्रवाल ने चौथे बोर्ड पर 9 वें दौर में 7.5 अंक बटोरकर स्वर्ण पदक जीता। फाइनल राउंड में उन्होंने अजरबैजान की खनिम बालजाएवा को हराते हुए भारत को 3-0 से बढ़त दिलाकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

### प्रधानमंत्री ने दी बधाई

प्रधानमंत्री , गृहमंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने दी बधाई
शतरंज ओलंपियाड में खिलाड़ियों को इस एतिहासिक सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के अलावा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इन खिलाड़ियों को बधाई दी है। साथ ही कहा कि इन खिलाड़ियों ने अपनी सफलता से देश को गौरवान्वित किया है।

# श्रीलंका ने पहले टेस्ट में न्यूज़ीलैंड को 63 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की




गॉल(ईएमएस)। श्रीलंका ने यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में मेहमान टीम न्यूजीलैंड को 63 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। यहां न्यूजीलैंड की टीम अंतिम दिन जीत के लिए मिले 275 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 211 रनों पर ही आउट हो गयी। इस मैच में कीवी बल्लेबाजी रचिन रवींद्र ने 92 रनों की शानदार पारी खेली पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। इस मैच में मेजबान श्रीलंकाई टीम शुरु से ही हावी रही। उसने अपनी पहली पारी में 305 रन बनाए थे पर न्यूजीलैंड ने 340 रन बनाकर 35 रनों की छोटी सी बढ़त हासिल की। वहीं मेजबान टीम ने दूसरी पारी में 309 रन बनाकर मेहमान टीम को जीत के लिए 275 रनों का लक्ष्य दिया। टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जा रही सीरीज में मेजबान टीम ने अपनी पहली पारी में कमिंदु मेंडिस की शतकीय पारी और कुसल मेंडिस के अर्धशतक से 305 रन बनाये थे। वहीं न्यूजीलैंड की ओर से टॉम लेथम, केन विलियमसन और डेरेल मिचेल के अर्धशतक से टीम ने 340 रन बनाये।
दूसरी पारी में श्रीलंका ने दिमुथ करुणारत्ने, दिनेश चांदीमल और एंजेलो मैथ्यूज की अर्धशतकीय पारी के दम पर 309 रन बनाये। करुणारत्ने ने सबसे ज्यादा 83 रन बनाए जबकि चांदीमल ने 61 जबकि मैथ्यूज ने 50 रन की पारी खेली। जवाब में श्रीलंका के खिलाफ 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी असफल रही। उसके सात बल्लेबाज 10 रनों के अंदर ही आउट हो गये। केवल रचिन रवींद्र ने ही 92 रनों की पारी खेली।

# जूनियर फुटबॉल और एमएमए में भी भारतीय खिलाड़ियों ने हासिल की जीत



नई दिल्ली ईएएमएस)। भारतीय टीम ने हाल में क्रिकेट के अलावा भी दो अन्य खेलों में अहम जीत हासिल की है पर हैरानी की बात है कि उसपर अधिक ध्यान नहीं दिया गया। बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में मिली 280 रनों की जीत के बाद क्रिकेटरों की तो खूब बातें हुईं पर फुटबॉल और मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में मिली रिकार्ड जीत पर किसी का भी ध्यान इन खिलाड़ियों की ओर नहीं गया। क्रिकेट के अलावा भारतीय जूनियर फुटबॉल टीम ने भूटान में आयोजित सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप में जीत दर्ज की है। इसमें भारतीय टीम ने ग्रुप ए में बांग्लादेश को 1-0 से पराजित किया। इसमें भारतीय टीम की ओर से डिफेंडर सुमित शर्मा ने अंतिम क्षणों में सिर से गोल दागकर टीम को जीत दिलायी। इस जीत से भारतीय टीम को तीन टीमों के ग्रुप में तीन अंक मिले हैं। वहीं भारत के संग्राम सिंह ने भी जॉर्जिया (अमेरिका) में हुई इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप के मिश्रित मार्शल आर्ट (एमएमए) में भारत को पहली जीत दिलायी। संग्राम ने पाकिस्तान के अली रजा निसार को केवल 90 सेकंड में हराया। यह 93 किग्रा वर्ग में किसी पहलवान की सबसे कम समय में जीत का भारतीय रिकॉर्ड है। यह भी पहली बार हुआ है कि एमएमए में भारत के किसी पुरुष रेसलर ने अपना पहला ही मुकाबला जीता है।

# बूमराह और ऋषभ बॉडर-गावस्कर ट्रॉफी में अहम भूमिका निभा सकते : इयान चैपल



सिडनी (ईएमएस)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर इयान चैपल ने कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत बॉडर-गावस्कर ट्रॉफी में अहम भूमिका निभा सकते है। चैपल के अनुसार इनके प्रदर्शन पर भारतीय टीम की जीत आधारित रहेगी। इसलिए इन दोनो का अपनी फिटनेस बनाये रखनी होगी। चैपल को लगता है कि भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबलों से भी अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा।
चैपल ने कहा, ''भारत की प्राथमिकता यही होगी कि उसके ज्यादातर खिलाड़ी फॉर्म में रहें और उन्हें कोई बड़ी चोट नहीं लगे। हालांकि सबसे ज्यादा जरूरी बात बुमराह और ऋषभ का फॉर्म में रहना और फिट बने रहना है। '' उन्होंने कहा, ''ऋषभ ने भयानक कार दुर्घटना के बाद जिस तरह से टेस्ट में वापसी की है, वह शानदार है। वह भारतीय बल्लेबाजी क्रम में अहम विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और अगर वह ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए फॉर्म में रहते हैं तो टीम का मनोबल बढ़ा रहेगा। ''
ऋषभ ने 2020-21 में भारत को ऑस्ट्रेलिया में पिछली सीरीज में मिली जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी थे। चैपल ने कहा, ''अगर पंत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं तो यह भारत के लिए अच्छा होगा क्योंकि वह ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों के लिए आदर्श विकेटकीपर हैं।'' उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में भारत के लिए अहम पहलू बुमराह की फिटनेस और फॉर्म होगी। बुमराह ने अगस्त 2023 में पीठ के निचले हिस्से में 'स्ट्रेस फ्रेक्चर' सर्जरी के बाद वापसी के बाद से अपना कार्यभार अच्छी तरह प्रबंधित किया है।



जर्मनी में लेवर कप टेनिस में जीत बाद टीम यूरोप के एलेकजेंडर ज्वेरेव ट्रॉफी के साथ खुशी जताते हुए।

## ऋषभ ने कहा कप्तान रोहित ने दिया था लंच तक का समय

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ मिली जीत के बाद खुलासा किया है कि कप्तान रोहित शर्मा ने उनको बल्लेबाजी के दौरान ही संकेत दे लिये थे कि लंच तक जितने रन बनाने हैं बना लो। उसके बाद पारी घोषित कर दी जाएगी। इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा ने पहली पारी के आधार पर मिली बड़ी बढ़त के बाद भी विरोधी टीम को फॉलोऑन ना देकर दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने इस पारी में शतक जमाया। जिसके बाद भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 287 रन बनाकर पारी घोषित की और बांग्लादेश को जीत के लिए 515 रन का मुश्किल लक्ष्य दिया।
बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में जीत हासिल करने के बाद ऋषभ ने कप्तान की इस रणनीति को बताया है। उन्होंने बताया कि वह और शुभमन इसी कारण तेजी से अपना शतक पूरा करना चाहते थे क्योंकि उनको कप्तान ने लंच तक का समय दिया था। इस बल्लेबाज ने कहा, जब हम लंच पर गए थे तो पारी घोषित करने की बात हो रही थी। उस समय कप्तान ने कहा कि , हम 1 घंटा और खेलेंगे। हसमें जिसको जितने रन बनाने हैं वो समझ ले।

## हरभजन से प्रेरित थे अश्विन, गेंदबाजी एक्शन की करते थे नकल

चेन्नई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि जब वह शुरुआत में भारतीय टीम में आये थे तो दिग्गज ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह की नकल करते थे। इस कारण ये था कि वह हरभजन ने प्रेरित थे और उन्हीं की तरह गेंदबाजी करना चाहते थे। इसके लिए वह हरभजन के गेंदबाजी एक्शन की नकल भी करते थे। उन्होंने कहा कि जब वह हरभजन की जगह पर भारतीय टेस्ट टीम में लिए गये तो लोगों को लगा कि वह किस प्रकार उनकी जगह ले पायेंगे। अश्विन ने कहा, मेरे लिए टीम में अपने को साबित करना बहुत बड़ी चुनौती थी। मैं जूनियर आयु वर्ग में उनके एक्शन को दोहराता था और गेंदबाजी करता था, इसलिए वे मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा थे। जब मैं उनकी जगह टीम में आया, तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि हम दोनों एक ही समय में एक साथ खेलेंगे, लेकिन ऐसा हुआ। इस बात को लेकर हमेशा संदेह रहता था कि मैं लाल गेंद वाले क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर पाऊंगा या नहीं, क्योंकि मैं आईपीएल से आया था।
अश्विन 750 अंतरराष्ट्रीय विकेटों का आंकड़ा हासिल करने के साथ ही मुथैया मुरलीधरन, शेन वॉर्न और अनिल कुंबले के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल चौथे स्पिनर बने हैं।उन्होंने कहा, लेकिन टेस्ट क्रिकेट एक ऐसा प्रारूप है जिसे मैं पसंद करता हूं और मैं हर दिन इसमें सुधार करना चाहता हूं। इस दौरान कई लोगों ने मेरी मदद की और मैं उसी कारण आज यहां तक पहुंचा हूं। अश्विन के नाम अब 522 टेस्ट विकेट हैं। अश्विन ने खुलासा किया कि टेस्ट क्रिकेट में पिछले कुछ वर्षों में उनकी गेंदबाजी और बल्लेबाजी कैसे विकसित हुई है। उन्होंने कहा, मैं ऐसा नहीं सोचता कि मैं वहां जाकर शतक बनाना चाहता हूं। मैं वास्तव में हर टेस्ट मैच में पांच विकेट लेने का लक्ष्य रखता हूं। लेकिन हाल के वर्षों में मेरी बल्लेबाजी पहले की तुलना में सरल हो गई है।

## भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 की रेस में सबसे आगे

मुम्बई (ईएमएस)। भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 की रेस में सबसे आगे है और उसके खिताबी मुकाबले में पहुंचने की पूरी उम्मीदें हैं। इसका कारण है कि अंक तालिका में भारतीय टीम शीर्ष पर बनी हुई है। बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम पहला टेस्ट जीत गयी है अगर वह ये सीरीज जीत जाती है तो नंबर एक स्थान पर उसकी दावेदारी और पक्की हो जाएगी।
टीम इंडिया की डब्ल्यूटीसी की पॉइंट्स प्रतिशत 71.66 तक बढ़ गई है, जिसमें 10 टेस्ट में 86 अंक हैं। वह पहले से ही तालिका में शीर्ष पर मौजूद थी और अब उसने ऑस्ट्रेलिया से 9.16 प्रतिशत की बढ़त बना ली है।
विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भारत और इंग्लैंड सीरीज से पहले खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम जून में इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। टेस्ट मैचों की ये सीरीज जून से अगस्त के बीच खेली जाएगी। इसका पहला मैच 20 जून से होगा। वहीं अंतिम टेस्ट मैच 31 जुलाई से शुरू होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड के पिछले दौरे में जीत के बेहद करीब पहुंचकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी थी। ऐसे में इस बार उसका लक्ष्य जीतना रहेगा। भारत ने 2021 में इंग्लैंड दौरे पर 2-1 की बढ़त बना ली थी पर तब कोरोना संक्रमकण के चलते सीरीज बीच में रोक दी गयी थी। बाद में सीरीज का बाकी बचा एकमात्र मैच खेला गया, जिसे इंग्लैंड ने जीता। इस तरह सीरीज 2-2 से बराबर रही थी। इस बार सीरीज 4 अगस्त को खत्म होगी। सीरीज का पहला मैच लीड्स में खेला जाएगा. दूसरा मैच बर्मिंघम और तीसरा मैच लॉर्ड्स में खेला जाएगा। सीरीज का चौथा मैच मैनचेस्टर और पांचवां मैच 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा।

## इस बार ऑस्ट्रेलिया के बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की संभावना : ग्रीन

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने कहा है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम साल 2014-15 के बाद पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की उम्मीद कर रही है। इसका कारण है कि टीम की तैयारियां अच्छी हैं। ग्रीन भी इसमें अपनी ओर से अधिक से अधिक योगदान देना चाहते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अच्छे प्रदर्शन से उत्साहित हैं और अब उनका लक्ष्य इसी प्रकार का प्रदर्शन भारत के खिलाफ होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में करना रहेगा। भारतीय टीम के हाथों पिछले एक दशक में उसे हर बार इस सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। ग्रीन ने कहा, ' मैं इस सीरीज में जितना संभव हो उतना अधिक योगदान देना चाहता हूं।



मैनचेस्टर में प्रीमियर लीग फुटबॉल में गोल दागते हुए मैनचेस्टर के इरलिंग।

# पूरन की आक्रामक पारी से त्रिनिदाद ने सेंट किट्स को 7 विकेट से हराया



जमैका (ईएमएस)। निकलस पूरन की आक्रामक पारी से त्रिनिदाद एंड टोबैगो ने सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रिआट्स को 7 विकेट से हरा दिया। इस मैच में त्रिनिदाद एंड टोबैगो ने 194 रनों के लक्ष्य को 1.3 ओवर पहले ही हासिल कर लिया। इस मैच में कप्तान आंद्रे फ्लेचर 93 और काइल मेयर्स के 60 रनों की सहायता से सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रिआट्स ने 4 विकेट पर 193 रन बनाए। इन दोनों ने 5.1 ओवर में ही 43 रन बना डाले। केसी कार्टी के आउट होने के बाद जेसन रॉय और निकलस पूरन ने विरोधी टीम के गेंदबाजों को जमकर पीटा। पूरन ने 43 गेंद पर 7 छक्के और 6 चौके लगाकर 93 रन बनाए। वहीं जेसन रॉय ने 34 गेंद में 6 चौकों और 4 छक्कों की सहायता से 64 रन बनाए। पूरन और रॉय कुल 11 छक्के लगाए। वहीं सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रिआट्स के गेंदबाज एनरिक नॉर्किया ने 47 और जेरमियाह लुईस दोनो ने भी इतने ही रन लुटा दिये। जोश क्लार्कसन ने 1.3 ओवर में ही 28 रन दे दिए।

# संक्षिप्त खबरें

## 25 के बाद दिल्ली में फिर शुरु होगा बारिश का दौर

नई दिल्ली (ईएमएस)। सितंबर के महीने में दिल्ली में जमकर बादल बरसे और बारिश ने अपना तय आंकड़ा पार कर लिया है। लेकिन वीकेंड से फिर धूप, गर्मी और उमस का मौसम दिखाई दिया। दरअसल, मौसम विभाग ने दो दिन बाद 25 सितंबर से एक बार फिर बारिश का अनुमान जताया हैं। हालांकि, ये बारिश हल्की होगी लेकिन तेज हवाओं के साथ फिर मौसम बदल सकता है। बता दें कि बारिश की रफ्तार थमने के बाद से दिल्ली का तापमान एक बार फिर बढ़ रहा है। मौसम का पूर्वानुमान लगाने वाली एजेंसी के मुताबिक, दिल्ली में सितंबर के महीने में पहले ही सामान्य से अधिक बारिश हो चुकी है। सफदरजंग बेस स्टेशन पर 183 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि सामान्य 123.4 मिमी होती है। अब 2 दिनों में दिल्ली-एनसीआर में बारिश होने की संभावना नहीं है। हालांकि, जल्दी ही बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक और मॉनसून प्रणाली बनने की संभावना है। इस मौसम प्रणाली के देश के मध्य भागों से गुजरने के बाद दिल्ली और आस-पास के इलाकों में 25 सितंबर के बाद किसी भी समय मॉनसून गतिविधि फिर से शुरू हो सकती है।

## रेलवे कर्मचारी साबिर ने रेलवे ट्रैक पर प्लांट किए 10 डेटोनेटर

### जांच एजेंसियां कर रहीं पूछताछ

बुरहानपुर (ईएमएस)। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में आर्मी की ट्रेन को ब्लास्ट करने की साजिश के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।साबिर नाम के आरोपी ने ही रेलवे ट्रैक पर 10 डेटोनेटर प्लांट किए थे। आरोपी साबिर खुद रेलवे कर्मचारी है। साबिर ने ऐसा क्यों किया इसकी जानकारी जांच एजेंसियां लग रही है। बुरहानपुर के नेपानगर में ट्रेन को बेपटरी करने की कोशिश वाली घटना 18 सितंबर की है। पटरी पर साबिर नाम के रेलवे कर्मचारी ने 10 डेटोनेटर लगाए थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद जांच एजेंसियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद एटीएस और एनआईए की टीम मौके पर पहुंच थी। भुसावल रेल मंडल के तहत आने वाले नेपानगर के सागफाटा स्टेशन के नजदीक का ये पूरा मामला है। जानकारी के मुताबिक, यह रेलवे के डेटोनेटर थे। इनका इस्तेमाल अक्सर फॉग के समय किया जाता है। इससे यह अंदाजा होता है कि आगे या सिग्नल अप्रोच कर रहा है या कोई ऑब्सटेकल है। इसमें आरडीएक्स या बारूद नहीं होता जिसे इनमें ब्लास्ट हो। इससे सिर्फ आवाज होती है जिससे ड्राइवर को यह अंदेशा हो जाता है कि आगे सिग्नल अप्रोच कर रहा है या ऑब्सटेकल है। अब एटीएस ने मामले में रेलवे कर्मचारी साबिर को गिरफ्तार किया है। साबिर ने ऐसा क्यों किया इस लेकर तमाम जांच एजेंसियां पूछताछ में जुटी हुई हैं। हालांकि मामला सेना से जुड़ा होने की वजह से गोपनीयता बरती जा रही है।

## राष्ट्रीय कैंसर संस्थान झज्जर के लिए 11 अतिरिक्त पद सृजित

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली एम्स ने हरियाणा के झज्जर स्थित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआई) के लिए सहायक प्रोफेसरों के 11 अतिरिक्त पद सृजित किए हैं। इसमें 5 पैथोलॉजी व माइक्रोबायोलॉजी के सहायक प्रोफेसरों के पद शामिल हैं। इन डॉक्टरों की नियुक्ति होने से एनसीआर में कैंसर मरीजों की जांच की सुविधा बेहतर होगी। इसके साथ ही पैलिएटिव केयर के डॉक्टरों की संख्या भी बढ़ेगी। इसके बाद पैलिएटिव केयर की सुविधा भी बढ़ेगी। मौजूदा समय में एनसीआई डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है।जिससे मरीजों को परेशानी हो रही है। पैथोलॉजी व माइक्रोबायोलॉजी के डॉक्टरों की कमी ज्यादा है। इस कारण एनसीआई से मरीजों के सैंपल जांच के लिए दिल्ली एम्स में लाने पड़ते हैं। इससे जांच में देरी होती है। डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए एम्स प्रशासन ने डॉक्टरों के नए पद सृजित किए हैं। जिसमें पैथोलॉजी विभाग के तीन व माइक्रोबायोलॉजी विभाग के दो सहायक प्रोफेसरों के पद शामिल हैं। इसके अलावा पैलिएटिव केयर के तीन, प्रिवेंटिव आंकोलाजी के एक, फिजिकल मेडिकल रेहैबिलिटेशन व बायोस्टेटिस्टि के एक पद शामिल है।

## खट्टर को लेकर खेड़ा का खुलासा कांग्रेस में आने को थे तैयार

चंडीगढ़ (ईएमएस)। हरियाणा में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। सियासी बयानबाजी के बीच सोमवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के बारे में दावा किया कि जब उन्हें सीएम की कुर्सी से हटाया गया तब वे बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल होना चाहते थे। उन्होंने कहा कि जल्द हमारे बड़ा नेता इस बात का खुलासा करने वाले है। हरियाणा में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस प्रवक्ता खेड़ा ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में खट्टर जब सीएम की कुर्सी से हटाए गए, तब उन्होंने हमारे बड़े नेता से संपर्क किया था। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के लिए। बहुत जल्द हमारे बड़े नेता इसका खुलासा करने वाले है। कांग्रेस नेता खेड़ा ने बीजेपी पर हमला कर कहा कि 10 साल बहुत लंबा समय होता है। चुनाव में वोट दो कारण से डालते हैं किसी को हराने और जिताने के लिए, लेकिन इस बार दोनों कारणों से वोट डलेगा। भाजपा को हराने और कांग्रेस को जिताने के लिए बटन दबेगा।

## राम मंदिर के मुख्य पुजारी का ऐलान, जितने भी तेल और घी बिक रहे उनकी जांच हो

अयोध्या (ईएमएस)। पूरे देश में तिरुपति बालाजी के प्रसाद में मिले मांस और चर्बी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। एक ओर जहां साधु संत नाराज हैं, वहीं दूसरी ओर इसकी जांच की मांग हो रही है। अब अयोध्या के राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बड़ा ऐलान कर दिया है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि देश में जितने भी तेल और घी बिक रहे हैं, उन सभी की जांच होनी चाहिए। राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य दास ने कहा, हमारे मठ मंदिरों को अपवित्र किया जा रहा है। हम देश के सभी मठ मंदिरों से अपील कर रहे हैं कि मठ मंदिरों में जो भी भोग लगाया जाए, वह मठ मंदिर के कर्मचारियों से ही प्रसाद को तैयार कराएं। उसके बाद भोग लगाए। इतना ही नहीं बाजार में जितने भी तेल और घी बिक रहे हैं, उन सभी की जांच होनी चाहिए। इन सभी चीजों में मिलावट है। इसकी जांच होने पर ही पता चलेगा शुद्ध क्या है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जितने भी मठ मंदिर हैं, उस मठ मंदिर में जो भी प्रसाद बाहर से आता है या फिर जो भी एजेंसी यह बनाती है। इस पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। जितने भी प्रसिद्ध मंदिर हैं वह अपने ही व्यवस्था से प्रसाद बनवाएं और उसका भोग लगाएं।

## ईवी उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने की तैयारी, पीएम ई-ड्राइव योजना लागू

नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट की ओर से देश में इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन बढ़ाने के लिए मंजूर की गई पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना में लोकल स्तर पर ईवी उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने का प्रोग्राम होगा। पीएम ई-ड्राइव योजना फेम स्कीम की जगह लेगी। इस योजना के लिए मोदी सरकार ने 10,900 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत देश में ईवी उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए चरणबद्ध मैन्युफैक्चरिंग कार्यक्रम (पीएमपी) लागू होगा। योजना के तहत, ईवी निर्माता, जो स्थानीय स्तर पर उपकरणों को सोर्स करते हैं, उन्हें घरेलू मूल्य संवर्धन आवश्यकता के बिना वित्तीय सहायता प्राप्त होगी। सब्सिडी पाने के लिए लोकल स्तर पर ईवी उपकरणों के पाट्र्स की असेंबली करनी होगी। हालांकि, आपूर्तिकर्ता पाट्र्स का आयात कर सकते हैं। इसके तहत सब्सिडी पाने के लिए कंपनियों को योजना की अधिसूचना जारी होने के छह माह के अंदर पीएमपी के नियमों का अनुपालन करना होगा। सब्सिडी पाने वाली कंपनियों को यह पुख्ता करना होगा कि ईवी उपकरण भारत में ही बने। रिपोर्ट में बताया गया कि 2025-26 में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए वित्तीय सहायता को कम कर 5,000 रुपये प्रति वाहन और तिपहिया वाहनों के लिए सब्सिडी घटाकर 25,000 रुपये प्रति वाहन कर दी जाएगी। रिपोर्ट में एक अन्य अधिकारी की ओर से बताया गया कि ईवी उपकरणों की आपूर्ति करने वाली कंपनी की मैन्युफैक्चरिंग सुविधा को वर्ष में दो बार इंस्पेक्शन किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री सैनी ने क्यों कहा, एक बार कांग्रेस का झूठ फैलेगा, बार-बार नहीं

ई दिल्ली (ईएमएस)। हरियाणा में जारी विधानसभा चुनाव के बीच एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिरकत की। सीएम सैनी ने सरकार के कामकाज से लेकर भाजपा की चुनावी रणनीति तक, खुलकर सवालों के जवाब दिए। सीएम सैनी ने कहा कि बीते 10 साल में बिना भेदभाव के हरियाणा में काम हुए हैं। मेरे पास सौ लोग आए, 50 के काम हुए और 50 पेंडिंग रहे, कल उन कामों को किया जाएगा। लोग भी इस बात को समझते हैं। हमारी मंशा, सोच है कि जो भी व्यक्ति हमारे यहां आए, उसका काम पूरा हो। इसके लिए हम डटकर प्रयास करते हैं। 10 साल में जमीन आसमान का अंतर नजर आएगा। सत्ता विरोधी लहर और लोकसभा चुनाव में पांच सीटों पर हार को लेकर सवाल पर सीएम सैनी ने कहा कि हमारी नीयत पर कोई सवालिया निशान नहीं है। कांग्रेस के समय लोगों की बात ही नहीं सुनी जाती थी, लोग घुमते रहते थे। सीएम सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं थी। बहुत बड़ा झूठ फैलाया गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दो साल पहले झूठ की स्क्रिप्ट लिखकर हिमाचल में उतारा। वहां दो साल सरकार के हुए हैं, एक लाख रोजगार से लेकर कैश तक, वादे अब तक पूरे नहीं हुए। सीएम सैनी ने कहा कि एक बार कांग्रेस का झूठ फैलेगा लेकिन बार-बार नहीं। इन्होंने ये झूठ फैलाया



कि तीसरी बार मोदी की सरकार बनती है,तब ये संविधान को खत्म कर देगी। आरक्षण को समाप्त कर देगी। राहुल गांधी ने अमेरिका में कहा कि कांग्रेस की सरकार आई तब हम आरक्षण खत्म कर देने वाले है। नेहरू से लेकर राजीव गांधी और इंदिरा गांधी तक ने आरक्षण का विरोध किया। विधानसभा चुनाव को लेकर सीएम ने कहा कि इस तरह की स्क्रिप्ट से बड़ा नुकसान हमारा हुआ है। कांग्रेस की रणनीति पर सीएम सैनी ने कहा कि हुड्डा साहब अभी हरियाणा में हिसाब मांगने निकले थे। हमने पूछा कि 10 साल सीएम रहे, कितने किसानों की फसल एमएसपी पर खरीदा, कितने किसानों को मुआवजा दिया। जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस से कांग्रेस के गठबंधन पर हुड्डा को कठघरे में खड़ा किया। सीएम सैनी ने अग्निवीर के मुद्दे पर कहा कि हमारी सरकार ने इसके लिए हर नौकरी में 10 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया है। जो अग्निवीर अपना बिजनेस करना चाहेगा, उन्हें आर्थिक मदद उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने फेरबदल करने को लेकर सवाल पर कहा कि समय के अनुसार फैसले लिए जाएंगे। सीएम ने कहा कि विनेश हमारी बेटी है हरियाणा की, जब विनेश को अयोग्य घोषित किया गया था तब मैंने कहा था कि हम पूरा सम्मान देने वाले है। कांग्रेस ने खिलाड़ियों के कंधे पर बंदूक रखकर निशाना साधा। विनेश ने हाल ही में दावा किया था कि उन्हें सरकार की ओर से अब तक कुछ नहीं मिला है। हरियाणा में मुख्यमंत्री बदलने के पीछे वजह बताने के सवाल पर सीएम सैनी ने कहा कि देश को अब मनोहरलालजी की आवश्यकता है। अब देश के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झूठ जल्दी फैल जाता है।नीचे आग नहीं होती है तभी धुआं ऊपर दिखता है।

## तवांग तीर्थ यात्रा में भारत की आत्मा रची-बसी हुई है

दिल्ली : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच के मार्गदर्शक डॉ. इन्द्रेश कुमार के मार्गदर्शन में संचालित मंच तिब्बत की आजादी, कैलाश मानसरोवर की मुक्ति, हिमालय की रक्षा, पर्यवरण की सुरक्षा एवं अन्य सम-सामयिक मुद्दों को लेकर अनवरत 25 वर्षों से कार्य कर रहा है। मंच अपनी सक्रियता, कार्यक्रमों



एवं जन-जागरण के माध्यम से नित नई उपलब्धियों के साथ आगे बढ़ता जा रहा है। उपलब्धियों की दृष्टि से मंच की बात की जाये तो तमाम उपलब्धियों के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, तवांग तीर्थ-यात्रा। तवांग तीर्थ-यात्रा को डॉ. इन्द्रेश जी ने वर्ष 2012 में प्रारम्भ किया था। इस वर्ष यात्रा 19 से 25 नवम्बर तक आयोजित होगी।

## चुनाव से पहले सरकार को किसानों का अल्टीमेटम, अनदेखी नहीं भूलेगा किसान

गुरुग्राम। किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के आह्वान पर पिपली अनाज मंडी में आयोजित किसान महापंचायत में पहुंचे किसान नेताओं ने सरकार पर उनकी अनदेखी का आरोप लगाया हैं। किसान नेताओं ने मंच से स्पष्ट किया कि इस अनदेखी को किसान कभी नहीं भूलेगा। इसके विरोध में तीन अक्टूबर को हरियाणा में किसान दो घंटे रेलवे ट्रैक रोक कर रोष जताएंगे। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के अध्यक्ष श्रवण सिंह पंधेर ने कहा कि किसानों द्वारा मांगों को लेकर आंदोलन के दौरान सरकार ने किसानों पर अत्याचार किए। किसान इसका बदला जरूर लेगा। उन्होंने राजनीतिक दलों को चेताया कि किसान भविष्य में एक होकर मजबूत लड़ाई लड़ने को तैयार है।

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

67वीं औपबंधिक सूची
जिला– जामताड़ा (पार्ट–6)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी छोटेलाल मराण्डी, बलदेव रवानी, सुशील कुमार पंडित, बड़ो सोरेन एवं चुनवा टुडू द्वारा माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू.के समक्ष आवेदन में दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 323. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–एहतेसामुद्दीन शेख , पिता–स्व0 अलाउद्दीन शेख<br>3. ग्राम–करमाटांड , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–होंठ पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 324. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–सरस्वती मराण्डी , पति–स्व0 सोमाई मुर्मू<br>3. ग्राम–रानीटांड , पोस्ट–रानीटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 325. | 1. आवेदन क्र0–<br>2. आवेदक–आलोक कुमार बास्की (आश्रित पौत्र), पिता–स्व0 निस्पति बास्की , दादा–परमेश्वर बास्की<br>3. ग्राम–रानीटांड , पोस्ट–रानीटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–29 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 326. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–पार्वती देवी , पति–स्व0 धनेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–रांगामटिया , पोस्ट–रानीटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 327. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–शनिचर सोरेन , पिता–स्व0 ज्ञान सोरेन<br>3. ग्राम–केन्दुवाटांड , पोस्ट–कुरुवा , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना जांघ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 328. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–पोचा सोरेन , पिता–लुबीन सोरेन<br>3. ग्राम–केन्दुवाटांड , पोस्ट–कुरुवा , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कान में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 329. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–मोलबी हाँसदा , पिता–लाल हाँसदा<br>3. ग्राम–केन्दुवाटांड , पोस्ट–कुरुवा , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 330. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–इन्तियाज अंसारी , पिता–अमीन मियाँ<br>3. ग्राम–केन्दुवाटांड , पोस्ट–कुरुवा , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कान में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 331. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–करीमुल हक , पिता–सिद्दिक मियाँ<br>3. ग्राम–फुकबंदी , पोस्ट–कुरुवा , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–89 वर्ष, पहचान चिन्ह–गला में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 332. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–शिवलाल टुडू , पिता–रूपन टुडू<br>3. ग्राम–फुकबंदी , पोस्ट–कुरुवा , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–78 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर बाल नही। | कंडिका–2(ix) |
| 333. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–मो0 मोबीन अंसारी , पिता–करमु मियाँ<br>3. ग्राम–फुकबंदी , पोस्ट–कुरुवा , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 334. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–दिनु मियाँ , पिता–लतीफ मियाँ<br>3. ग्राम–कुरुवा , पोस्ट–कुरुवा , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 335. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–जुमराती अंसारी , पिता–मो0 मुस्लिम<br>3. ग्राम–फिटकोरिया , पोस्ट–बगरूडीह , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 336. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–कुटु मियाँ , पिता–सहदुल मियाँ<br>3. ग्राम–ताराबहाल , पोस्ट–आमडीहा , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ मं छः अंगुली। | कंडिका–2(ix) |
| 337. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–मुकसेद अंसारी , पिता–सिराजुद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–बारदाहा , पोस्ट–कालाझरिया , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 338. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–कुदुस मियाँ , पिता–अयुब मियाँ<br>3. ग्राम–बारदाहा , पोस्ट–कालाझरिया , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कंधा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 339. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–सबरा खातुन , पति–मो0 मुस्ताक अंसारी<br>3. ग्राम–बारदाहा , पोस्ट–कालाझरिया , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 340. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–रूबीन सोरेन , पिता–परमेश्वर सोरेन<br>3. ग्राम–दुलदलई , पोस्ट–पट्टाजोरी , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 341. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–सफरूद्दीन मियाँ , पिता–खलील मियाँ<br>3. ग्राम–रूपडीह , पोस्ट–कोरीडीह–2 , थाना–नारायणपुर , प्रखण्ड–नारायणपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 342. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–मो0 दाऊद मियाँ , पिता–स्व0 अमीर मियाँ<br>3. ग्राम–रूपडीह , पोस्ट–कोरीडीह–2 , थाना–नारायणपुर , प्रखण्ड–नारायणपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 343. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–लक्ष्मण किस्कू , पिता–झरी किस्कू<br>3. ग्राम–पहाड़गोड़ा , पोस्ट–चापुड़िया , थाना–बिन्दापाथर , प्रखण्ड–फतेहपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 344. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–निरंजन यादव , पिता–स्व0 भोलानाथ यादव<br>3. ग्राम–धावा , पोस्ट–चापुड़िया , थाना–बिन्दापाथर , प्रखण्ड–फतेहपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–कमर में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 345. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–परेश प्रसाद यादव , पिता–स्व0 गुलाब प्रसाद यादव<br>3. ग्राम–पालोजोरी , पोस्ट–चापुड़िया , थाना–बिन्दापाथर , प्रखण्ड–फतेहपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में कटा दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 346. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–अजीत हाँसदा, पिता–दशरथ हाँसदा<br>3. ग्राम–सालपातड़ा , पोस्ट–तिलाकी , थाना–बिन्दापाथर , प्रखण्ड–फतेहपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 347. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–छोटेलाल हेम्ब्रम, पिता–स्व0 अविलाल हेम्ब्रम<br>3. ग्राम–सुगनीबासा , पोस्ट–गुहियाजोरी , थाना–बिन्दापाथर , प्रखण्ड–फतेहपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 348. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–शेख मुस्ताक , पिता–शेख अब्दुल गोनी<br>3. ग्राम–सुल्तानपुर , पोस्ट–सरसकुण्डा , थाना–नाला , प्रखण्ड–नाला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 349. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–सलीम जहाँगीर , पिता–अब्दुल कुदुस<br>3. ग्राम–पिचुरबील , पोस्ट–सरसकुण्डा , थाना–नाला , प्रखण्ड–नाला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 350. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–ताहिर मियाँ , पिता–स्व0 जुमराली मियाँ<br>3. ग्राम–सहरपुरा , पोस्ट–बैना , थाना–जामताड़ा , प्रखण्ड–जामताड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–कान में दाहिने तरफ तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 351. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–लतीफ मियाँ , पिता–खलील मियाँ<br>3. ग्राम–बैना , पोस्ट–बैना , थाना–जामताड़ा , प्रखण्ड–जामताड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 352. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–निमाई कोड़ा , पिता–योगेन्द्र कोड़ा<br>3. ग्राम–आसालिया , पोस्ट–पालाजुड़ी , थाना–कुण्डहित , प्रखण्ड–कुण्डहित<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–आंख के उपर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 353. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–दिगम्बर कोड़ा , पिता–सुरेन्द्र कोड़ा<br>3. ग्राम–आसालिया , पोस्ट–पालाजुड़ी , थाना–कुण्डहित , प्रखण्ड–कुण्डहित<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 354. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–लखीन्द्र हेम्ब्रम , पिता–भुतनाथ हेम्ब्रम<br>3. ग्राम–धोबना , पोस्ट–पालाजुड़ी , थाना–कुण्डहित , प्रखण्ड–कुण्डहित<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 355. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–चम्पा कोड़ा , पति–भरल कोड़ा<br>3. ग्राम–आसालिया , पोस्ट–पालाजुड़ी , थाना–कुण्डहित , प्रखण्ड–कुण्डहित<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 356. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–कमली मुर्मू , पति–कमलाकांत मुर्मू<br>3. ग्राम–सुद्राक्षीपुर , पोस्ट–सुद्राक्षीपुर , थाना–कुण्डहित , प्रखण्ड–कुण्डहित<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मो0 इम्तियाज खाँ एवं दुलाल राय द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 357. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–लालमोहन रजवार , पिता–स्व0 सलवी रजवार<br>3. ग्राम–करमाटांड , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह– बायां साईड सर पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 358. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–मजहरूल हक, पिता–मो0 हनिफ<br>3. ग्राम–करमाटांड , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 359. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–मो0 शरीफ अंसारी, पिता–मो0 सज्जाद मियां<br>3. ग्राम–करमाटांड , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 360. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–मो0 आरिफ अंसारी , पिता–मो0 मुरतजा अंसारी<br>3. ग्राम–करमाटांड , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां हाथ पर कटा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 361. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–अब्दुल हमीद, पिता–स्व0 युसुफ मियां<br>3. ग्राम–करमाटांड , पोस्ट–मंझलाडीह , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायां आंख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 362. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–पुष्पा देवी , पति–स्व0 सनतु मंडल<br>3. ग्राम–सकल पुर , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां तरफ पेट में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 363. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–मोलोनी हेम्ब्रम , पति–स्व0 हेमलाल हांसदा<br>3. ग्राम–सकल पुर , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 364. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–हसीना बीबी , पति–जमाल हुसैन<br>3. ग्राम–सकलपुर , पोस्ट–करमाटाँड , थाना–करमाटाँड , प्रखण्ड–करमाटाँड<br>4. लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–सर पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 365. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–नरेश पंडित , पिता–चुडुराम पंडित<br>3. ग्राम–सकलपुर , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–सर पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 366. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–कबीर हुसैन , पिता–स्व0 मतीन मियां<br>3. ग्राम–सकलपुर , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह– माथा पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 367. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–कुरबान अंसारी , पिता–युनुस मियां<br>3. ग्राम–सकलपुर , पोस्ट–करमा टांड, थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–सिर पर तिल निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 368. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–विजय रवानी , पिता–स्व0 देवकुमार रवानी<br>3. ग्राम–सकलपुर, पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–होठ पर तील का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 369. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–मो0 हुसैन , पिता–आजाद मियां<br>3. ग्राम–बरमुण्डी, पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 370. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–अबुल अंसारी , पिता–हलीम मियां<br>3. ग्राम–बरमुण्डी, पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायां आंख के उपर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 371. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–मो0 जाकीर हुसैन , पिता–मो0 चिरागुद्दीन<br>3. ग्राम–बरमुण्डी, पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 372. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–मो0 रहमत अंसारी , पिता–हलीम मियां<br>3. ग्राम–बरमुण्डी, पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 373. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–मो0 ताहारत , पिता–मो0 नौशाद मियां<br>3. ग्राम–बरमुण्डी, पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें आंख के सामने तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 374. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–शमशुद्दीन मियां , पिता–सबुर मियां<br>3. ग्राम–बरमुण्डी, पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आंख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 375. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–मो0 इरसाद अंसारी , पिता–मो0 सहीद मियां<br>3. ग्राम–बरमुण्डी , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर कटा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 376. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–अब्दुल रहमान , पिता–स्व0 ईस्लाम मियां<br>3. ग्राम–बरमुण्डी , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायां होठ के ऊपर तील का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 377. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–बीरू रजवार , पिता–पहलु रजवार<br>3. ग्राम–सहरजोरी , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–मुंह में चेचक का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 378. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–मनेजर रजवार , पिता–स्व0 सहदेव रजवार<br>3. ग्राम–सहरजोरी , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 379. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–लाल कृष्ण हेम्ब्रम , पिता–साहेब लाल हेम्ब्रम<br>3. ग्राम–उदयपुर , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–सर पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 380. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–पूरना मुर्मू , पिता–सुकुल मुर्मू<br>3. ग्राम–उदयपुर , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें आंख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 381. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–सुशील हेम्ब्रम , पिता–बरसा हेम्ब्रम<br>3. ग्राम–कबरी , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आंख के पास कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 382. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–एनुल अंसारी , पिता–स्व0 अमिनुर अंसारी<br>3. ग्राम–कुरवा, पोस्ट–कुरवा , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने कान के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 383. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–अब्दुल रहमान , पिता–स्व0 दाउद मियां<br>3. ग्राम–कुरूवा , पोस्ट–कुरूवा , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 384. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–सलाउद्दीन अंसारी , पिता–स्व0 अमिनुर रहमान<br>3. ग्राम–कुरूवा , पोस्ट–कुरूवा , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में टिका का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 385. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–फजलुर रहमान , पिता–स्व0 आमीनुर रहमान<br>3. ग्राम–कुरूवा , पोस्ट–कुरूवा , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 386. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–हलीम अंसारी , पिता–गुलाम अली अंसारी<br>3. ग्राम–केन्दुवाटांड , पोस्ट–कुरूवा , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 387. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–दिलखुश अंसारी , पिता–स्व0 असरफ मियां<br>3. ग्राम–फुकबन्दी , पोस्ट–कुरूवा , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह– दाहिने नाक पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | PR 336362 Home (24-25)_D | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

## पोषण माह के तहत उपायुक्त ने वृद्धाश्रम में किया पौधारोपण

# पर्यावरण को बचाना हमारी प्राथमिकता : उपायुक्त






### वृद्धाश्रम में उपायुक्त ने बुजुर्गों से मिलकर जाना उनका हालचाल

धनबाद। महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वाकांक्षी योजना पोषण माह अभियान के तहत उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर ने सबलपुर स्थित वृद्धाश्रम में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों को इस अभियान को जिला स्तर पर सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाना हमारी प्राथमिकता है, जिससे हमारा वातावरण शुद्ध रहेगा और हम स्वस्थ जीवन जी सकेंगे। मौके पर उपायुक्त वृद्धाश्रम में रह रहें सभी बुजुर्गों से मुलाकात कर सभी का हाल चाल जाना। इस दौरान उन्होंने उनकी समस्याओं के बारे में पूछा जिसपर बुजुर्गों ने एक एम्बुलेंस, चापानल एवं कुछ अलमारी की मांग उपायुक्त से की। उपायुक्त ने सभी बुजुर्गों को भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन जल्द ही आपकी सभी मांगों को पूरा करेगी।

बुजुर्गों ने बताया कि इस वृद्धाश्रम में उन्हें अच्छी तरह से खानपान कराया जाता है। साथ ही घर जैसे व्यवहार इस आश्रम में उन्हें मिलता है। सभी उनका अच्छे से ध्यान रखते हैं, समय-समय पर तरह-तरह की गतिविधियां खेल, भजन आदि से उन्हें काफी खुशियां मिलती है। उपायुक्त के वृद्धाश्रम आने पर बुजुर्गों ने उन्हें खूब आशीर्वाद और प्यार दिया। उपायुक्त ने कहा कि आप लोग यहां अच्छे से रह रहे हैं और खुश हैं यह अच्छी बात है, आपकी खुशी ज्यादा महत्वपूर्ण है। आपकी देखरेख में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं होगी, जिला प्रशासन आपकी हर मदद को आपके साथ हर वक्त खड़ा है।

मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, नियाज अहमद, डीआरडीए के, संतोष सिन्हा, डीआरडीए के कनीय अभियंता, मनोज कुमार मंडल, ओल्ड ऐज होम,सबलपुर धनबाद आश्रम के अध्यक्ष, मोहम्मद नौशाद गद्दी, आश्रम के सह सचिव, सुरेंद्र यादव, एस. एस हजरा, ओमकार मिश्रा समेत राष्ट्रीय मानव अधिकार भ्रष्टाचार निवारण भारत के सदस्य एवं कई अन्य मौजूद थे।

## सैकड़ो युवकों ने थामा कांग्रेस का दामन



धनबाद । सोमवार को बेकारबांध वार्ड नंबर 20 में कांग्रेस का बूथ कमेटी के अभियान को मजबूती के संदर्भ में धनबाद नगर कांग्रेस अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह के नेतृत्व में सैंकड़ों युवाओं ने कांग्रेस का दामन थामा। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने सभी को माला पहना कर सदस्यता ग्रहण कराया। ्री सिंह ने अपने संबोधन में नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा 100 कडोड़ के हेलीकॉप्टर में उड़ कर 5 कड़ोड की बी एम डबलू कार में चल कर लाखों रुपये के पंडाल में खड़े हो कर कहते हैं की मैं फकीर हुं, जब फकीर ऐसे होते हैं तो, अमीर कैसे होते हैं। ये जानना चाहता हूं। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष, रशीद राजा अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नवनीत नीरज, दिनेश सिंह, शशि यादव समेत अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष, मिर्तुञ्जय सिंह ने किया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसी नेताओं ने वार्ड नंबर 20 के मनोनीत वार्ड अध्यक्ष गोलू यादव और उपाध्यक्ष विश्वजीत सिंह को माला पहनकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं ने कहा की इस बार आगामी धनबाद विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का परचम लहराएगा।

# नोडल अधिकारीगण और राजभाषा संवर्ग कर्मियों के लिए प्रोत्साहन कार्यक्रम




धनबाद । सोमवार को मुख्यालय में राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत एक संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें निदेशक (कार्मिक) महोदय नेनोडल अधिकारीगण और राजभाषा संवर्ग कर्मियों को प्रोत्साहित किया। इस संवाद सत्र का उद्देश्य हिंदी भाषा के अधिकतम उपयोग को प्रोत्साहित करना और इसके क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों पर चर्चा करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक (कार्मिक) महोदय द्वारा सुप्रसिद्ध कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई, जिसके उपरांत 'रश्मिरथी' की प्रेरणादायक पंक्तियाँ प्रस्तुत की गईं। निदेशक महोदय ने सभी उपस्थितों को हिंदी भाषा के प्रति समर्पित रहने और इसे कार्यस्थल पर व्यापक रूप से लागू करने हेतु प्रेरित किया।इस सत्र में विभिन्न क्षेत्रों के नोडल अधिकारियों और हिंदी कैडर कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (कार्मिक) कुमार मनोज, महाप्रबंधक(सीटीपी) सुनील कुमार, महाप्रबंधक (कल्याण) सरोज पाण्डेय और विभागाध्यक्ष (प्रशासन) सुरेन्द्र भूषण सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभा का संचालन दिलीप कुमार सिंह ने किया।

कार्यक्रम का समापन हिंदी के उत्थान और राजभाषा की महत्ता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

# भारत कोकिंग कोल लिमिटेड अंतर क्षेत्रीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट आरंभ





धनबाद । सोमवार को ब्लॉक-II क्षेत्र के हरिना बगान कॉलोनी स्थित सुभाष भवन में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड अंतर क्षेत्रीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत महाप्रबंधक ब्लॉक-II क्षेत्र, अनूप कुमार रॉय तथा अपर महाप्रबंधक ब्लॉक-II क्षेत्र, कुमार रंजीव एवं महाप्रबंधक उत्खनन ब्लॉक-II क्षेत्र, ी राकेश कुमार सिन्हा द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत कर किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन महाप्रबंधक अनूप कुमार रॉय, अपर महाप्रबंधक, कुमार रंजीव, महाप्रबंधक उत्खनन, राकेश कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय प्रबंधक (वि एवं यां), आलोक कुमार, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, अनिल कुमार एवं निर्णायक मंडलियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

तदोपरांत सभी द्वारा कॉर्पोरेट गीत गाया गया। तत्पश्चात सभी क्षेत्रों से आए हुए विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा महाप्रबंधक महोदय के समक्ष परिचय दिया गया तथा महाप्रबंधक महोदय ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

# कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह का प्रतिनिधिमंडल कुसुंडा एरिया 6 के महाप्रबंधक से मिला




केंदुआ। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के वर्किंग प्रेसिडेंट अनुपमा सिंह के 21 सितंबर के अग्नि क्षेत्र के दौरे के तहत कुसुंडा क्षेत्र गोधर 25 नम्बर एटवाल बस्ती के प्रभावित 45 परिवारों से मिलकर महाप्रबंधक को दुरभाष से फोन कर समस्याओं से अवगत कराया। महाप्रबंधक ने सोमवार को पांच बजे का समय निर्धारित कर बुलाया। जिसके तहत आज अनुपमा सिंह के निर्देशानुसार आज प्रतिनिधि मंडल महाप्रबंधक के कार्यकाल में महाप्रबंधक प्रणव दास से मिलकर कुसुंडा क्षेत्र के अग्नि व भू-धंसान प्रभावित गोधर 25 नंबर एटवाल बस्ती में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थान में पुर्नवास तथा जब तक पुर्नवास नहीं हो जाता तब तक सुरक्षात्मक उपाय करते हुए जान माल की रक्षा की जाय।

अनुपमा सिंह ने कहा जमीन के नीचे लगी आग के कारण घरों में दरारें पड़ी हुई है। कई मकान ध्वस्त हो चुके हैं। घरों से गैस के रिसाव हो रहा है। भूसंधान एवं दरारे बढ़ती जा रही हैं। यहां के लोग बदहाली जिंदगी गुजरने पर विवश हैं। कोई अप्रिय घटना कभी भी घट सकती है। मामले को गंभीरता को देखते हुए तुरंत संज्ञान लिया जाए। प्रतिनिधि मंडल में अनुपमा सिंह के प्रतिनिधि सतपाल सिंह ब्रोका, संतोष सिंह चौधरी, जय प्रकाश चौहान, मनोज सिंह, दिनेश यादव, अन्नु पासवान, मनोवर हुसैन, गुड्डू खान, विक्की कुमार, विजय कुमार, वासिम खान, जुनैद खान, मंजु देवी, कोसल्या देवी, राजेश चौहान, नंदन चौहान आदि उपस्थित थे।

## आरएसपी कॉलेज झरिया में मनाया गया विनोद बिहारी महतो का जयंती

# झारखण्ड के डॉ अंबेडकर थे, बिनोद बाबू : डॉ. निलेश कुमार सिंह




बलियापुर, (धनबाद)। झारखंड के महान समाजसेवी और झारखंड राज्य निर्माण के पुरोधा, स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो, जिन्हें 'बिनोद बाबू' के नाम से जाना जाता है की जयंती आर.एस.पी. कॉलेज, झरिया में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बिनोद बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। इस कार्यक्रम का संचालन किसन कुमारी ने किया, जिन्होंने बिनोद बिहारी महतो के जीवन पर प्रकाश डाला, जबकि बीएड की छात्रा सफीना ने स्वागत भाषण दिया। बीएड विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ, श्याम किशोर प्रसाद ने बिनोद बाबू को झारखंड में समतामूलक समाज की स्थापना के अग्रणी नेता के रूप में याद किया। उन्होंने बताया कि बिनोद बाबू ने जीवनभर सामाजिक और आर्थिक भेदभाव को समाप्त करने के लिए संघर्ष किया। प्रो, रितेश रंजन ने कहा कि बिनोद बाबू हमेशा झारखंड के युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते रहेंगे। उनका प्रसिद्ध कथन 'पढ़ो और लड़ो' आज के समय में एक अमर वाक्य बन गया है। बीएड विभाग के प्रमुख, डॉ. उपेंद्र कुमार ने कहा कि बिनोद बिहारी महतो झारखंड निर्माण के पहले पंक्ति के नेता थे, जिन्होंने नए राज्य के निर्माण के आंदोलन को सशक्त बनाया।

इतिहास विभाग के प्रो. सुरेश सिंह मुंडा ने कहा कि बिनोद बाबू झारखंड के युवाओं के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेंगे। उन्होंने अपनी युवावस्था में ही झारखंड और उसकी संस्कृति के लिए अतुलनीय योगदान दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. निलेश कुमार सिंह ने बिनोद बाबू के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक योगदानों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने युवाओं से बिनोद बाबू के योगदानों पर शोध करने की अपील की ताकि भविष्य की पीढ़ियाँ उनसे प्रेरणा ले सकें। उन्होंने बिनोद बाबू की तुलना डॉ. अंबेडकर से की। कार्यक्रम में बीएड छात्र अंकित कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर प्रो. रजनी बारा, प्रो. रमेश सरदार, डॉ. अशोक कुमार चौबे, प्रो. एतवा टूटी, डॉ. रामचंद्र कुमार, प्रो. विजय कुमार विश्वकर्मा, डॉ. रूबी रंजन प्रसाद समेत कई प्राध्यापक, शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बीसीसीएल कप : खेल गांव, राँची में तृतीय पारा थ्रो बॉल चैंपियनशिप 2024 का आयोजन

### दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 10 राज्यों से महिला व पुरुषों की 20 टीमों ने लिया भाग





रांची। पैरा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा पैरा थ्रो-बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से खेलगांव रांची में तृतीय पैरा थ्रो बॉल राष्ट्रीय चैंपियनशिप-2024 का आयोजन किया गया। बीसीसीएल कप नाम से आयोजित इस दो दिवसीय इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता भारत भर के 10 राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली महिला और पुरुषों की 20 टीमों ने प्रतिनिधित्व किया। इस चैंपियनशिप में मेजबान झारखंड के अलावा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तराखंड, पुडुचेरी, तेलंगाना और जम्मू कश्मीर शामिल राज्यों की टीमों ने भाग लिया। खेलों को प्रोत्साहन देने की अपनी विशेष नीति के तहत बीसीसीएल द्वारा इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता को प्रायोजित किया गया। खेलगांव के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस टूर्नामेंट का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बीसीसीएल के निदेशक कार्मिक श्री मुरली कृष्ण रमैया ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भविष्य में बीसीसीएल ऐसे आयोजन को प्रायोजित कर गौरान्वित महसूस करेगा। इस तरह हम हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों का कुछ सहयोग कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सामान्य लोगों के लिए दिव्यांगजन तभी तक बेचारा है जब तक ये उनकी योग्यता और हुनर से रूबरू नहीं होते। आज हमारे पारा खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच झारखंड एवं कर्नाटक के बीच खेला गया। टूर्नामेंट के पहले दिन झारखंड के दोनों वर्गों की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की और अगले चरण में जगह बनायी. वहीं उत्तर प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, तमिलनाडु और राजस्थान को प्रथम चरण में एक जीत और एक हार का सामना करना पड़ा. इस असर पर पारा थ्रो बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. अल्बर्ट प्रेम कुमार, दिव्यांगजनों के लिए भारतीय खेल नियंत्रण बोर्ड की अध्यक्ष निर्मला रावत, झारखंड पारा ओलंपिक संस्था के अध्यक्ष राहुल मेहता, प्रमुख आयोजक और राष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी मुकेश कंचन के साथ ही काफी संख्या में खेल प्रेमी भी मौजूद रहे। आज अंतिम दिन के खेल समापन के बाद महिला वर्ग में झारखंड ने राजस्थान को 2-0 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया जबकि उत्तराखंड को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। वहीं पुरुष वर्ग का फाइनल भी झारखंड और राजस्थान के बीच खेला गया, जिसमें झारखंड की टीम राजस्थान को 3-1 से हराकर विजेता बनी। हरियाणा टीम तीसरे स्थान पर रही।

## नई साइडिंग में वर्चस्व कायम करने को लेकर दो गुटों में विवाद

### मामले में आरपीएफ इंसपेक्टर जांच करने पहुंचे



लोयाबाद। लोयाबाद रेलवे नई साइडिंग में बीती रात में वर्चस्व को लेकर दो गुट आमने-सामने हो गए थे। दोनों गुटों में जमकर नोकझोंक और एक दूसरे को देख लेने की धमकी भी दी थी। इस घटना का जांच करने आरपीएफ पुलिस सोमवार को घटना स्थल पहुँची।बताया जाता है कि सोमवार दोपहर समय भोजूडीह रेलवे के आरपीएफ पुलिस टीम ने रेलवे साइडिंग में हुई मामले की सुचना पाकर आरपीएफ इंसपेक्टर अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, जहां बीते देर रात को दो गुट में हुई मामले को लेकर निमियाटांड स्थानीय ग्रमीणों से उक्त घटना से सम्बंधित पूछताछ कर जांच पड़ताल किया।जिसके पश्चात रेलवे के भोजूडीह आरपीएफ पुलिस पुनः वापस चले गए।हालांकि इस मामले में अभी तक दोनों पक्षों की ओर से लोयाबाद थाने में लिखित शिकायत नहीं की है। परन्तु दोनों ओर से तनाव बना है। नई साईडिंग तथा नया काँटा घर में वर्चस्व को लेकर यहाँ कभी भी दोनों ओर से खुनी ठकराव हो सकता है। विदित हो कि शनिवार की देर रात को लोयाबाद साइडिंग में वर्चस्व कायम करने को लेकर दो गुट आमने सामने हो गये थे। इस दौरान दोनों गुटों के बीच जमकर नोकझोंक हुई थी। लेकिन पुलिस की तत्परता से बड़ी घटना टल गई।हालांकी लोयाबाद रेलवे स्टेशन के समीप नई साइडिंग में वर्चस्व कायम करने को लेकर क्षेत्र में तरह तरह के चर्चा हो रही है।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।